

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

■ रायपुर,गुरुवार 08 अगस्त 2024 ■ श्रावण शुक्ल पक्ष-4 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-132 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 09 अगस्त 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.


## संक्षेप

### पश्चिम बंगाल के पूर्व सीएम बुद्धदेव भट्टाचार्य का निधन

**कोलकाता,8 अगस्त।** पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री



बुद्धदेव भट्टाचार्य का निधन हो गया है। उन्होंने कोलकाता में अपने आवास में अंतिम सांस ली। वह 80 साल के थे। बुद्धदेव भट्टाचार्य लंबे समय से बीमार थे। उन्हें सांस लेने में दिक्कत थी, जिसकी वजह से उन्हें अस्पताल में भी भर्ती कराया गया था। उनके परिवार में उनकी पत्नी और एक बेटी है।

### अब कंगना ने की विनेश फोगाट की तारीफ

**नई दिल्ली,8 अगस्त।** भारतीय रेसलर विनेश फोगाट पर तंज कसने के एक दिन बाद ही भाजपा सांसद कंगना रनौत ने अब उनकी तारीफों के पुल बांधे हैं। पेरिस ओलंपिक 2024 में ऐतिहासिक उपलब्धि के बाद रेसलर विनेश फोगाट पर उनके पूर्व में किए गए प्रोटेस्ट को लेकर कटाक्ष करने वाली अभिनेत्री और बीजेपी सांसद कंगना रनौत ने अब विनेश की तारीफ की है। फाइनल मुकाबले से पहले विनेश के अयोग्य घोषित किए जाने के बाद वह उन्हें का समर्थन करती दिखीं। कंगना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर स्टोरीज के जरिये विनेश को अपना समर्थन देते हुए लिखा कि कैसे पूरा देश पहलवान का समर्थन कर रहा है। कंगना ने इस स्टोरी में एक तस्वीर के साथ एक मैसेज भी लिखा, ÷मत रो विनेश, आपके साथ खड़ा है पूरा देश। कंगना ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर भारतीय ओलंपिक संघ की प्रमुख पीटी उषा की विनेश से मुलाकात की तस्वीर भी पोस्ट की और उन्हें 'शेरनी' कहा है।

### राज्यसभा की 12 सीटों पर तीन सितंबर को उपचुनाव

**नई दिल्ली** . 9 राज्यों की 12 राज्यसभा सीटों के लिए 3 सितंबर को उपचुनाव होगा. निर्वाचन आयोग ने यह जानकारी दी. केंद्रीय मंत्रियों पीयूष गोयल, सर्बानंद सोनोवाल, ज्योतिरादित्य सिंधिया समेत मौजूदा कई अन्य सदस्यों के लोकसभा सदस्य निर्वाचित होने के बाद राज्यसभा की 10 सीट खाली हो गई थीं. वहीं तेलंगाना और ओडिशा की 2 सीटों के लिए भी उपचुनाव होगा. तेलंगाना में के. केशव राव ने BRS छोड़कर कांग्रेस में शामिल होने के बाद राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था, जबकि बीजद सांसद ममता मोहंता ने राज्यसभा और पार्टी दोनों से इस्तीफा दे दिया था. आयोग ने कहा कि राज्यसभा चुनाव के लिए अधिसूचना 14 अगस्त को जारी होगी. नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 21 अगस्त है. आयोग ने बताया कि प्रत्येक राज्यसभा सीट के लिए 3 सितंबर को अलग-अलग चुनाव होगा और उसी दिन चुनाव परिणाम भी घोषित कर दिए जाएंगे.

### महंगाई से फिलहाल आम आदमी को राहत नहीं

**मुंबई,8 अगस्त।** रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की बैठक हाल ही में हुई। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता में 6 अगस्त से 8 अगस्त तक बैठक हुई। इस बैठक के बाद शक्तिकांत दास ने बैठक के फैसलों की जानकारी दी। इस बीच दास ने स्पष्ट किया कि रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं किया गया है। ऐसे में ग्राहकों को अभी भी ईएमआई का बोझ कम होने का इंतजार करना होगा। दास ने बताया कि समिति के 6 में से 4 सदस्यों ने रेपो रेट बरकरार रखने के पक्ष में वोट किया। घरेलू विकास अच्छी स्थिति में है। इसके अलावा निवेश की गति भी अच्छी है। दास ने कहा कि मौद्रिक नीति समिति ने महंगाई पर नजर रखने का फैसला किया है। वैश्विक बाजारों में अस्थिरता देखी जा रही है। दुनिया भर में महंगाई गिर रही है।

# वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक लोकसभा में पेश

नई दिल्ली,8 अगस्त। मोदी सरकार ने संसद के मानसून सत्र में वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक लोकसभा में पेश कर दिया है। आज (8 अगस्त 2024) दोपहर 1 बजे अल्पसंख्यक मंत्री किरेन रिजिजू ने लोकसभा में वक्फ एक्ट संशोधन बिल को पेश किया। INDIA अलायंस और ओवैसी ने वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक का विरोध किया है। कांग्रेस ने इसे संविधान पर हमला करार दिया। वक्फ संशोधन विधेयक का हैदराबाद सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने विरोध किया है। उन्होंने कहा कि यह संविधान के बुनियादी ढांचे पर हमला है। वक्फ संशोधन बिल मनमाना और भेदभावपूर्ण है। वहीं सांसद सुप्रिया सुले ने विधेयक का विरोध करते हुए लोकसभा में पेश करने से पहले इसे स्थायी समिति के पास भेजने की मांग की। सुले ने कहा कि विधेयक को अधिक सिफारिशों के लिए स्थायी समिति के पास भेजा जाना चाहिए या एक संयुक्त संसदीय समिति बनाई जानी चाहिए। वहीं कांग्रेस सांसद हिबी ईडन ने वक्फ अधिनियम संशोधन विधेयक का विरोध किया है।

### वक्फ बिल के समर्थन में नीतीश की पार्टी

# यह मुसलमान विरोधी नहीं: ललन सिंह

**नईदिल्ली,8 अगस्त।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सहयोगी जनता दल (यूनाइटेड) वक्फ संशोधन विधेयक, 2024 पर सरकार का समर्थन किया है। यह पार्टी बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की है। जेडीयू सांसद और केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने वक्फ संशोधन विधेयक, 2024 का समर्थन करते हुए कहा कि इससे वक्फ बोर्ड में पारदर्शिता आएगी। लोकसभा में विधेयक पर चर्चा में भाग लेते हुए उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि यह विधेयक मस्जिद या मंदिर के बारे में नहीं है, बल्कि एक संस्था में पारदर्शिता लाने का प्रयास है।केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने विपक्ष पर पलटवार करते हुए कहा कि ये बिल मुसलमान विरोधी नहीं है। ये मंदिर की बात करते हैं, मंदिर की बात कहां से आ गई। उन्होंने कहा कि कोई भी संस्था जब निरंकुश होगी तो सरकार उस पर अंकुश लगाने के लिए, पारदर्शिता के लिए कानून बनाएगी। ये उसका अधिकार है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि पारदर्शिता होनी चाहिए और ये बिल पारदर्शिता के



लिए है। कांग्रेस पर वार करते हुए उन्होंने कहा कि ये अल्पसंख्यकों की बात करते हैं, सिखों का कत्लेआम किसने किया था। ललन सिंह ने कहा कि विपक्ष इसकी तुलना मंदिरों से कर रहा है, वे मुख्य मुद्दे से भटका रहे हैं। उन्होंने पूछा कि केसी वेणुगोपाल (कांग्रेस) को बताना चाहिए कि हजारों सिख कैसे मारे गए। किस टैक्सी ड्राइवर ने इंदिरा गांधी को मारा? अब वे अल्पसंख्यकों की बात कर रहे हैं। वक्फ बोर्डों को नियंत्रित करने वाले कानून में संशोधन करने के लिए पेश किए गए इस विधेयक में मौजूदा अधिनियम में दूरगामी बदलावों का प्रस्ताव है, जिसमें ऐसे निकायों में मुस्लिम महिलाओं और गैर-मुस्लिमों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करना शामिल है। वक्फ (संशोधन) विधेयक में वक्फअधिनियम, 1995 का नाम बदलकर एकीकृत वक्फ प्रबंधन, सशक्तीकरण, दक्षता और विकास अधिनियम, 1995 करने का भी प्रस्ताव है। अपने उद्देश्यों और कारणों के अनुसार, विधेयक बोर्ड की शक्तियों से संबंधित मौजूदा कानून की धारा 40 को हटाने का प्रयास करता है, जो यह तय करने के लिए है कि कोई संपत्ति वक्फ संपत्ति है या नहीं। यह केंद्रीय वक्फ परिषद और राज्य वक्फ बोर्डों की व्यापक संरचना का प्रावधान करता है और ऐसे निकायों में मुस्लिम महिलाओं और गैर-मुस्लिमों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करता है। विधेयक में बोहरा और अगाखानियों के लिए औकाफ के एक अलग बोर्ड की स्थापना का भी प्रस्ताव है। मसौदा कानून मुस्लिम समुदायों में शिया, सुन्नी, बोहरा, अगाखानियों और अन्य पिछड़े वर्गों के प्रतिनिधित्व का प्रावधान करता है।



# मुख्यमंत्री साय ने श्रम विभाग के 12 हितग्राहियों को सौंपे चेक

**रायपुर, 8 अगस्त।** मुख्यमंत्री निवास में आयोजित जनदर्शन में आज हजारों की तादाद में प्रदेशभर से लोग अपनी फरियाद लेकर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से मिलने पहुंचे हैं। रिमझिम फुहारों के बीच लोग पूरी उम्मीद और उत्साह के साथ मुख्यमंत्री श्री साय से मिल रहे हैं। इसी दौरान मुख्यमंत्री श्री साय ने छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल के तहत 12 हितग्राहियों को प्रतीकात्मक रूप से सहायता राशि के चेक सौंपे। ज्ञात हो कि आज की मुख्यमंत्री जनदर्शन कार्यक्रम के दौरान श्रम विभाग की ओर से 6 हजार 205 हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के तहत कुल 11 करोड़ 41 लाख 25 हजार 500 रूपये की सहायता राशि के चेक प्रदाय किए गए। इसमें मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना के तहत दो हजार 606 हितग्राहियों को 05 करोड़ 21 लाख 20 हजार रूपये, मिनीमाता महतारी जतन योजना के तहत दो हजार 593 हितग्राहियों को 05 करोड़ 18 लाख 60 हजार रूपये तथा मुख्यमंत्री नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना के तहत 827 हितग्राहियों को 15 लाख 66 हजार रूपये के चेक प्रदाय किए गए। इसी तरह मुख्यमंत्री श्रमिक सियान सहायता योजना के तहत 100 हितग्राहियों को 20 लाख रूपये के चेक, मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक आवास सहायता योजना के तहत 34 हितग्राहियों को 34 लाख रूपये, मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना के तहत 29 हितग्राहियों को 30 लाख 50 हजार रूपये तथा मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना के 16 हितग्राहियों को कुल एक लाख 29 हजार रूपये के चेक दिए गए।

## नितिन गडकरी के मुरीद हुए विपक्षी सांसद

### बोले- आप जैसे सब मंत्री हों तो उद्धार हो जाए देश का

**नई दिल्ली,8 अगस्त।** पश्चिम बंगाल के वर्धमान दुर्गापुर से लोकसभा सदस्य आजाद ने कहा, ''गडकरी जिस तरह से काम करते हैं, उसके लिए केवल में नहीं पूरा सदन उनका कायल हो जाएगा। बल्कि एक कदम आगे बढ़कर उन्होंने कहा कि अगर बाकी मंत्री भी ऐसे ही हो जाएं तो देश का उद्धार हो जाए।'' उनके इस बयान के बाद कई सदस्यों ने मेजें थपथपाईं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार में नितिन गडकरी ऐसे नेता और मंत्री हैं, जिनकी सराहना करने से विपक्षी दल के सांसद, विधायक और नेता नहीं हिचकिचाते हैं। उनकी छवि काम करने वाले मंत्री के तौर पर स्थापित हो चुकी है। आज गुरुवार को जब संसद की कार्यवाही चल रही थी तब विपक्षी खेमे के एक सांसद ने लोकसभा में उनकी खुलकर तारीफ की है। उन्होंने यहां तक कहा कि अगर इनके जैसे सभी मंत्री हो जाएं तो देश का उद्धार हो जाएगा। आपको बता दें कि तृणमूल कांग्रेस के सांसद कीर्ति आजाद ने केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के कार्यों की सराहना करते हुए लोकसभा में कहा कि अगर सरकार के सभी मंत्री उनकी तरह हो जाएं तो देश का उद्धार हो जाएगा। कीर्ति आजाद ने सदन में प्रश्नकाल के दौरान सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय से संबंधित पूरक प्रश्न पूछते हुए यह टिप्पणी की। पश्चिम बंगाल के वर्धमान दुर्गापुर से लोकसभा सदस्य आजाद ने कहा, ''गडकरी जिस तरह से काम करते हैं, उसके लिए केवल मैं नहीं पूरा सदन उनका कायल है।

# वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक पर जमीयत उलेमा ए हिंद और अखिल सूफी दरगाह परिषद में तकरार

**नई दिल्ली,8 अगस्त।** मोदी सरकार वक्फ बोर्ड में बड़े संशोधन करने जा रही है। केंद्र सरकार आज (8 अगस्त) वक्फ एक्ट संशोधिन बिल संसद भवन में पेश कर सकती है। इससे पहले पिछले दिनों हुई कैबिनेट की बैठक में वक्फ अधिनियम में 40 संशोधन के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी थी। वहीं वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक पर जमीयत पर उलेमा ए हिंद और अखिल सूफी दरगाह परिषद आमने-सामने आ गई है। जमीयत पर उलेमा ए हिंद ने जहां वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक का विरोध किया है। वहीं अखिल सूफी दरगाह परिषद ने मोदी सरकार के फैसले का स्वागत किया है। वक्फ एक्ट में संशोधन करने से पहले जमीयत उलेमा ए हिंद के अरशद मदनी ने मोदी सरकार को खुली धमकी दी है। मदनी ने कहा कि सरकार यह बात अच्छी तरह जानती है कि मुसलमान हर नुकसान बर्दाश्त कर सकता है, लेकिन अपनी शरीयत में कोई हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं कर सकता।

मदनी ने आरोप लगाया कि जब से केंद्र में बीजेपी की सरकार आई है तब से मुसलमानों के खिलाफ नए-नए कानून ला रही है। उन्होंने एनडीए के दूसरे दलों पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा है कि इन संशोधनों से केंद्र सरकार वक्फ संपत्तियों की स्थिति और स्वभाव को बदल देना चाहती है, ताकि उन पर कब्जा करके मुस्लिम वक्फ की स्थिति को समाप्त करना आसान हो जाए। वहीं भारत के सूफियों की एक बड़ी संस्था, ऑल इंडिया सूफी सज्जादानशीन काउंसिल ने संसद में पेश होने वाले प्रस्तावित वक्फ संशोधन विधेयक का समर्थन किया है। हालांकि इसके साथ ही उन्होंने दरगाहों को संचालित करने के लिए एक अलग अधिनियम की मांग की है। बता दें कि परिषद ने सोमवार को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू से भी मुलाकात की और संशोधनों के लिए अपना समर्थन दिया।

## अनवर ढेबर को ईडी उप्र से रायपुर लाई

**रायपुर,8 अगस्त।** छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित 2 हजार करोड़ से अधिक के शराब घोटाले के मुख्य आरोपी अनवर ढेबर और अरुणपति त्रिपाठी को लेकर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) आज रायपुर पहुंची. शराब घोटाला और नकली होलोग्राम प्रकरण की पूछताछ करने के लिए मेरठ जेल से अनवर ढेबर और एपी त्रिपाठी को रायपुर लाया गया है. आरोपियों को आज कोर्ट में पेश किया जाएगा. ईओडब्ल्यू ने शराब घोटाले में अनवर को गिरफ्तार कर पूछताछ के बाद न्यायिक रिमांड पर रायपुर जेल भेजा था. इस बीच हाई कोर्ट से जमानत के बाद 19 जून को जेल से अनवर के बाहर आते ही उप्र एसटीएफ की टीम प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई थी. वहीं, न्यायिक रिमांड पर जेल भेजे गए एपी त्रिपाठी को भी साथ लेकर गई थी, जहां दोनों मेरठ जेल में बंद थे. दोनों आरोपियों के अलावा अन्य के खिलाफ भी नोएडा में नकली होलोग्राम का केस दर्ज है. इसी केस में पूछताछ के सिलसिले में प्रोडक्शन के आधार पर अनवर ढेबर को रायपुर लाया गया है. न्यायालय से रिमांड मिलने के बाद प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) दोनों से पूछताछ करेगी. दोनों को मेरठ के जिस जेल से लाया गया है, वहां लगाए गए सीसीटीवी कैमरा, वाइस रिकार्डर और जीपीएस की निगरानी अधिकारी कर रहे हैं. छत्तीसगढ़ में शराब घोटाला करीब 2500 करोड़ रुपये का है. 2019 से 2022 तक राज्य में नकली होलोग्राम लगाकर अवैध तरीके से शराब घोटाला किया गया है. ईडी के डर से ही नकली होलोग्राम, डिस्टलरियों को वितरण, खाली बोतल और अवैध शराब की बिक्री के माध्यम से राज्य सरकार को करीब 2500 करोड़ रुपये की आर्थिक क्षति पहुंचाई है.

# टक्कर के बाद यात्रियों से भरी बस-ट्रेलर 20 फीट गहरी खाई में गिरे

**कोरबा,8 अगस्त।** तारा घाटी के पास मोरगा चौकी क्षेत्र में यात्रियों से भरी बस और ट्रेलर वाहन के बीच जबरदस्त भिड़ंत हो गई. इस हादसे के बाद दोनों



वाहन 20 फीट गहरी खाई में जा गिरे. घटना के बाद मौके पर हड़कंप मच गया और यात्रियों में चीख-पुकार मच गई. हादसे में करीब एक दर्जन से अधिक यात्रियों के घायल होने की खबर है. कुछ लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं. वहीं बस में एक युवती फंसी हुई है, जिसका रेस्क्यू किया जा रहा है. जानकारी के अनुसार, तारा घाटी के पास 35 यात्रियों से भरी बस और ट्रेलर में भिड़ंत हो गई. टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहन 20 फीट गहरी खाई में जा गिरे. खाई में गिरने के बाद ट्रेलर वाहन बस के ऊपर गिर गया, जिससे कई यात्री बस के अंदर फंस गए. घटना की सूचना मिलते ही मोरगा चौकी प्रभारी नवीन पटेल अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और यात्रियों को बाहर निकालने का काम शुरू किया. हादसे में 12 लोगो को चोंटे आई है, जबकि तीन गंभीर रूप से घायल हैं. घायलों को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया है. वहीं बस के अंदर एक युवती फंसी हुई है, जिसे बाहर निकालने के लिए गैस कटर और अन्य उपकरणों का उपयोग किया जा रहा है. चौकी प्रभारी नवीन पटेल ने बताया कि रेस्क्यू ऑपरेशन अभी भी जारी है और युवती को सुरक्षित निकालने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं.

### वार्ड परिसीमन पर रोक लगाने महापौर ढेबर पहुंचे न्यायालय

**बिलासपुर,8 अगस्त।** रायपुर नगर निगम के वार्डों के परिसीमन के लिए नगर निगम व जिला प्रशासन द्वारा अपनाई गई प्रक्रिया को चुनौती देते हुए मेयर एजाज ढेबर ने हाईकोर्ट में याचिका लगाई है. याचिका में परिसीमन पर रोक लगाते हुए पूर्व की तरह चुनाव कराने की मांग की है. याचिका की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने राज्य शासन को नोटिस जारी जवाब मांगा है. रायपुर नगर निगम के महापौर एजाज ढेबर ने पूर्व महाधिवक्ता व सीनियर एडवोकेट सतीश चंद्र वर्मा के जरिए हाई कोर्ट में याचिका दायर कर वार्डों के परिसीमन को चुनौती दी है. याचिका में कहा गया है कि राज्य शासन ने वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर परिसीमन की प्रक्रिया को पूरा करने का निर्देश दिया है.

# राहुल गांधी को पाकिस्तान ने गिफ्ट में दिया आम

**नई दिल्ली,8 अगस्त।** भारत में एक बार फिर से 'आम राजनीति' शुरू हो गई है। दरअसल इसके पीछे का कारण मीडिया रिपोर्ट्र्स हैं, जिसमें ये बताया गया है कि कांग्रेस सासंद राहुल गांधी समेत सात विपक्षी लोकसभा सांसदों को पाकिस्तानी उच्चायोग की तरफ से आम भेजा गया है। खबर बाहर आते ही बीजेपी ने राहुल गांधी और कांग्रेस को लपेटे में ले लिया। भाजपा ने राहुल गांधी पर पाकिस्तान से 'नापाक रिश्ते' रखने का भी आरोप लगाया है। दरअसल लोकसभा में नेता विपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी समेत सात सांसदों को दिल्ली में मौजूद पाकिस्तान के उच्चायोग से पेटियों में भरकर आम मिला है। कई मीडिया रिपोर्ट्र्स में इसका दावा किया गया है। बीजेपी ने भी ऐसा ही दावा करते हुए राहुल गांधी को निशाने पर लिया है। पार्टी के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है कि राहुल को पाकिस्तान से आम मिले हैं। पड़ोसी मुल्क के साथ उनके नापाक रिश्ते हैं। गिरिराज सिंह ने कहा कि राहुल गांधी के पाकिस्तान के साथ नापाक रिश्ते हैं। उन्होंने कहा, ÷मैं देश को बताना चाहता हूं कि राहुल गांधी ने कुछ समय पहले कहा था कि यूपी का आम उन्हें अच्छा नहीं लगता है। पाकिस्तान के दूतावास ने उन्हें आम भेजा है। पाकिस्तान के आम के साथ-साथ उन्हें क्या-क्या चीजें अच्छी लगती हैं, राहुल गांधी को बताना चाहिए। क्या वह पाकिस्तान से मोदी को हटाने के लिए नया (तरीका) मांगने गए हैं. पाकिस्तान से इनके नापाक रिश्ते हैं। मीडिया रिपोर्ट्र्स में दावा किया गया है कि राहुल गांधी के अलावा राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल और तिरुवनंतपुरम सांसद और कांग्रेस नेता शशि थरूर को भी आम भेजे गए हैं। समाजवादी पार्टी के रामपुर से सांसद मोहिबुल्लाह नदवी, संभल सांसद जिया-उर-रहमान बर्क, कैराना सांसद इकरा हसन और गाजीपुर सांसद अफजाल अंसारी को भी पाकिस्तानी उच्चायोग ने गिफ्ट में आम भेजा है. अभी तक इस संबंध में कोई भी आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राहुल गांधी के पाकिस्तान के साथ नापाक रिश्ते हैं। उन्होंने कहा, मैं देश को बताना चाहता हूं कि राहुल गांधी ने कुछ समय पहले कहा था कि यूपी का आम उन्हें अच्छा नहीं लगता है। पाकिस्तान के दूतावास ने उन्हें आम भेजा है।

### आधुनिक ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेल, पेरिस : 2024, विनेश के खिलाफ षडयंत्र की आशंका

jasclaudius@gmail.com

# जाने-अनजाने चूक से भारत पदक से वंचित

✍ **जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

7 अगस्त 2024 का दिन भारत के खेल इतिहास का एक सनसनीखेज दिन बनकर रह गया। 6 अगस्त को 50 किलोग्राम वजन वर्ग में लगातार तीन मैच में अपनी प्रतिद्वंद्वियों को पछाड़ने वाली विनेश फोगाट के लिए 7 अगस्त की सुबह एक ऐसी अविस्मणीय घटना को जन्म दे गई जिसने उसके सपनों को तार-तार कर दिया। भारत की किसी बिटिया के द्वारा कुश्ती के खेल में स्वर्ण पर कब्जा जमाने की दहलीज पर खड़ी विनेश फोगाट के लिए पूरा देश अपने-अपने ईष्ट देवता से प्रार्थना कर रहा था फिर जब भारत के प्रत्येक सच्चे खेल प्रेमियों की निगाहें विनेश के ओलंपिक विजेता-उपविजेता के लिए होने वाले मुकाबले की ओर बेसब्री से लगी हुई थी विनेश के परिजन, मित्र, प्रशिक्षक, प्रोत्साहन देने वाले सभी के दिल की धड़कन बढ़ती जा रही थी तभी 7 अगस्त बुधवार के दिन प्रातः 11 बजे से 11:30 बजे के बीच एक ऐसा ब्रेकिंग न्यूज इलेक्ट्रानिक मीडिया, सोशल मीडिया में छा गया जिसकी किसी ने उम्मीद नहीं की थी। ओलंपिक खेलों में कुश्ती का संचालन कर रही समिति ने विनेश फोगाट का वजन अपने वजन वर्ग 50 किलोग्राम से 100 ग्राम अधिक याने 50 किलो 100 ग्राम पाया और उन्हें फायनल खेलने के अयोग्य घोषित कर दिया। यह समाचार जब तक पेरिस ओलंपिक के कुश्ती खेल परिसर, खेल ग्राम से होते हुए भारत पहुंचा तब पूरा देश स्तब्ध रह गया। विनेश तो यह जानकार बेसुध हो गई। 25 अगस्त 1994 को जन्मी हरियाणा के चरखी दादरी जिले से आने वाली विनेश के चाचा महावीर सिंह फोगाट ने उन्हें कुश्ती के दांव सिखाएं। विनेश ने 8-9 वर्ष की उम्र से कुश्ती को अपना कैरियर बनाने की ठानी और 19 वर्ष की उम्र में नई दिल्ली में सम्पन्न 2013 के एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में 51 किलोग्राम वजन वर्ग में कांस्य पदक जीतकर कुश्ती में लड़कियों के भाग लेने के मार्ग को प्रशस्त किया। इसके बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा और अपने अब तक के कैरियर में एशियाई खेल, राष्ट्रमंडल खेल, विश्व तथा एशियाई चैंपियनशिप के साथ राष्ट्रमंडल कुश्ती चैंपियनशिप में दो स्वर्ण, दो रजत, तीन कांस्य पदकों पर विभिन्न वजन वर्ग यथा 48 किग्रा 50, 51, 53 किलोग्राम वर्ग में पदक जीता। जिस प्रकार किसी भी खिलाड़ी का बहुखेल की सबसे प्रतिष्ठित स्पर्धा ओलंपिक खेलों में पदक जीतने का लक्ष्य होता है वही विनेश का भी है। हालांकि वह इस दिशा में आगे बढ़ी तथा 2016 के रियो और 2020 के टोक्यो ओलंपिक में भी अपना दावा प्रस्तुत किया परंतु कामयाबी नहीं मिली। 2016 रियो ओलंपिक के क्वार्टर फायनल वे चोटिल हो गई जिसके कारण उनका आपरेशन कराना पड़ा। मैट में वापस आने के लिए उन्हें पांच माह का इंतजार करना पड़ा। 2020 टोक्यो ओलंपिक में उनका खेल साधारण रहा। 2024 पेरिस में विनेश अपने सपनों के महल पर पहुंचने वाली थी परंतु आज 50 किग्रा से 100 ग्राम वजन अधिक होने के कारण उनका सपना बिखर गया। अब प्रश्न यह उठता है कि विनेश के साथ जो कुछ हुआ क्या वह नासमझी से हुआ या फिर षड़यंत्र की शिकार हुई। विनेश बहुत ही साहसी और संघर्षशील पहलवान रही है। कम उम्र में ही उनके पिता स्व. राजपाल का साया उनके सिर से उठ गया था। अतः सच्चाई के लिए वह समाज, प्रशासन, खेल संघ से जूझने से कभी पीछे नहीं हटीं। जनवरी 2023 में नई उभरती युवा महिला पहलवानों के विरुद्ध हो रहे शोषण,अन्याय के खिलाफ आवाज उठाई और आखिरकार भारतीय कुश्ती संघ के तत्कालीन पदाधिकारियों को पद से हटना पड़ा। जिसमें भारत के कई प्रसिद्ध पुरुष व महिला पहलवानों जैसे साक्षी मलिक, बजरंग पूनिया आदि ने उनका साथ दिया। इन सब परिस्थिति को ध्यान में रखते हुए इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि किसी न किसी दृष्टिकोण से विनेश का वजन 50 किग्रा से अधिक होने में जो लोग विनेश की उपलब्धि से नाखुश हो रहे थे उनका प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष कृत्य हो सकता है। ऐसे किसी षडयंत्र की संभावना इसलिए लगती है जब भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व या वर्तमान पदाधिकारियों, कुश्ती प्रशिक्षकों, चिकित्सकों, भूतपूर्व पहलवानों को जो पेरिस 2024 में भारतीय प्रतिनिधिमंडल में शामिल थे उन्होंने विनेश के वजन को 50 किलो के नीचे लाने का रातभर प्रयास करते रहे परंतु क्या उन्हें मालूम नहीं था कि अगर वे विनेश को चोटिल घोषित कर देते क्योंकि विनेश 2017 और 2020 में खेल के दौरान घायल हो चुकी थी तब कुश्ती संघ के नियम के अनुसार चोटिल पहलवान को वजन के लिए नहीं आना पड़ता और विनेश को अयोग्य घोषित नहीं किया जा सकता तब तक फायनल मैच होता जिसमें विनेश अनुपस्थित रहती और उन्हें रजत मिलता।

## नेपाल में क्रैश हुआ हेलीकॉप्टर, पांच की मौत

**काठमांडू,8 अगस्त।** नेपाल के नुवाकोट जिले में एयर डायनेस्टी हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया है. एसपी शांतिराज कोइराला ने इस हादसे की पुष्टि की है. स्थानीय रिपोर्टों के अनुसार, यह हेलीकॉप्टर दुर्घटना नुवाकोट जिले के शिवपुरी में हुआ है. इस हादसे में कम से कम चार लोगों के मारे जाने की आशंका है. हेलीकॉप्टर काठमांडू से रवाना हुआ था और दुर्घटना के समय स्याफ्रुबेन्सी जा रहा था. त्रिभुवन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के सूत्रों के मुताबिक, हेलीकॉप्टर में पांच लोग सवार थे. इनमें तीन यात्री, एक विदेशी नागरिक और पायलट शामिल था.

## राजनीतिक आंदोलनों से सम्बंधित 46 प्रकरणों की समीक्षा

**रायपुर,8 अगस्त,।** उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा की अध्यक्षता में बीते दिनों विशुद्ध रूप से राजनीतिक आंदोलनों से सम्बंधित दर्ज अपराधों पर मंत्रिपरिषद की उपसमिति की बैठक निवास कार्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक में मंत्रिपरिषद के उप समिति के सदस्य कृषि मंत्री श्री राम विचार नेताम, एवं महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े उपस्थित रहे। मंत्रिपरिषद उपसमिति की बैठक में विभिन्न जिलों से प्राप्त विशुद्ध रूप से राजनीतिक आंदोलनों से सम्बंधित 137 दर्ज प्रकरणों में से 46 प्रकरणों की आज समीक्षा की गई। मंत्रिपरिषद उपसमिति द्वारा इन अनुशंसाओं को मंत्रिपरिषद के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत करेगी, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## विनेश फोगाट ने किया संन्यास का ऐलान

**पेरिस,8 अगस्त।** पेरिस ओलंपिक 2024 में भारत की महिला रेसलर एथलीट विनेश फोगाट को गोल्ड मेडल मैच से ठीक पहले 7 अगस्त को डिस्क्वालीफाई कर दिया गया था। विनेश का उनके मेडल मैच से ठीक पहले 100 ग्राम वजन तय सीमा से अधिक था जिसके बाद मैच अधिकारियों ने उन्हें अयोग्य करार दे दिया था। विनेश ने पेरिस ओलंपिक में महिला 50 किलोग्राम फ्रीस्टाइल रेसलिंग के इवेंट में हिस्सा लिया था। विनेश इस फैसले के बाद अस्पताल में भी भर्ती हो गईं थी।

# हेमचंद विश्वविद्यालय के द्वितीय दीक्षांत समारोह में शामिल हुए राज्यपाल और सीएम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई,8 अगस्त।** हेमचंद विश्वविद्यालय का दूसरा दीक्षांत समारोह बुधवार को आयोजित किया गया । समारोह में नए राज्यपाल रमेन डेका और सीएम विष्णु देव साय क्षेत्रीय विधायक गजेन्द्र यादव ललित चंद्राकर रिकेश सेन की मौजूदगी में सम्पन्न हुआ दीक्षांत समारोह का ये पूरा कार्यक्रम बीआईटी कॉलेज में सम्पन्न हुआ। दीक्षांत समारोह में विभिन्न सत्रों की परीक्षाओं में छात्रों को स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा, पात्रोपधि के लिए उपाधि और स्वर्ण पदक प्रदान किया.कार्यक्रम की शुरुवात कुलगीत के साथ दीप प्रज्वलित कर विधिवत पूजा अर्चना के साथ किया गया स्वागत भाषण कुलपति ने दिया। छात्रों को बांटे स्वर्ण पदक दीक्षांत समारोह में रिसर्च के क्षेत्र में पीएचडी की उपाधि हासिल करने वाले 68और गोल्ड मेडल के 48 छात्रों को सम्मानित किया गया. सम्मानित होने वाले सभी छात्रों को मुख्य अतिथि स्वर्ण पदक देकर उनका हौसला बढ़ाया. कार्यक्रम में जो छात्राएं शामिल हुए भारतीय परिधान उनको कोसे के रंग की साड़ी और छात्रों के लिए



सफेद कुर्ता और पायजामा अनिवार्य किया गया था . कुर्ते पायजामे के साथ पगड़ी लगाकर छात्र गोल्ड मेडल हासिल किया । नए राज्यपाल रमेन डेका ने समारोह में अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए कहा कि मुझे द्वितीय दीक्षांत समारोह में शामिल होते हुए बेहद खुशी हो रही है. उन्होंने स्वर्ण पदक एवं उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को बधाई । राज्यपाल रमेन डेका ने कहा कि आपकी महत्वपूर्ण उपलब्धियां आपके कठिन परिश्रम, समर्पण, आपकी शैक्षणिक उत्कृष्टता का प्रमाण है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने दीक्षांत* समारोह को संबोधित करते हुए स्वर्ण पदक एवं उपाधि हासिल करने वाले विद्यार्थियों को बधाई और उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी. साय ने कहा, मुझे प्रसन्नता है कि हमारे दुर्ग जलि का हेमचंद यादव विश्वविद्यालय अपने अकादमिक और शैक्षणिक गतिविधियों के साथ नित नई ऊंचाइयों को छू रहा है 09 वर्ष एक छोटे से अंतराल में बहुत बड़ी उपलब्धि हासिल किया है विश्वविद्यालय से उपाधि प्राप्त करने वाले जितने भी स्नातक, परास्नातक और शोध करने वाले छात्र हैं, वे अपने कार्यों के माध्यम से न सिर्फ विश्वविद्यालय को बल्कि समाज और राष्ट्र को लाभान्वित करके अपने अभिभावकों और अपने गुरुजनों को गौरवान्वित करने का कार्य करेंगे। सीएम ने आगे कहा कि ÷विकसित भारत, समृद्ध भारत की संकल्पना पर आधारित है. विकसित भारत संकल्पना के जरिए क्षेत्र के सभी नागरिकों को अपनी क्षमता के अनुसार विकास करने के अवसर प्रदान किए जाएंगे सभी लोगो को शिक्षा का अवसर प्रदान कर अपने सामाजिक सरोकारों के उद्देश्य को भी पूरा कर रहा है. समारोह में कुलपति डा अरुणा पलटा द्वारा पीएचडी छात्रों को उपाधि प्रदान की गई. इस उपाधि के आचार एवं गौरव की रक्षा करने के संदेश दिए गए 7 सचिव शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास नई दिल्ली डा अतुल कोठारी ने दीक्षांत समारोह में अपने वक्तव्य में कहा व्यक्ति के लिए शिक्षा एवं संस्कार महत्वपूर्ण आधार स्तंभ है, शिक्षा जहां मनुष्य को अपने कार्य क्षेत्र से संबंधित कौशल प्रदान करता है वहीं संस्कार मनुष्य को समाज में श्रेष्ठ नागरिक बनने के लिए प्रेरित करता है. मानव जीवन में शिक्षा महत्वपूर्ण स्थान रखता है शिक्षित व्यक्ति अपना समुचित विकास करते हुए समाज और राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है 7 इस अवसर पर प्रमुख रूप से दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, डा अरुणा पल्टा कुलपति हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग डा अतुल कोठारी सचिव शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास नई दिल्लीभूपेन्द्र कुलदीप कुल सचिव हेमचंद विश्वविद्यालय अरुण अरोरा जी बी आई टी कालेज प्रमुख साथ विभिन्न सम्मानीय जनप्रतिनिधिगण,जिला प्रशासन के अधिकारीगण विश्वविद्यालय के समस्त अधिकारीगण पीएचडी की उपाधि प्राप्त करने वाले शोधार्थीगण तथा प्रवीन सूची में सर्वोच स्थान प्राप्त करने वाले समस्त छात्र छात्राएं और उनके अभिभावक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## एक नजर

### शिवसेना ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा



**उतई, 8 अगस्त।** छत्तीसगढ़ शिवसेना के उपाध्यक्ष योगेश कानेकर के नेतृत्व में ग्राम पंचायत कारगाडिह के ग्रामीणों ने दुर्ग कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर लो वोल्टेज की समस्या तथा वार्ड क्र.1 में थ्री फेस कनेक्शन को लेकर अवगत कराकर इस समस्या से निजात दिलाने की मांग की।योगेश कानेकर ने बताया कि ग्राम निवासियों का कहना है कि गांव में लो वोल्टेज संबंधित शिकायत हमेशा रहती है। जिसका की पूर्व में भी ग्राम सरपंच एवं सी एस पी सी एल उतई को इसका सूचना और आवेदन देने के उपरांत भी उनके द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई ।तथा लो वोल्टेज के संबंध में सी एस पी डी सी एल उतई में कॉल करने पर उनके द्वारा बहुत विलंब से कार्य वाही की जाती है। और किसी भी प्रकार की समस्या आने रात्रि में कॉल करने पर कॉल ही नहीं उठता इस अवसर पर शिवसेना दुर्गजिला अध्यक्ष सम्राट सिंह एवं जिला उपाध्यक्ष योगेश कानेकर ,शिवराम केसरवानी प्रदेश उपाध्यक्षमुन्ना चौधरी ,नगर अध्यक्ष संतोष पहलवान ,जिला सचिवएवं ग्राम वासी राजेश्वरी साहू ,सुनीता यादव,तारणी साहू,भूपेंद्र साहू,खिलेश्वरी साहू,सरोज साहू ,गायत्री गोस्वामी,दुलारी बाई साहू,लोकेन्द्र कुमार यादव उपस्थित थे ।

### नशीली सिरप ले जाते युवक पकड़ाया



**भिलाई, 8 अगस्त।** भिलाई रेलवे स्टेशन के यार्ड के पास नशीली सीरप का जखीरा ले जाते हुए एक आरोपी को आरपीएफ पुलिस ने पकड़ा है। आरपीएफ पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर उसे जीआरपी चौकी के सुपुर्द किया दुर्ग आरपीएफ टीआई संजीव सिन्हा ने बताया कि रेलवे यार्ड के पास एक संदिग्ध युवक बैठा हुआ था उसके पास दो बैग रखे हुए थे। वह उन दोनों बैग को किसी तरह स्टेशन के बाहर निकालने की फिराक में था। मौके पर पहुंची आरपीएफ टीम ने उससे पूछताछ करते हुए उसके दोनों बैग को चेक किया। उस युवक के बैग में कोडीन फास्फेट सिरप, ब्लूरेक्स टी सिरप मिला आरोपी के पास से कुल 508 नग सिरप पुलिस को मिला जिसकी कीमत लगभग 91,440 रुपए आंकी गई है। आरपीएफ ने औषधि निरीक्षक से चेक कराने के बाद आरोपी प्रेम प्रकाश नेताम 26 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 6 मिलपारा पाटन के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए उसे जीआरपी के सुपुर्द किया। इस कार्रवाई में दुर्ग जीआरपी प्रभारी बी.के. राठौर, सनातन सेनापति, एस बी द्विवेदी, एस आर मीणा की उल्लेखनीय भूमिका रही।

### गैस सिलेंडर चोरी, तीन गिरफ्तार



**भिलाई, 8 अगस्त।** भिलाई जामुल थाना क्षेत्र दो अलग-अलग जगहों पर गैस सिलेंडर चोरी करने के मामले में पुलिस ने तीन युवकों को गिरफ्तार किया है आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है जामुल टीआई कपिल देव पाण्डेय ने बताया कि अटल आवास घासीदास नगर जामुल और नालंदा स्कूल के पास बोरवेल ट्रक के नीचे से गैस सिलेंडर चोरी हो गया था जिसकी शिकायत पुलिस में हुई थी मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने तीन युवकों में सुभाष चौक कैम्प 1 निवासी गुरप्रीत सिंह उर्फ गोपी, वैशाली नगर गगन दिन सिंह, लक्ष्मी नगर सुपेला मो. दाउद शामिल है आरोपियों से 1 विभिन्न कंपनियों के गैस सिलेंडर जब्त किया गया है।

# संकुल स्तरीय पालक-शिक्षक मेगा बैठक में 12 बिंदुओं पर चर्चा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**पाटन,8 अगस्त।** संकुल स्तरीय पालक शिक्षक मेगा बैठक का आयोजन संकुल केन्द्र महकाकला में आयोजित किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत में मां वीणा वादिनी के पूजा अर्चना संकुल प्राचार्य घनश्याम सिंह साहू एवं प्रधानाचार्य पूर्व मा. शाला महका कला श्रीमती गायत्री वर्मा एवं ग्राम प्रमुख श्रीमती साधना केशव वर्मा एवं जनप्रतिनिधि के कर कमलों द्वारा हुआ।राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार कोई बच्चा शाला त्यागी न हो सके जिसके अनुसार 12 बिंदुओं पर चर्चा किया गया.।जिसमें मेरा कोना ,छात्र दिनचर्या ,बच्चे क्या सीखें,बच्चे बेझिझक बोलेगा, अकादमिक प्रगति एवं परीक्षा पर चर्चा, बस्ता रहित शनिवार, नेवता भोजन व विभिन्न डीजीटल प्लेटफार्म पर चर्चा घनश्याम सिंह साहू ,संकुल समन्वयक श्री अश्विनी साहू,श्रीमती अंजुम खानम,प्रधानाचार्य रोहित गायकवाड़, सुजित नारंग,व्याख्याता द्वय बी.के.साहू ,नागेश देशमुख व धर्मजीत देवांगन, इत्यादि शिक्षकों ने अपना उद्बबोधन दिया..।इस बीच पूर्व मा. शाला महकाकला एन एन एम एस ई में लगातार दो वर्षों में बच्चों का चयन होने के कारण विकासखंड स्तर पर माध्यमिक शाला के शिक्षक श्री धर्मजीत देवांगन जी को प्रश्शति पत्र से सम्मानित किया गया एवं उल्लास कार्यक्रम के तहत असाक्षरो को साक्षर बनाने का शपथ लिया गया.।मंच संचालन श्री तेजराम कामड़िया ,आभार प्रदर्शन श्रीमती गायत्री वर्मा जी ने किया । इस अवसर पर शिक्षाविद् श्री शिवकुमार वर्मा शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में केशव वर्मा (विधिक सलाहकार), श्रीमती हेमन साहू, श्रीमती देवश्री ठाकुर, लक्ष्मण यादव,(विधायक प्रतिनिधि), किशन भारती (सरपंच), भोजराम यादव (उप सरपंच)हलधर यादव,स्वास्थ्य कार्यकर्ता, शिक्षिका गण श्रीमती सैनी सन्नी,रितु सोयेत्रा,शैलू वर्मा, शमिम अख्तर ,सीमा पोरते एवं परेवाडीह,महकाकला व मुड़पार के समस्त पालकों एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।

# विश्व आदिवासी दिवस पर विद्यार्थी ने नयनाभिराम पेन्टिंग बनाई



**भिलाई, 8 अगस्त।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर अंचल के प्रख्यात मॉडर्न आर्ट चित्रकार डी.एस.विद्यार्थी ने नयनाभिराम पेन्टिंग का निर्माण किया है। वे अपने विशिष्ट शैली में संदेश प्रधान चित्र बनाने के लिए जाने जाते हैं। उनके निरंतर कुशल सृजन पर सुप्रसिद्ध चित्रकार बी.एल.सोनी, रंगकर्मी विजय शर्मा, मूर्तिकार मोहन बराल, डॉ. प्राची श्रीवास्तव, मीना देवांगन, प्रवीण कालमेघ, साहित्यकार मेनका वर्मा, बी.आर.बोरकर, अभिषेक सपन, यश दलवी और ललित कला अकादमी में छत्तीसगढ़ के प्रथम बोर्ड मेम्बर डॉ.अंकुश देवांगन ने बधाई दी है। ज्ञात हो कि संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा सन 1982 में पूरे विश्व में रहने वाले आदिवासी समुदाय की संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए यह दिवस मनाने का फैसला लिया गया था। डी.एस.विद्यार्थी स्वयं आदिवासी समाज का प्रतिनिधित्व करते हैं तथा उनके पेन्टिंग का विषय भी उनका समाज है। एक जानकारी में उन्होंने बताया कि पूरे विश्व के आदिवासी प्रकृति को देवता मानते हैं। वे नृत्य संगीत भी उसी देव को प्रसन्न करने के लिए करते हैं। यदि उनके जीवन शैली का अनुसरण वर्तमान तथाकथित आधुनिक लोग करेंगे तो कभी भी ग्लोबल वार्मिंग जैसी समस्या नहीं आएगी। वे प्रकृति का संरक्षण करते हुए प्राकृतिक जीवन जीना पसंद करते हैं जो कि स्वस्थ्य जीवनशैली मानी जाती है।

### फील परमार्थ फाउंडेशन सेक्टर-3 में बाउंड्रीवॉल निर्माण का हुआ भूमिपूजन

**भिलाई, 8 अगस्त ।** भिलाई इस्पात संयंत्र के तत्वाधान में निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग के सहयोग से फील परमार्थ फाउंडेशन, सेक्टर-3 में किए जा रहे बाउंड्री वॉल निर्माण कार्य का 06 अगस्त 2024 को भूमिपूजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भिलाई इस्पात संयंत्र के पूर्व कार्यपालक निदेशक समीर स्वरूप, महाप्रबंधक शिवराजन, ग्रामीण यांत्रिकी सेवाएं दुर्ग के सदस्य वरिष्ठ प्रबंधक सुशील कामड़े, उप प्रबंधक कमलकांत वर्मा सहित संस्था के हितग्राही सदस्यगण उपस्थित थे।

# यातायात नियमों के प्रति कबीरधाम यातायात पुलिस ने छात्र-छात्राओं को किया जागरूक



**कवर्धा, 8 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** अमलीडीह के शासकीय हाई स्कूल में कबीरधाम यातायात पुलिस ने छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों को लेकर किया जागरूक। पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव के निर्देश प्राप्त होने पर अति. पुलिस अधीक्षक विकास कुमार, पुष्पेन्द्र बघेल सहित वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व में यातायात प्रभारी प्रवीण खलको के द्वारा सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्कूली बच्चों को यातायात के प्रति जागरूक करने के लिये कवर्धा जिले के अमलीडीह के शासकीय हाई स्कूल में पालक शिक्षक मेगा बैठक में यातायात प्रभारी प्रवीण खलको के द्वारा विद्यार्थियों को यातायात नियमों की जानकारी प्रदान की गई।इस दौरान स्कूली बच्चों में काफी उत्साह देखा गया। कार्यक्रम के दौरान खलको ने बताया कि शिक्षक एवं बच्चों को यातायात नियमों का पालन किसी डर भय से नही बल्कि स्वयं की सुरक्षा हेतु जिम्मेदारी से करने के प्रति जागरूक किया गया, जिससे कि सुरक्षित व सुव्यवस्थित समाज बनाने में सहायता मिलें।इस दौरान स्कूल के प्राचार्य संकुल के समस्त शिक्षक सहित पालक और विद्यार्थी मौजूद रहे। कार्यक्रम के समाप्ति उपरांत स्कूल प्रांगण में एक पेड़ मां के नाम पौधा रोपण भी किया गया ।

# राष्ट्रीय हथकरघा दिवस पर महिला मोर्चा ने किया बुनकरों का सम्मान



**कवर्धा, 8 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आज राष्ट्रीय हथकरघा दिवस पर भाजपा जिला महिला मोर्चा वोकल फॉर लोकल को समर्थन करते हुए आज जिला भाजपा महिला मोर्चा की बहनो द्वारा बुनकर मुन्नी देवागन, पूजा देवागन, रानू देवागन, माहेश्वरी देवागन रानू देवागन बहनो का श्रीफल एवं खादी की ही सारी खरीदकर बहनो को भेट कर सम्मान किया इस कार्यक्रम मै जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा सतवीन्दर पाहुजा जिला महामंत्री सविता ठाकुर , डॉ भारती गुप्ता, तारा मारकम , मण्डल अध्यक्ष किरण चौबे , संतोषी जायसवाल , दशरी ठाकुर जी, सविता साहू अन्य महिला कार्यकर्ता बहने उपस्थित हुई ।

# सड़कों के सूचना पलक बोर्ड हो रहे चोरी

**कवर्धा, 8 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सड़क निर्माण जहा होती है वहां पर सूचना पलक बोर्ड लगाए जाते है मोड़ पर और विभिन्न स्थानों पर जिससे की यात्रियों की सड़क सुरक्षा दृष्टि को देखते हुए सूचना पलक बोर्ड लगाए जाते है लेकिन आसाजमिक तत्वों द्वारा सूचना पलक बोर्ड की चोरी कई महीनों से हो रही है जो की चिंताजनक है ।

# भिलाई-चरौदा निगम के शिविर में 4 वार्डों के नागरिक हुए शामिल



**भिलाई-चरौदा।** नगर पालिक निगम भिलाई-चरौदा द्वारा क्षेत्रांतर्गत जनसमस्या निवारण पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। बुधवार 7 अगस्त को चरौदा जोन-01 वार्ड क्रमांक-27 में शिव मंदिर पंडाल के पास शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में इंदिरा नगर वार्ड-26, जोन-01 चरौदा वार्ड-27, जोन-02 चरौदा वार्ड-28 एवं जोन-03 चरोदा वार्ड-29 के नागरिकों ने अपनी मांग एवं शिकायत संबंधी आवेदन प्रस्तुत किये। उल्लेखनीय है कि निगम प्रशासन की ओर से सभी विभागों के काउंटर शिविर में लगाये जा रहे है। इनमें आधार पंजीयन सुधार, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, आजीविका मिशन, जलकार्य, सफाई कार्य, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, जन्म-मृत्यु-विवाह पंजीयन के अलावा विद्युत कार्य एवं महिला बाल विकास विभाग शामिल है। निगम सभापति कृष्णा चन्द्राकर, महापौर परिषद सदस्य सह पार्षद वार्ड क्रमांक-26 इंदिरा नगर मोहन साहू, एम जॉनी एम.आई.सी. सदस्य, चंद्रप्रकाश पाण्डेय पार्षद जोन-03 चरौदा, ईश्वर साहू पार्षद- वार्ड-30 उरला, आशीष वर्मा पूर्व पार्षद उमदा सहित बडी संख्या में क्षेत्र के नागरिकों द्वारा शिविर में अपनी उपस्थिति दर्ज करायी गयी। निगम कमिश्नर डी एस राजपूत, कार्यपालन अभियंता सुनील जैन, सहायक अभियंता प्रशांत शुक्ला, उप अभियंता मुकेश रात्रे, उप अभियंता किसलय साहू, उप अभियंता मुकेश चन्द्राकर, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अश्विनी चन्द्राकर, सहायक राजस्व अधिकारी श्रीमती अरूणिमा दुबे ये सभी अधिकारी एवं समस्त विभागीय कर्मचारी शिविर में उपस्थित रहे। जन समस्या निवारण पखवाड़ा का अगला एवं दसवां शिविर गुरूवार 8 अगस्त को वार्ड क्रमांक-39 मोरिद के कर्मा भवन बाजार चौक में आयोजित किया जायेगा।

## 72 वर्षीय गायिका कमला की कला साधना को नमन कर विधायक ने मंच पर तत्काल दे दी 500 की गड्डी



**भिलाई, 8 अगस्त।** कला साधना की एक मिसाल सेक्टर-1 के नेहरू कल्चरल हाऊस में आयोजित कार्यक्रम में देखने को मिली। वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन ने मंच पर एक कलाकार को बुलवाया और 50 हजार उनके हाथ पर रख पैर छूकर आगे बढ़ गए। दरअसल इस कार्यक्रम में वैशाली नगर के विधायक रिकेश सेन चीफ गेस्ट थे। दिन भर के बिजी शेड्यूल के बाद कार्यक्रम शुरू होने के दौरान पहुंचे विधायक ने गीत संगीत के इस कार्यक्रम में कुछ गीतों को सुना। दर्जन भर उम्दा कलाकारों में रायपुर की 72 वर्षीय गायिका कमला राठौर भी शुमार थीं। उनकी आवाज और गीतों की प्रस्तुति देख विधायक भी हैरान हुए। स्टेज के समीप ही इस वयोवृद्ध कलाकार के पास पहुंच जब उनकी तारीफ कर हाल-चाल पूछा तो कमला राठौर की आंखें डबडबा आईं। विधायक रिकेश सेन फौरन समझ गए कि यह विधायक की तारीफ के आंसू कुछ और कहना चाह रहे हैं। कमला राठौर अपना दर्द बयां कर पाती इससे पहले ही विधायकजी का स्टेज पर बुलावा हो गया। अपने उद्गार व्यक्त करने के बाद विधायक रिकेश सेन ने कमला राठौर को मंच पर बुला उनकी कला साधना को नमन करते हुए उनके हाथ में 500 की गड्डी थमा दी। सेन ने कहा कि आपकी आर्थिक तंगी कभी भी आपकी कला साधना पर हावी नहीं होने दूंगा। आपको बता दें कि छत्तीसगढ़ की गायिका कमला राठौर का जन्म महाराष्ट्र में हुआ पर उन्होंने अपनी संगीत टीम रायपुर में स्थापित की। जिसका नाम रायपुर संगीत समिति है।

### नेहरू आर्ट गैलरी में गोपी कृष्ण की एकल फोटो प्रदर्शनी का आयोजन



**भिलाई, 8 अगस्त ।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के जनसंपर्क विभाग द्वारा संचालित इंदिरा प्लेस, सिविक सेंटर स्थित नेहरू आर्ट गैलरी में विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर पंडरिया कवर्धा के गोपी कृष्ण सोनी द्वारा आदिवासी संस्कृति पर केन्द्रित फोटो की एकल प्रदर्शनी का आयोजन किया जायेगा। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन 8 अगस्त गुरुवार को संध्याकाल 6 बजे मुख्य अतिथि, भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेशक पवन कुमार द्वारा किया जायेगा। गोपी कृष्ण सोनी, ग्राम नेऊर,पंडरिया, जिला कबीरधाम के निवासी हैं, और पेशे से शिक्षक हैं और स्कूल शिक्षा विभाग में कार्यरत हैं। यह तीन दिवसीय प्रदर्शनी 8 से 10 अगस्त तक प्रतिदिन संध्या 5.30 बजे से रात्रि 8.30 बजे तक आम जनता के दर्शनार्थ खुली रहेगी।

## निधन

### अवध किशोर सिंह



**भिलाई, 8 अगस्त ।** वार्ड-27 नेहरू चौक कैंप-1 निवासी अवध किशोर सिंह उर्फ़ सेठीजी का निधन 7 अगस्त को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 8 जुलाई को रामनगर मुक्तिधाम में किया गया। वह पत्रकार उदय प्रताप सिंह के पिता थे।

### एडवीन मार्टिन



**भिलाई, 8 अगस्त ।** एडवीन मार्टिन पूर्व बीएसपी कर्मी मशीन शॉप -1 उम्र 86 वर्ष जो कि श्रीमती फ्लोरिया मार्टिन के पति थे जिनकी मृत्यु 07 अगस्त को प्रातः 10-30 बजे सेक्टर 9 अस्पताल में हो गया। जिनका अंतिम संस्कार 08 अगस्त को दोपहर 3 बजे नेहरू नगर कब्रिस्तान में किया गया । वे पंकज मार्टिन, नीरज मार्टिन, रुपेश मार्टिन, पुत्री संगीता मसीह के पिता थे।

# इंदिरा गांधी शासकीय महाविद्यालय के दीक्षारंभ में नई शिक्षा नीति की जानकारी दी

**भिलाई, 8 अगस्त ।** इंदिरा गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय वैशाली नगर में दीक्षारंभ 2024 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ सरस्वती पूजा तथा दीप प्रज्जवलन से हुआ। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा राज्य गीत का गायन किया गया। मंच संचालन करते हुए वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ कैलाश शर्मा ने सर्वप्रथम प्रभारी प्राचार्य डॉ नीता डेनियल के स्वागत के लिए डॉ अल्पा श्रीवास्तव को आमंत्रित किया जिन्होंने पुष्प गुच्छ दे कर उनका अभिनंदन किया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर आयोजित कार्यक्रम पर माननीय रीकेश सेन विधायक, वैशाली नगर भिलाई ने अपने संदेश में उच्च शिक्षा अध्येताओं से आह्वान किया कि भारत सरकार द्वारा लागू की गई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप अपने ज्ञान का संवर्धन करे । प्रभारी प्राचार्य डॉ नीता डेनियल ने अपने उद्बोधन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की भूमिका पर प्रकाश डाला कि किस प्रकार यह नीति छात्रों के लिए लाभदायक है। पालक प्रतिनिधि अशोक ने महाविद्यालय की व्यवस्थाओं के प्रशंसा करते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति से होने वाले लाभ को बताया तथा सभी छात्रों को



भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। कला संकाय की वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ मेरिली रॉय ने अपने भाषण में इस नीति के प्रमुख उद्देश्यों पर विस्तार से चर्चा की। डॉ नमिता गुहा रॉय ने महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में विस्तार से बताया। डॉ दिनेश सोनी ने छात्रों को महाविद्यालय में मिलने वाले रोजगार के अवसरों के बारे में बताया। क्रीड़ाधिकारी यशवंत देशमुख तथा ग्रंथपाल दानेश्वर वर्मा ने महाविद्यालय में खेल तथा ग्रन्थालय की गतिविधियों के बारे में बताया।छात्रों को शासन से मिलने वाली छात्रवृत्ति के बारे में श्रीमती सुनीता कटरे ने बताया। डॉ भूमिराज पटेल ने धन्यवाद ज्ञापित किया।इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के डॉ किरण रामटेके, प्रो सुशीला शर्मा, डॉ एम एस पटेल, प्रो कौशल्या शास्त्री, डॉ रबिंदर छाबड़ा, डॉ आरती दीवान, डॉ शिखा श्रीवास्तव,डॉ दिनेश सोनी, डॉ मीनाक्षी भारद्वाज, डॉ अजय मनहर, प्रो सुरेश ठाकुर,डॉ चांदनी मरकाम, प्रो अत्रिका कोमा, प्रो अमृतेष शुक्ला, क्रीड़ा अधिकारी यशवंत देशमुख, ग्रंथपाल दानेश्वर वर्मा , राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक, एन .सी .सी. के कैडेट तथा प्रथम सेमेस्टर के नवप्रवेशित छात्र छात्राएं बड़ी संख्या में महाविद्यालय सभागार में उपस्थित रहे और कार्यक्रम को सफल बनाया।

### 17 लोगों ने इलाज के लिए बनाया कार्ड, इंटरनेशनल कॉलोनी के शिविर में 3 को पेंशन का लाभ

**रिसाली।** तालपुरी इंटरनेशनल कॉलोनी में लगाए जन समस्या निवारण शिविर में 3 हितग्राही को पेंशन का लाभ देने औपचारिकता पूरी की गई। तीनों वृद्धा पेंशन के हितग्राही थे। बुधवार के शिविर में कुल 207 आवेदन मिले। इसमें से 131 मांग में 49 और 76 शिकायतों में 14 का निराकरण किया गया। इंटरनेशनल कॉलोनी के शिविर में केजू राम, रामाधार और संतरा देवी ने वृद्धा पेंशन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया था। पात्र होने पर इस माह से पेंशन देने दस्तावेज पूर्ण किया गया। इसी तरह तालपुरी के चंद्रप्रकाश शर्मा ने मच्छर प्रकोप अधिक होने की शिकायत की थी। इस शिकायत का निराकरण करते स्वास्थ्य विभाग ने दवाई का छिड़काव किया। शिविर में पार्षद सविता ढवस, शीला नारखेड़े, सारिका साहू, रमा साहू, नेता प्रतिपक्ष शैलेंद्र साहू, धर्मेंद्र भगत, विधायक प्रतिनिधि के रूप में मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शेण्डे, मंडल महामंत्री राजू जंघेल व दशरथ साहू उपस्थित थे। शिविर में 25 लोगों ने आधार अपडेट कराया। वही एक ने आईडी जनरेट करा कर 43922 रुपए टैक्स की राशि निगम कोष में जमा कराया। इसके अलावा 32 लोगों ने सड़क, नाली, संधारण के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। ि

## एक नजर

### दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मजदूर कांग्रेस के अर्बन डेलीगेट का सम्मान समारोह आयोजित

**डोंगरगढ़,8 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़)।**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मजदूर कांग्रेस नागपूर मंडल समन्वयक इंदल दमाहे के अध्यक्षता में नवनिर्वाचित अर्बन बॅंक डेलिगेट सदस्यों का एवं जो सदस्य पराजित हुए इन सभी सदस्यों का स्वागत समारोह का आयोजन मंगल मंडप सभागार कडबी



चौक में किया गया।इस अवसर पर विशेष अतिथि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर महामंत्री पीतांबर लक्ष्मीनारायण उपस्थित थे।सभी अर्बन बॅंक डेलिगेट सदस्यों का मा.दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर महामंत्री पीतांबर लक्ष्मीनारायण द्वारा सभी को पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया गया। अपने उद्बोधन में मंडल समन्वयक इंदल दमाहे ने सभी सदस्यों को शुभकामनाएं दी व दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर महामंत्री पीतांबर लक्ष्मीनारायण ने सभी नवनिर्वाचित अर्बन बॅंक डेलिगेट सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मान्यता के चुनाव भी होने वाले हैं उसमें भी सभी को एकजुट होकर मजदूर कांग्रेस को बहुमत दिलाने के लिए सभी को काम कर एकता बनाये रखना होगा। इस अवसर पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मजदूर कांग्रेस के सभी केंद्रीय पदाधिकारी, शाखा सचिव, अध्यक्ष, अर्बन बॅंक डेलिगेट सदस्य,एव मजदूर कांग्रेस के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### मवेशी धर-पकड़ अभियान में आज पकड़े 18 मवेशी

**राजनांदगांव ,8 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़)।** घुमंतु मवेशियों की धर पकड के तहत नगर निगम का मवेशी धर-पकड़ अभियान में नगर निगम की टीम शहर के प्रमुख चौक चौराहो में घुमन्तु एवं बैठे मवेशियों को प्रतिदिन पकड़ने के साथ साथ मवेशी के सिंग में रेडीयम टेप लगाने की कार्यवाही कर रही है। मवेशी धर पकड के तहत आज शहर के बाह्य प्रमुख मार्गो से 18 घुमन्तु मवेशियों की धर-पकड की गयी। उल्लेखनीय है कि कई पशु मालिकों द्वारा अपने मवेशियों को खुला छोड देते है, जिससे मवेशी चौक चौराहों में घुमते एवं बैठे रहते है, जिससे यातायात बाधित होती है एवं दुर्घटना की संभावना बनी रहती है, जो आमजनों के साथ ही पशुओ के लिये भी खतरनाक है। निगम द्वारा अब लापरवाह पशु पालकों के विरूद्ध पशुपालक पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कानूनी कार्यवाही की जावेगी। शासन द्वारा भी घुमन्तु पशुओं को पकड़ने एवं पशु मालिकों को अपना मवेशी घर में बांध कर रखने समझाईस देने के निर्देश दिये गये है। निर्देश के अनुक्रम में निगम द्वारा धर-पकड़ अभियान चलाकर मवेशी मालिकों को समझाईस दी जा रही है, समझाईस उपरांत भी कुछ मवेशी मालिक अभी भी मवेशी खुला छोड देते है, उनपर अब अर्थदण्ड अधिरोपित किया जायेगा। साथ ही जिलाधीश महोदय के निर्देश पर चौक चौराहो में बैठे मवेशियों के सिंग में रेडीयम टेप लगाया जा रहा है। नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता द्वारा घुमन्तु मवेशियों को पकड़ने गठित टीम प्रतिदिन चौक चौराहो से घुमन्तु मवेशियों को पकड़ने की कार्यवाही कर रही है। इसी कडी में आज बाह्य प्रमुख मार्गो में राज इम्पीरियर चौक, आर.के. नगर, वर्धमान नगर, अनुपम नगर, गुरूद्वारा चौक, महावीर चौक, रेल्वे स्टेशन रोड से घुमन्तु मवेशियों की धर-पकड के तहत 18 घुमन्तु एवं बैठे मवेशियों को पकड़ा गया। मवेशियों को पकड़कर कांजी हाउस में रखा जाता है एवं उन्हें छोडने पर 570-570 रूपये संबंधित से अर्थदण्ड लेकर मवेशी छोडा जाता है। मवेशियों को दुर्घटना से बचाने एवं नागरिकों को भी दुर्घटना से बचाने मवेशियों के सिंग में रेडियम टेप लगाने अभियान चलाया गया। उक्त अभियान आगे भी जारी रहेगा। इस सप्ताह पूर्व के दो दिन में 20 मवेशी पकडे गये थे।

### शांति व्यवस्था सुरक्षा के लिए पैदल पेट्रोलिंग

**राजनांदगांव,8 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़)।** पुलिस अधीक्षक महोदय श्री मोहित गर्ग, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा राजनांदगांव एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन में अपराधो के रोकथाम व आगामी धार्मिक त्यौहार शोभायात्रा मे शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु चौकी चिखली स्टाफ व रक्षित केन्द्र राजनांदगांव तथा डीआरजी बल के साथ संयुक्त अभियान मे चौकी चिखली क्षेत्र मोतीपुर, रामनगर, बजरंगपुर नवागांव, शंकरपुर, शांतिनगर मे पैदल पेट्रोलिंग किया गया क्षेत्र के गुण्डा बदमाष, असमाजिक तत्वो के अड्डेबाजी व संदिग्ध स्थानो की चेकिंग किया गया ।

# जीवन के नये क्षेत्र में कदम रखने और महत्वपूर्ण निर्णय लेने का क्षण : राज्यपाल डेका

**रायपुर, 8 अगस्त.**दुर्ग के हेमचंद यादव विश्वविद्यालय का द्वितीय दीक्षांत समारोह आज राज्यपाल श्री रमेन डेका और मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की गरिमामय मौजूदगी में संपन्न हुआ। बीआईटी दुर्ग के सभागार में आयोजित इस दीक्षांत समारोह में 68 विद्यार्थियों को शोध उपाधि एवं 48 विद्यार्थियों को विभिन्न कक्षाओं में प्रवीण्य सूची में प्रथम आने पर स्वर्ण मंडित पदक प्रदान किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल श्री रमेन डेका ने कहा कि हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग छत्तीसगढ़ के दूसरे दीक्षांत समारोह का हिस्सा बनने के लिए आप सभी के बीच आना मेरे लिए बहुत खुशी की बात है। पीएचडी प्राप्त करने वाले सभी शोधार्थियों और अपनी-अपनी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को बधाई देता हूं। मैं उन शिक्षकों, माता-पिता



और अभिभावकों को भी बधाई देना चाहता हूं, जिन्होंने पढ़ाई के दौरान अपने बच्चों का समर्थन किया। राज्यपाल श्री डेका ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार वर्तमान शैक्षणिक वर्ष 2024-25 से राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू कर रही है। एनईपी 2020 शिक्षा के साथ-साथ कौशल विकास की आवश्यकता पर जोर देता है। इसका उद्देश्य छात्रों को उद्यमिता के लिए तैयार करना है, और उन्हें 'नौकरी चाहने वाले' बनने के बजाय 'नौकरी निर्माता' बनाना है। अब आप सभी अपने जीवन के नये क्षेत्र में कदम रख रहे हैं। भविष्य में भारी चुनौतियाँ और अवसर आपका इंतज़ार कर रहे हैं। यह जीवन के महत्वपूर्ण निर्णय लेने का क्षण है। यह उत्सव का दिन है, एक ऐसा दिन जब आप उन कई चुनौतियों को याद करते हैं, जिन्हें आपने पार किया है और आगे आने वाली चुनौतियों का इंतजार करते हैं, यह जानते हुए कि आपके पास उनका सामना करने के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान है। आपके द्वारा चुने हुए पेशे या कैरियर में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए यह आवश्यक है कि आप लगातार अधिक ज्ञान प्राप्त करने का प्रयास करें और साथ ही अपने सॉफ्ट स्किल्स को विकसित करने और एक अच्छा इंसान बनने के अलावा क्षेत्र में नवीनतम ज्ञान से खुद को अपडेट और लैस करें। राज्यपाल श्री डेका ने डॉ. नेल्सन मंडेला के कथन को उद्यत करते हुए कहा कि ÷शिक्षा सबसे शक्तिशाली हथियार है जिसका उपयोग आप दुनिया को बदलने के लिए कर सकते हैं÷ अब इसे साबित करना आपके ऊपर है। राज्यपाल ने कहा कि आप सभी को सलाह देता हूं कि बड़े पैमाने पर समाज के लिए काम करने का प्रयास करें.

# पटवारी के राज परत-दर-परत उजागर होने लगे

## मामला - ग्राम बछेराभांठा के आदिवासी की जमीन गैर आदिवासी के नाम पर

**डोंगरगढ़,8 अगस्त ■ तरुण छत्तीसगढ़**

पटवारी नीरज हुमने पर 80 हजार रिश्वत की मांग का आरोप लगने के बाद बछेराभांठा के पीड़ित आदिवासी किसान ने न्याय की गुहार लगाई है। आदिवासी किसान संजय मंडावी निवासी बछेराभांठा के अनुसार कि मेरे स्वामी हक व आधिपत्य की भूमि जिसका खसरा नं. 146/8 का रकबा लगभग 1.21 डी भूमि स्थित है जो कि मेरे ऋण पुस्तिका एवं बी-1 आनलाईन रिकार्ड में भी दर्ज है उसे कूट रचना कर 10 अक्टूबर 2022 को यशवंत पिता सुखलाल साहू, सुखीबाई पति बुधारु साहू निवासी बछेराभांठा के नाम पर बिना रजिस्ट्री करवाए 52 डिसमिल एवं 5 डिसमिल जमीन का प्रमाणिकरण कर दिया गया व सरपंच की सहमति के आधार पर पटवारी नीरज हुमने ने परचा भी बना दिया व नक्शा, खसरा, बी -1, राजस्व अभिलेख में आनलाईन दर्ज कर दिया गया। दूसरी ओर शासन प्रशासन को गुमराह करते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ लेते मकान निर्माण कर चार सौ बीसी की गई है। जिसकी शिकायत 26 अप्रेल 2023 को मुख्य कार्यपालन अधिकारी डोंगरगढ़ को व 15 मई 2023 को अनुविभागीय अधिकारी को भी लिखित में शिकायत दर्ज की थी।

### नहीं मिला न्याय : संजय मंडावी

आदिवासी किसान संजय मंडावी के अनुसार इस मामले में प्रमुख अखबारों में 11 मई 2023 की प्रकाशित खबर आदिवासी की 57 डिसमिल जमीन हड़प ली और इसी जगह प्रधानमंत्री आवास बनवाने के लिए स्वीकृति करा ली, आदिवासी भूस्वामी की जमीन गाँव के ही दो लोगो ने गलत तरीके से कराया अपने नाम, पीएम आवास की भी मंजूरी, बगैर जानकारी दो लोगों के नाम हो गई जमीन,पटवारी से सांठगांठ कर आदिवासी जमीन में बनाया प्रधानमंत्री आवास, जमीन का गोरखधंधा जारी, बेच रहे सरकारी जमीन जैसे हेडिंग के साथ प्रकाशित समाचार पर व तत्कालिक एसडीएम ने जाँच के नाम पर खानापूर्ति करते हुए प्रधानमंत्री आवास मकान बनने के बाद आनलाई रिकार्ड से यशवन्त साहू व सुखीबाई साहू के शपथ कथन के आधार पर किसी तीसरे के नाम 52



श्रीमान जिलाधीश (कलेक्टर)
राजनांदगांव (छ.ग.)

विषय :- आदिवासी के जमीन में यशवंत साहू आ. सुकलाल साहू के द्वारा पी. एम. आवास का निर्माण किया गया है इसके शिकायत के संबंध में ।

महोदय जी,

[illegible]

अतः आपसे निवेदन है कि जांच की जाकर दोषियों के विरुद्ध [illegible] प्रकरण दर्ज किये जाने की कृपा प्रदान की जावे एवं दंडित किया जावे।

स्थान :- राजनांदगांव
दिनांक :- /1/2024

आवेदक
संजय

प्रतिलिपि :-
(1) श्रीमान अध्यक्ष महोदय अनुसूचित जनजाति आयोग रायपुर (छ.ग.)
(2) माननीय श्रीमान रमन सिंह जी अध्यक्ष विधानसभा छत्तीसगढ़ रायपुर (छ.ग.)

डिसमिल जमीन कर दी गई है और पटवारी नीरज हुमने को दूसरी जगह ट्रांसफर कर दिया गया जो आज भी जाँच का विषय बना हुआ है? आज पर्यंत तक मुझे न्याय नहीं मिला है।

# लखोली क्षेत्र के 3 वार्ड एवं कन्हारपुरी वार्ड के लिये कर्मा भवन बैगापारा के शिविर में उमड़ी भीड़



**राजनांदगांव 8 अगस्त।** शासन निर्देशानुसार वार्डवासियों की समस्या का निराकरण वार्ड में ही करने नगर निगम द्वारा वार्डो में लगाये जा रहे जन समस्या निवारण शिविर का लाभ लेने वार्डवासी बड़ी संख्या में आ रहे है। आज लखोली बैगा पारा कर्मा भवन में लखोली क्षेत्र के 3 वार्ड एवं कन्हापुरी वार्ड के लिये आयोजित शिविर में भीड़ उमड़ी और वार्डवासियों ने अपनी समस्या का निराकरण करने 4 सौ से अधिक आवेदन दिये तथा सौ से अधिक लोगो ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया। इसी कडी में क्रिश्चियन फेलोशिप हास्पिटल के द्वारा ऑखो का निःशुल्क जॉच किया गया। आज बैगापारा कर्मा भवन में वार्ड नं. 32,33,34 व 35 के लिये आयोजित शिविर में 416 आवेदन प्राप्त हुये जिनमें जल विभाग के 9 आवेदनों में कन्हारपुरी में 2, लखोली में 3 नल कनेक्शन लगाने व जनता कालोनी में पानी नही आने शिकायत के 4, राशन कार्ड के 37 आवेदनों में कन्हारपुरी के 15 व लखोली के 22 आवेदन नाम जोडने व नया राशन कार्ड बनानें, स्वयं की भूमि में आवास निर्माण के लिये 22 आवेदन, बैगापारा, संतोषी नगर, लखोली, कन्हारपुरी में पट्टा के लिये 206 आवेदन प्राप्त हुये। इसी प्रकार पेशन में 1 आवेदन वृद्धावस्था पेशन के एवं 1 आवेदन राष्ट्रीय परिवार सहायता के, राजस्व के प्रकरण में 2 लखोली व 1 कन्हारपुरी में आवारा पशु पकड़ने संबंधी, स्वास्थ्य विभाग के सफाई संबंधी 8 प्रकरण तथा लोककर्म के 64 आवेदन में 30 आवेदन लखोली अटल आवास मरम्मत एवं 34 आवेदन रोड नाली निर्माण के व अटल आवास में स्ट्रीट लाईट मरम्मत संबंधी 1 आवेदन प्राप्त हुये। साथ ही स्व रोजगार हेतु 10 हजार रूपये का ऋण लेने 3 आवेदन के अलावा, श्रमिक कार्ड पंजीयन के 12, आधार कार्ड के 19 व आयुष्मान कार्ड के 29 आवेदन तथा महिला बाल विकास संबंधी 1 आवेदन प्राप्त हुआ।

### पालक एवं शिक्षक के सामूहिक प्रयास से बच्चों के बेहतर भविष्य की नींव गढ़ी जाएगी

**राजनांदगांव 8 अगस्त।** स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार जिले में पालक-शिक्षक मेगा बैठक का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले के 149 संकुलों में संकुल स्तर पर पालक-शिक्षक मेगा बैठक आयोजित की गई। बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय एवं पालकों के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से संकुल स्तर पर पालक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के माध्यम से पालकों में उनके बच्चों एवं विद्यालय के संपूर्ण गतिविधियों के संबंध में जागरूकता लाया गया, ताकि पालक एवं शिक्षक के सामूहिक प्रयास से बच्चों के बेहतर भविष्य की नींव गढ़ी जा सके।

# जनमन पत्रिका प्रमाणिक तथ्यों का संकलन

**राजनांदगांव 8 अगस्त।** जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित छत्तीसगढ़ जनमन मासिक पत्रिका एवं हम सबके राम का आज डिजिटल लाईब्रेरी में विद्यार्थियों को निश्शुल्क वितरण किया गया।



जनमन पत्रिका पाकर विद्यार्थियों ने खुशी जाहिर की। जनमन पत्रिका विकसित भारत, छत्तीसगढ़ की ओर बढ़ते कदम अंतर्गत शासन की लोककल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई है। विद्यार्थी सौरभ सम्राट ने कहा कि जनमन शासन की लोकहितकारी योजनाओं का अच्छा संकलन है। इस किताब से आने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए मदद मिलेगी। लोकसभा चुनाव 2024 के बाद केबिनेट मंत्री एवं अन्य मंत्रियों की अच्छी जानकारी दी गई है। उन्होंने हम सबके राम किताब की प्रशंसा की। मेहुल कुमार ने बताया कि डबल इंजन की सरकार जब से बनी है, तब से राजनांदगांव जिला तेजी से विकास की दिशा में अग्रसर है। मोदी ञ्च 3.0 रचा इतिहास के बारे में बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने इतिहास रचा है। बड़े लक्ष्य, ऊंचे आदर्श, मजबूत इरादे के साथ कार्य किया जा रहा है। शासन की महतारी वंदन योजना से महिलाओं के खाते में प्रतिमाह 1 हजार रूपए प्राप्त हो रहा है। टिकेश्वर धुर्वे ने कहा कि जनमन पत्रिका प्रमाणिक तथ्यों का अच्छा संकलन है। यह प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए उपयोगी है। उल्लेखनीय है कि जनमन पत्रिका में मोदी ञ्च 3.0 रचा इतिहास, सीएम ने बचपन से की है खेती इसलिए समझते हैं..., गारंटी पर काम मजबूत हुआ विश्वास, महतारी वंदन के बाद अब महतारी सदन, बस्तर में सुरक्षाबलों को भारी सफलता, भारत के अंतरिक्ष विज्ञान में बढ़ते कदम, बस्तर की सांस्कृतिक समृद्धि संबंधित आलेख एवं सफलता की कहानियां है।

# महिला के साथ बलात्कार

**डोंगरगांव,8 अगस्त।** पुलिस अधीक्षक राजनादगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव




शर्मा तथा पुलिस अनु0 अधि0 डोंगरगांव, श्री दिलीप सिंह सिसोदिया राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी डोंगरगांव ,निरीक्षक श्री उपेन्द्र कुमार शाह के नेतृत्व मे थाने मे प्रार्थिया के द्वारा अपने रिपोर्ट मे अपने सहकर्मी के द्वारा ग्राम अमलीडीह गौठान व राज0 के लॉज मे जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाकर घटना के संबंध मे किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट पर थाना डोंगरगांव मे अप0 धारा- 376 (2) (ढ) , 506 भादवि कायम कर विवेचना मे लिया गया । त्वरित कार्यवाही करते हुये थाना प्रभारी निरी0 उपेन्द्र कुमार के द्वारा थाना डोंगरगांव मे पुलिस टीम गठित कर मुखबीर मामुर कर आरोपी का पता तलाश कर पकड़ा गया । आरोपी से पुछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार करते हुये घटना के संबंध मे बताया । आरोपी दिनेश कुमार यादव पिता पुरनलाल यादव , उम्र- 44 साल, पता- झींका , थाना डोंगरगावं ,जिला राजनांदगांव , छ0ग0 को दिनांक 06.08.24 के 19.45 बजे गिर0 किया। आरोपी का जुर्म अजमानतीय होने से मान0 ज्युडिशियल रिमांड पर पेश किया गया है । उक्त कार्यवाही मे सउनि विजय साहू, प्र0आर0 1052 बद्रीनाथ दिनकर , आर0 गुलशन कंवर , का विशेष भुमिका रहा है ।

# जनदर्शन में कलेक्टर के समक्ष पटवारी नीरज हुमने की शिकायत

**डोंगरगढ़ ■ तरुण छत्तीसगढ़**

प्लाट के प्रमाणिकरण के नाम पर पटवारी द्वारा रिश्वतखोरी की मांग का आरोप लगाते हुए जिले में जनदर्शन शिविर में शिकायत की गई है। डोंगरगढ निवासी जो कि शिक्षा विभाग में शिक्षक के पद पर पदस्थ राममोहन द्विवेदी ने अपनी शिकायत में उल्लेख किया गया है कि श्रीमती नीलम दास वैष्णव द्वारा ग्राम पंचायत चौथना पटवारी हल्का न.26 में स्थित प्लाट जिसका खसरा क्रमांक 23/28 जिसको रजिस्ट्री द्वारा मेरी धर्मपत्नी अर्चना द्विवेदी के द्वारा क्रय किया गया था जिसका प्रमाणीकरण तहसीलदार महोदय द्वारा किया जाना था। उक्त खसरा 23/28 का बिना तहसीलदार प्रमाणीकरण आदेश के पटवारी नीरज हुमने द्वारा रिकार्ड दुरुस्त बी 1 व पी 2 में नाम दर्ज कर दिया गया साथ ही तत्कालीन तहसीलदार राजू पटेल द्वारा हस्ताक्षर व सील लगी पुस्तिका जारी कर दी गई । जब




मोबाइल में ऑनलाइन दुरुस्त देखकर मैं जब ऋण पुस्तिका के लिए पटवारी से संपर्क किया तो मुझसे 80 की मांग की गई व श्री हुमने ने कहा गया कि तहसीलदार तो अपना काम नहीं कर रहे हैं मैं बहुत विनती करके आपका काम कराया हूं तो आपको 80 हजार देना ही होगा। मैंने इतनी राशि देने से असमर्थता जताई और इतनी बड़ी रकम न देने के कारण वह मुझे लगभग डेढ़ साल तक ऋण पुस्तिका के लिए घूमाते रहे जिसकी वजह से मैं और मेरा परिवार मानसिक प्रताड़ना झेल रहा है। मेरे द्वारा पटवारी से निवेदन करने पर वह अपने निजी आवास लखोली बुलाकर मुझे ऋण पुस्तिका दिए ऋण पुस्तिका देने के पक्ष में प्रमाणीकरण आदेश को निकालना चाहा तो पता चला कि वहां आदेश की कॉपी ना होकर कोतवाल को पंचनामा की कॉपी लौटा दी गई है तथा नामांतरण पंजी में नामांतरण की आवश्यकता नहीं है कह के प्रमाणीकरण को खारिज कर दिया गया है जबकि उस खसरा के अन्य लोगो का प्रमाणीकरण कर दिया गया था मेरा प्रमाणीकरण क्यो खारिज किया गया । इसका पता लगाने के लिए जब मैं तहसीलदार कार्यालय से नकल निकलाया तो नकल कलम क्रमांक 13 में हितबद्ध पक्षकारों को नोटिस तामील की सूचना नहीं दिया गया है जबकि मैंने तहसीलदार से जारी नोटिस में क्रेता विक्रेता कोतवाल वह पांच गवाहों के हस्ताक्षर कर उसकी मूल प्रति वहां के बाबू शैलेंद्र चौबे को दी थी जो उस समय नोटिस तामील के प्रभारी थे। इसकी मौखिक शिकायत तत्कालीन तहसीलदार मुकेश ठाकुर से करने पर पटवारी हुमने से ही संपर्क करने कहा गया। मैंने पटवारी से पुनः संपर्क कर प्रमाणीकरण आदेश जारी करवाने की विनती की पर आज प्रयन्त तक मुझे गुमराह किया जा रहा है। जिसकी शिकायत को लेकर कलेक्टर जनदर्शन में राजनांदगांव जिला कलेक्टर महोदय संजय अग्रवाल को 06 जुलाई 2024 को कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत होकर अपना आवेदन प्रस्तुत व पटवारी नीरज हुमने के खिलाफ जाँच कर कार्यवाही करने की प्रार्थना की गई है।

### पूर्व में भी रहे हैं विवादित

पटवारी नीरज हुमने पर प्रधानमंत्री आवास योजना के मकान की जमीन के मामले में गड़बड़ी व रिश्वतखोरी का आरोप ग्राम बछेराभांठा के ग्रामीण लगा चुके है जिसके बाद इनका ट्रांसफर कर दिया गया था।

### प्रतिउत्तर प्राप्त नहीं,काल रिसीव नहीं किया

रिश्वतखोरी की शिकायत के संबंध में प्रतिक्रिया व पक्ष रखने हेतु तहसीलदार व तत्कालिक पटवारी नीरज हुमने को दूरभाष पर संपर्क किया गया पर काल रिसीव नहीं किया गया।

### कालेजों में प्रवेश की तिथि बढ़ाने एनएसयूआई ने सीएम को लिखा पत्र

**रायपुर,8 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़)।**NSUI प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडेय ने 5 अगस्त को समस्त विश्वविद्यालय में प्रवेश की तिथि आगे बढ़ने की माँग को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखा था। NSUI प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडेय का कहना है कि प्रदेश के लगभग सभी विश्वविद्यालय के वर्तमान शैक्षणिक सत्र में प्रवेश संबंधित अंतिम तिथियाँ समाप्त की जा चुकी है एवं प्रदेश के अधिकांश विद्यार्थियों की परीक्षा परिणाम देरी से आई है। प्रवेश की समयावधि अत्यंत अल्प होने के कारणवश किसी भी शैक्षणिक संस्थान में प्रवेश नहीं ले पा रहे हैं, जिनसे उनका एक साल का समय व्यर्थ प्रतीत होगा एवं उनके भविष्य पर गहरा प्रभाव पड़ेगा। तिथि आगे नहीं बढ़ने पर एनएसयूआई द्वारा प्रदेश भर में उग्र आंदोलन की चेतावनी दी थी। चेतावनी पत्र में कहा था कि प्रदेश के सभी विश्वविद्यालय में हजारों की संख्या में अभी भी सीटे रिक्त है एवं पिछले शैक्षणिक सत्र में भी प्रवेश की अंतिम तिथि 15 अगस्त तक थी परंतु वर्तमान



शैक्षणिक सत्र में प्रवेश तिथि 31 जुलाई तक निर्धारित कर दी गई थी, इसको छात्र हित के ध्यान में रखा जाना अति आवश्यक है। पत्र में कहा गया था कि छात्र हित को ध्यान में रखते हुए वर्तमान शैक्षणिक सत्र में प्रवेश तिथि की समयावधि को आगे बढ़ाये जाने हेतु विश्वविद्यालयों को निर्देशित करने की कृपा करें। प्रवेश तिथि नही बढ़ाने की स्थिति में छात्र हित को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ एनएसयूआई द्वारा प्रदेश भर में उग्र आंदोलन किया जाएगा जिसके लिए प्रशासन स्वयं जिम्मेदार होगा।

### भारतीय डाक विभाग ने रक्षाबंधन पर्व के लिए की विशेष व्यवस्था

**रायपुर, ,8 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़)।**आगामी रक्षाबंधन पर्व को ध्यान में रखते हुए भारतीय डाक विभाग द्वारा ग्राहकों के लिए विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं । इस व्यवस्था के तहत विशेष राखी लिफाफा का प्रकाशन कराया गया ताकि इस लिफाफे का उपयोग कर राखियों को शीघ्रता से स्पीड-पोस्ट के माध्यम से प्रेषित किया जा सके । यह विशेष लिफाफा रायपुर प्रधान डाक घर सहित रायपुर संभाग के सभी डाकघरों में उपलब्ध कराया गया है । इसके अलावा राखी प्रेषण के लिए पुजारी पार्क के सामने, टिकरापारा, रायपुर स्थित नेशनल सार्टिंग हब में चौबीसों घंटे एवं प्रधान डाकघर में सुबह 08.00 बजे से रात्रि 08.00 बजे तक और शहर एवं अन्य डाकघरों में स्पीड-पोस्ट बुकिंग की सुविधा उपलब्ध करायी गई है । अत्यधिक मात्रा में स्पीड-पोस्ट, रजिस्टर्ड पोस्ट, पार्सल बुकिंग के लिए रेलवे स्टेशन चौक के पास, गंज डाकघर परिसर में स्थित बल्क प्रोसेसिंग सेंटर में बुकिंग सुविधा उपलब्ध कराई गयी है, जहां बल्क में राखियां प्रेषित की जा सकती हैं । इस अवसर पर राखियां प्रेषित करने के लिए विशेष रूप से पीले रंग की पेटियां लगायी हैं ताकि बहनों की राखियां भाईयों तक शीघ्रता से पहुंचाई जा सके ।

### छुरिया डोगरी टीपानगड़ में हरियाली बहन योजना के तहत पौधारोपण

**छुरिया ,8 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़)।** आज ग्राम पंचायत टीपानगड़ आश्रित ग्राम छुरिया डोंगरी में कलेक्टर राजनांदगांव, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी, पदमश्री से सम्मानित प्रदेश उपाध्यक्ष अनुसूचित जनजाति एमडी ठाकुर पदमश्री से सम्मानित श्रीमती फूलबासन यादव हरियाली बहिन योजना में छुरिया डोगरी पहुंचे जहाँ सैकड़ो के तादाद मे ग्रामीणों के साथ वृक्षारोपण किया इस मौके पर ग्रामीणो ने कलेक्टर संजय अग्रवाल से ग्राम मे प्रा. शा.भवन का माँग रखा उन्होंने तत्काल सीईओ जिला पंचायत को उक्त कार्य को पूरा कराने निर्देश दिया उसके बाद कलेक्टर व जिला सीईओ एम डी ठाकुर ग्राम टीपानगड़ पहुंचकर एक



किसान के निजी भूमि पर वृक्षारोपण किया जहाँ ग्रामीणों को संमबोधित करते हुए एम डी ठाकुर ने कहा वे वर्षो से इस क्षेत्र मे दो पहाड़ी के बीच एक डेम के निर्माण का माँग करते आ रहे पूर्व वर्तमान सरकार गरीब किसानों की सरकार है उन्हें उम्मीद है टीपानगड़ के पाहाड़ी के बीच डेम का निर्माण कराया जाता है तो क्षेत्र के लगभग 20-25 गाँवो के किसानों को इसका लाभ मिलेगा खेती के लिए पर्याप्त मात्रा मे पानी मिलेगा सूत्रो से खबर है जिला कलेक्टर ने एम डी ठाकुर के माँग को गम्भीरता से लेते हुए उन्होंने त्तकाल सिचाई विभाग के अधिकारीयो को मौका मुआवना कर सर्वे का निर्देश देने का जानकारी है कार्यक्रम के दौरान छुरिया जनपद सीईओ शिल्पा देवागन भाजपा नेता मोनू गुप्ता के अलावा बड़े सख्या मे ग्रामीण मौजूद रहे

### संकुल स्तरीय पालक शिक्षा मेगा बैठक में शामिल हुई जनपद पंचायत छुरिया अध्यक्ष किरण वैष्णव

**छुरिया ,8 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़)।** संकुल स्त्रोत केन्द्र चिचोला में संकुल स्तरीय पालक शिक्षा मेगा बैठक का आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत छुरिया अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव शामिल हुई। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती व छत्तीसगढ़ महतारी के तैल चित्र पर पूजा अर्चना कर बैठक की शुरुआत की गई। श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने पालकों से आवाहन किया कि बच्चों के प्रतिदिन गतिविधियों के बारे में बच्चों से चर्चा करें। तथा पढ़ाई हेतु प्रोत्साहित करें और अपने बच्चो के ऊपर ध्यान दे की वो स्कूल जा रहे है या फिर कही और क्युकी यही बच्चे



देश के आने वाले भविष्य है इन्ही को हमारे देश की हमारे समाज की बागडोर सम्हालनी है वो अगर सही दिशा में जा रहे है तो निश्चित ही हमारा देश भी निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर रहेगा शिक्षा एक प्रक्रिया है; जो कि ज्ञान प्राप्ति,विद्या प्राप्ति आदि को सुगम बनाती है।शिक्षा व्यक्ति की अंतर्निहित क्षमता तथा उसके व्यक्तित्त्व का विकसित करने वाली प्रक्रिया है। यही प्रक्रिया उसे समाज में एक वयस्क की भूमिका निभाने के लिए समाजीकृत करती है तथा समाज के सदस्य एवं एक जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए व्यक्ति को आवश्यक ज्ञान तथा कौशल उपलब्ध कराती है।इस कार्यक्रम में स्वस्थ विभाग पशु विभाग जिला विधिक सेवा आयोग और अन्य विभागीय जानकारी भी दी गई इस अवसर पर श्री मति संगीता यादव मंडल मंत्री श्री खिलेंद्र साहू समाज सेवी श्री एच के रात्रे विधिक सेवा आयोग के सचिव श्री शिवकरण वर्मा अधिवक्ता प्राचार्य श्री सी पी जोशी ऊ मा शाला चिचोला श्री आशाराम कवर जनपद पंचायत श्री आतिश सिंहा सरपंच छुरिया श्री मति उपासना चंद्राकर श्री सोमेंद्र खरे श्री राकेश गुप्ता पीडब्ल्यूडी विभाग श्री कांडे सर श्री मोहित साहू सर सभी शिक्षक पालक और ग्राम वासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### तलवार दिखा कर जान से मारने दी धमकी

**डोंगरगांव,8 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़)।** पुलिस अधीक्षक राजनादगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा तथा पुलिस अनु0 अधि0 डोंगरगांव, श्री दिलीप सिंह सिसोदिया राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी डोंगरगांव ,निरीक्षक श्री उपेन्द्र कुमार शाह के नेतृत्व मे थाने मे दिनांक 04.08.24 को प्रार्थी ने जबानी रिपोर्ट दर्ज कराया कि 05 लोगों के द्वारा मिलकर आपसी रंजिस को लेकर बाहर से लोग बुलाकर तलवार दिखा कर हाथ मुक्का से मारपीट किये है जिससे चोंटें आई के रिपोट पर अप0 क्र0 199/2024 , धारा- 296, 118(1), 190, 191(2), 191(3) BNS, 25,27 आर्म्स एक्ट का अपराध कायम कर विवेचना मे लिया गया , त्वरित कार्यवाही करते हुये आरोपियों का पता तलाश कर पकड़ा गया आरोपी के कब्जे से 01 नग तलवार जप्त किया , आरोपियों 1.छन्नुलाल खरे पिता रामेश्वर खरे उम्र 25 वर्ष 2. टीकम खरे पिता रामेश्वर दास खरे उम्र- 20 साल , दोनो निवासी ग्राम कोनारी थाना डोगरगांव जिला राजनांदगांव छ0ग 3. करण भारती पिता घनश्याम भारती , उम्र- 20 साल, 4.सुखचंद भारती पिता पृथ्वीराज भारती उम्र 18 वर्ष 02 माह दोनो निवासी ग्राम बांकल ,थाना लालबाग , जिला राज0 ,छ0ग0, के द्वारा दिनांक घटना समय को धारा सदर का घटना कारित करना स्वीकार किया। करने से दिनांक 06.08.24को गिर0 कर आज दिनांक 07.08.24 को ज्युडिशियल रिमांड पर भेजा गया है । उक्त कार्यवाही मे थाना डोंगरगाव का विशेष भुमिका रही है ।

## संपादकीय

# बात करेंगे तो ही पता चलेगा कि विकास हुआ या नहीं...

शिक्षा के क्षेत्र में हर सरकार कुछ न कुछ बेहतर करने का प्रयास करती है, यह और बात अलग है कि उसका परिणाम कितना अच्छा निकलता है या वह मात्र दिखावे के लिए होता है। हर सरकार बच्चो की बेहतर शिक्षा के लिए नई नई योनजाएं बनाती हैं। नए नए कार्यक्रम बनाती है।करोड़ो रुपए खर्च भी करती है, पांच साल उस पर काम भी होता है। हर सरकार पांच साल अपनी सफलता का ढिंढोरा भी पीटती है कि पिछली सरकार या सरकारों से हमने बेहतर क्या किया है, अलग क्या है, उसका परिणाम क्या रहा है। किसी भी सरकार के कामकाज की सफलता का पैमाना तो जिसके लिए काम किया गया होता है,वह होते हैं। सरकार के बेहतर शिक्षा के लिए किए गए प्रयास का बच्चों को कितना फायदा हुआ है. यह तो बच्चे के परफार्मेस से पता चलता है, माता-पिता ही बता सकते हैं कि सरकार की योजना या कार्यक्रम का उनके बच्चे को क्या लाभ हुआ है। वह पहले से होशियार हुआ है, या नही हुआ है। वह पहले से ज्यादा योग्य हुआ है या पहले जैसा ही है। रमन सरकार ने अपने समय में छत्तीसगढ़ में जहां जहां स्कूल नहीं थे,वहां स्कूल खोले थे, पहले जरूरत शिक्षा के लिए स्कूल खोलने की तो यही किया गया। भूपेश बघेल सरकार के समय राज्य में बेहतर हिंदी माध्यम की शिक्षा के साथ बेहतर अंग्रेजी माध्यम में शिक्षा की जरूरत महूसस की गई तो भूपेश बघेल सरकार ने राज्य के बच्चो के लिए बेहतर अंग्रेजी माध्यम के स्कूल खुलवाए। इससे राज्य के बच्चों को हिंदी के साथ अंग्रेजी माध्यम से अच्छी शिक्षा मिल रही है। साय सरकार ने इसे बनाए रखा है और अब वह राज्य में शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों के विकास के लिए काम करने की जरूरत है तो उसने एक नया प्रयोग शुरू किया है, पालकों व शिक्षकों के बीच संवाद का। इसके लिए साय सरकार ने हाल ही मे राज्य के सभी स्कूलों में पालक-शिक्षक मेगा मीटिंग का आयोजन करवाया है। इसमें राज्य के लाखों पालक व शिक्षक शामिल हुए। आपस में बच्चों के विकास के लिए १२ बिंदुओं पर बात की।पालकों को बताया गया कि बच्चों की पढ़ाई के लिए मेरा कोना-स्टडी कार्नर एक तय जगह पर बनाएं,बच्चों की दिनचर्या कैसी हो,बच्चा स्कूल से लौटे तो उससे पालक जरूर पूछें कि स्कूल में आज क्या सीखा,इससे पालकों को बच्चे की प्रोगेस का पता चलता रहेगा,शिक्षक बच्चो बेझिझक बोल सके, इसके लिए उसके स्टेज या लोगों के बीच बोलने के भय को दूर करेंगे,इससे लोगों के बीच बोलने व लीडरशिप के गुण का विकास होगा, बच्चों की अकादमिक प्रगति व परीक्षा पर चर्चा से पालकों व बच्चों को परीक्षा का जो तनाव होता है, उसे दूर करने का प्रयास होगा, बच्चे को पालक व शिक्षक संवाद कर अच्छे अंक लाने के लिए प्रेरित करेंगे। इनके अलावा अन्य बिंदु हैं-पुस्तक की उपलब्धता सुनिश्चित करना,बस्ता रहित शनिवार के अंतर्गत ज्ञानवर्धक गतिविधियों से बच्चों को जोड़ना, बच्चों के आयु,कक्षा के अ?रूप स्वास्थ्य परीक्षण करना एवं पोषण की जानकारी देना,न्योता भोज के माध्यम से बच्चों को सामुदायिक भागीदारी के लिए प्रोत्साहित करना, विभिन्न डिजिटल प्लेटफार्म के माध्यम से शिक्षा के लिए पालको एवं बच्चों को अवगत कराना, विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं,छात्रवृत्ति एवं सरकारी योजनाओं जानकारी देना,जाति,आय, निवास प्रमाणपत्र निर्माण एव नई शिक्षा नीति की जानकारी देना। सीएम साय ने एक मेगा बैठक में आयोजन के महत्व के बारे में बताया कि शिक्षा विकास का मूलमंत्र है,यह केवल नौकरी पाने का माध्यम नहीं है, बल्कि किसी क्षेत्र में सबसे अच्छा काम करने के लिए शिक्षा बहुत जरूरी है। एक शिक्षित व अशिक्षित व्यक्ति दोनों जीवन जीते हैं, लेकिन दोनों के जीवन की गुणवत्ता में फर्क होता है।उन्होंने उम्मीद जताई है कि बच्चों की अच्छी शिक्षा व उन्नत भविष्य के लिए जरूरी है कि पालक व शिक्षक नियमित संवाद करें। दोनों संवाद प्रक्रिया में जितना अधिक हिस्सा लेंगे बच्चों का उतना ही रचनात्मक विकास होगा। शिक्षक व पालक संवाद के लिए तो पहले भी स्कूलों में बैठकों का आयोजन साल में एक दो बार किया जाता था, पालकों से बच्चों के विकास के लिए सुझाव लिए जाते थे। यह एक औपचारिकता की तरह किया जाता था, साय सरकार ने बच्चों के विकास के लिए पालकों व शिक्षकों के संवाद को अब गंभीरता से लिया है इसलिए अब यह पहले से ज्यादा होंगे और नियमित भी होंगे। रमन सरकार, भूपेश सरकार ने शिक्षा के लिए जो प्रयास किए वह उनके समय की जरूरत से हिसाब से ठीक थे, अब साय सरकार बच्चों की बेहतर शिक्षा व विकास के लिए कुछ कर रही है तो यह वर्तमान की जरूरत है। इसका स्वागत किया जाना चाहिए और सराहना भी की जानी चाहिए।

**विश्व आदिवासी दिवस 9 अगस्त पर विशेष लेख**

# आदिवासी अंचल में पहुंच रही हैं तेजी से विकास योजनाएं

**छगनलाल लोन्हारे/जी.एस. केशरवानी (उप संचालक)**



प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने छत्तीसगढ़ में 32 प्रतिशत जनजातीय समुदाय की आबादी को देखते हुए राज्य की बागडोर श्री विष्णु देव साय के हाथों में सौंपी है। राज्य गठन के 23 वर्षों बाद वे ऐसे पहले आदिवासी नेता है जिन्हें राज्य के मुखिया के तौर पर कमान सौंपी गई है। राज्य में नई सरकार की गठन के साथ ही उन्होंने किसानों, महिलाओं और वंचित समूहों को आगे बढ़ाने के लिए योजनाओं की शुरूआत की। वे सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के ध्येय वाक्य को लेकर सभी वर्गों की उन्नति और बेहतरी के लिए काम कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ की समृद्ध आदिवासी संस्कृति की देश-विदेश में अलग पहचान रही है। राज्य के आदिवासी अंचल एक ओर वनों से आच्छादित है। वहीं इन क्षेत्रों में बहुमूल्य खनिज सम्पदा भी है। मनोरम पहाड़ियां, झरनें, इठलाती नदियां बरबस लोगों को आकर्षित करती हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में गठित नई सरकार बनने के बाद राज्य के आदिवासी अंचलों में जन जीवन में तेजी से बदलाव लाने और उन्हें मुख्यधारा में शामिल करने के लिए अनेक नवाचारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। आदिवासी समुदाय को सभी प्रकार की मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए संचालित की जा रही महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री जनमन योजना में आदिवासी बहुल क्षेत्रों में सड़क, बिजली, आवास, पेयजल जैसी महत्वपूर्ण मूलभूत सुविधाएं पहुंचाई जा रही हैं। साथ ही केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन किया जा रहा है।आदिवासी क्षेत्रों के तेजी से विकास सुनिश्चित करने के लिए केन्द्र सरकार की पहल पर जगदलपुर के नगरनार में लगभग 23 हजार 800 करोड़ रूपए की लागत से वृहद स्टील प्लांट लगाया गया हैं, इससे आने वाले वर्षों में बस्तर अंचल की पूरी तस्वीर बदलेगी। लोगों को बड़ी संख्या में रोजगार मिलेगा साथ ही रोजगार के नए अवसरों का निर्माण होगा। इस साल के केन्द्रीय बजट में जनजाति उन्नत ग्राम अभियान योजना शामिल की गई है। इस योजना से राज्य के लगभग 85 विकासखंडों में शामिल गांवों को विभिन्न मूलभूत सुविधाएं मिलेगी। इसके अलावा जैविक खेती को बढ़ावा देने जैसी प्राथमिकताएं भी जनजाति क्षेत्रों की दशा और दिशा बदलेंगी। जनजाति क्षेत्रों के तेजी से विकास सुनिश्चित करने के लिए भारत माला प्रोजेक्ट के अंतर्गत रायपुर-विशाखापत्तनम एक्सप्रेसवे बनाया जा रहा है 464 किलोमीटर लंबा और छह लेन चौड़ा एक्सप्रेसवे होगा। यह छत्तीसगढ़, ओडिशा और आंध्र प्रदेश से होकर गुजरेगा। यह एक्सप्रेसवे मार्ग छत्तीसगढ़ में 124 किलोमीटर, ओडिशा में 240 किलोमीटर और आंध्र प्रदेश में 100 किलोमीटर बनेगी। उड़ीसा से आंध्रप्रदेश के विशाखापटनम तक बनाए जा रहे इस नए कॉरिडोर से आर्थिक गतिविधियों में तेजी आएगी। वहीं नए उद्योगों की स्थापना से रोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी। बस्तर के माओवादी आतंक से सुरक्षा प्रदान करने के लिए एक तरफ सुरक्षा कैंपों की सख्या बढ़ायी जा रही है। वहीं सुरक्षा कैंपों के आसपास 5 किलोमीटर के दायरे में आने वाले गांवों में केन्द्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए नियद् नेल्लानार जैसी नवाचारी योजनाओं की शुरूआत की गई है। इस योजना के बेहतर और सार्थक परिणाम मिल रहे हैं। लोगों का विश्वास फिर से शासन-प्रशासन के प्रति लौटने लगा है। आदिवासियों की




आय में वृद्धि और उन्हें बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सरकार तेजी से काम कर रही है। प्रदेश सरकार ने लगातार ऐसे कदम उठाए हैं, जिनसे वनों के साथ आदिवासियों का रिश्ता फिर से मजबूत हुआ है। वनांचल क्षेत्रों में लघु वनोपज की समर्थन मूल्य पर खरीदी के साथ-साथ तेन्दूपत्ता का खरीदी कार्य भी पहले से अधिक व्यवस्थित रूप से किया जा रहा है। राज्य सरकार द्वारा 36 कॉलेजों के भवन-छात्रावास निर्माण के लिए 131 करोड़ 52 लाख रूपए मंजूर किए गए है। इससे प्रदेश के 36 कॉलेजों के इंफ्रास्ट्रक्चर सुदृढ़ होंगे तथा शैक्षणिक माहौल को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। वहीं युवाओं को उच्च स्तर की शैक्षणिक सुविधाएं प्राप्त होगी और वे बेहतर भविष्य की ओर बढ़ सकेंगे।

राज्य सरकार ने तेन्दूपत्ता पारिश्रमिक दर प्रतिमानक बोरा 4000 से बढ़ाकर 5500 रूपए कर दिया है। इससे लगभग 13 लाख जनजाति परिवार लाभान्वित हो रहे हैं। इन क्षेत्रों में लघु वनोपज संग्रहण भी महिला स्व-सहायता समूहों के माध्यम से हो रहा है। लघु वनोपज के प्रसंस्करण के लिए वनधन केन्द्रों की स्थापना की गई है। प्रदेश में जनजातिय समुदाय के बच्चों के लिए बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए 75 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। इसके अलावा माओवादी प्रभावित क्षेत्र के बच्चों के लिए 15 प्रयास आवासीय विद्यालय संचालित है। इन विद्यालयों में मेधावी विद्यार्थियों को अखिल भारतीय मेडिकल और इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा की तैयारी कराई जा रही हैं। नई दिल्ली में संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा की तैयारी के लिए संचालित यूथ हॉस्टल में सीटों की संख्या 50 से बढ़ाकर 185 कर दी गई है। राज्य में बस्तर, सरगुजा, मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास, अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण तथा छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण अन्य पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरणों के कामकाज को व्यवस्थित और प्रभावित बनाने के लिए इनका पुनर्गठन किए जाने का निर्णय लिया गया है। इन प्राधिकरणों की कमान अब मुख्यमंत्री के हाथों में होगी। क्षेत्रीय विधायक इन प्राधिकरणों के सदस्य होंगे तथा मुख्यमंत्री के सचिव अथवा सचिव इन प्राधिकरणों के सदस्य सचिव होंगे। आदिवासी संस्कृति के संरक्षण के लिए बस्तर अंचल के देवगुड़ियां और घोटुलों तथा अन्य ऐतिहासिक धरोहरों के आसपास एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण किया जा रहा है। इससे लोगों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ रही है, साथ ही ऐसे स्थानों में प्राकृतिक सुन्दरता भी बढ़ेगी।

## आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए परोपकार के कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए रहेगा। कार्यक्षेत्र में आप इस समय कोई बदलाव न करें, नहीं तो इससे आपको कोई नुकसान हो सकता है। आपके परिवार में किसी सदस्य की सेहत में गिरावट रहने के कारण आप परेशान रहेंगे। भागदौड़ भी अधिक होगी और विद्यार्थी अपनी पढ़ाई पर पूरा फोकस बनाएंगे, जिससे उनको अपने विषयों को समझने में आसानी होगी।

वृषभ- आज का दिन आपके लिए तरक्की दिलाने वाला रहेगा। आपके घर किसी मांगलिक कार्यक्रम को लेकर चर्चा हो सकती है। आप परिवार के सदस्यों के साथ मिल बैठकर पारिवारिक समस्याओं को लेकर बातचीत करेंगे, जिससे चल रही अनबन भी दूर होंगी। आपको संतान के भविष्य की किसी बात को लेकर चिंता हो सकती है, इसलिए आप कुछ नए इन्वेस्टमेंट कर सकते हैं। आपको कार्यक्षेत्र में कामों को लेकर कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आपको सामाजिक क्षेत्रों में भी मान सम्मान मिलेगा।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आपके प्रभाव और प्रताप में वृद्धि होगी। आप कार्यक्षेत्र में अच्छा लाभ उठाएंगे। आपको अपने कामों में सजग रहने की आवश्यकता है। आप किसी अजनबी पर भरोसा ना करें। आपकी कार्य क्षमता बढ़ेंगी, जिसे देखकर अधिकारी भी प्रसन्न रहेंगे और आप अपनी मेहनत से अच्छा मुकाम हासिल करेंगे। आप कुछ कामों को लेकर छोटी दूरी की यात्रा पर जा सकते हैं, जिसमें आपको वाहन सावधानी से चलाने की सलाह दी जाती है।

कर्क- आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। भाग्य का आपको पूरा साथ मिलेगा। आपका कुछ धन लंबे समय से कहीं फंसा हुआ था, तो वह भी आपको मिल सकता है। राजनीति में कार्यरत लोगों को कोई पुरस्कार मिलने से माहौल खुशनुमा रहेगा। आपको अपनी संतान को कुछ जिम्मेदारियां देनी होगी, जिससे कि वह आगे चलकर उन्हें आसानी से संभाल सके। आपको किसी काम को लेकर जल्दबाजी में कोई निर्णय लेने से बचना होगा।

सिंह- आज का दिन आपके लिए अपने आलस्य को त्याग कर आगे बढ़ने के लिए रहेगा। आप अपने आसपास रह रहे लोगों से किसी जरूरी काम को लेकर बातचीत कर सकते हैं। आपके प्रभाव व प्रताप में वृद्धि होगी। आपको किसी काम को लेकर यदि कोई गलतफहमी चल रही है, तो आप उसे परिवार में किसी सदस्य के सामने मिल बैठकर दूर करने की कोशिश करें। आप किसी के लिए अपने मन में ईर्ष्या की भावना ना रखें। पारिवारिक जीवन खुशनुमा रहेगा।

कन्या- आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आप कोई निर्णय भावुकता में न लें, नहीं तो इससे बाद में आपको समस्या होगी। आपका किसी पुरानी गलती से पर्दा उठ सकता है। जीवनसाथी आपसे किसी बात को लेकर नाराज रहेंगे। यदि ऐसा हो, तो आपको उन्हे मनाने की कोशिश करनी होगी। आपके परिवार का कोई सदस्य आपसे लंबे समय बाद मेल मुलाकात करने आ सकता है। आपको अपनी शारीरिक समस्याओं को नजरअंदाज करने से बचना होगा।

तुला- आज का दिन आपके लिए आय को बढ़ाने वाला रहेगा। आपका लाभ की योजनाओं पर पूरा ध्यान रहेगा। आप अपनी वाणी की सौम्यता से लोगों को आपकी तरफ आकर्षित करेंगे, जिससे आपके मित्रों के संख्या में इजाफा होगा। आप अपने घर में किसी कार्यक्रम का आयोजन कर सकते हैं। आपको अपनी किसी जिम्मेदारी में ढील देने से बचना होगा। संतान की पढ़ाई को लेकर आपको कोई चिंता सता सकती है।

वृश्चिक- आज का दिन नौकरी में कार्यरत लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। आपको किसी पैतृक संपत्ति के मिलने की संभावना है, जो आपकी आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाएगी। आप किसी के कहने में आकर कोई निवेश करने से बचें। आप मौज मस्ती से भरपूर रहेंगे और आपको अपने आलस्य को त्यागकर आगे बढ़ना होगा। विद्यार्थियों के उच्च शिक्षा के मार्ग प्रशस्त होंगे। आप लेनदेन से संबंधित किसी मामले में सावधान रहें।

धनु- आज का दिन बिजनेस कर रहे लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। आपका धन यदि कहीं फंसा हुआ था, तो उसके मिलने की संभावना है। कोई कानूनी मामला यदि लंबे समय से विवादित था, तो वह आज सुलझ सकता है। आप अपनी सुख सुविधाओं की चीजों पर अच्छा खासा धन व्यय करेंगे। माता-पिता के आशीर्वाद से आपको किसी बड़े इन्वेस्टमेंट करने का मौका मिलेगा। आप किसी नई कंपनी से जुड़कर अपने बिजनेस को ऊंचाईयों तक लेकर जाएंगे। किसी अजनबी पर आप बहुत ही सोच विचारकर भरोसा करें।

मकर- आज का दिन आपके लिए आय को बढ़ाने वाला रहेगा। भाग्य का आपको पूरा साथ मिलेगा, इसलिए आप जिस भी काम में हाथ डालेंगे, उसमें आपको सफलता आसानी से मिल सकेगी। नौकरी में कार्यरत लोगों को प्रमोशन मिलने से उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपको वाहनों का प्रयोग बहुत ही सावधान रहकर करना होगा और यदि आपका कुछ धन फंसा हुआ था, तो वह भी आपको प्राप्त हो सकता है। पारिवारिक जीवन में चल रही समस्याओं से आपको छुटकारा मिलेगा।

कुंभ- आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आपको कार्यक्षेत्र में किसी काम के दबाव में आने से बचना होगा। आपको किसी नई संपत्ति की खरीदारी करना आपके लिए अच्छा रहेगा। आप किसी के कहने में आकर कोई लेनदेन ना करें, नहीं तो इससे आपको कोई नुकसान होने की संभावना है। आपकी तरक्की की राह में आ रही बाधाएं दूर होंगी। यदि आपको किसी काम को लेकर चिंता सता रही थी, तो वह भी दूर हो सकती है। प्रेम जीवन जी रहे लोगों को अपने साथी की बातों को सोच समझकर अपने रिश्ते में आगे बढ़ना होगा।

मीन- आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आपके ऊपर काम का दबाव अधिक रहेगा। आपको किसी बात को लेकर यदि टेंशन चल रही थी, तो वह भी बढ़ सकती है। वैवाहिक जीवन में आपको तालमेल बैठाना होगा और अपने जीवनसाथी की समस्याओं को सुनने के लिए समय निकले। संतान को तरक्की करते देख आपको खुशी होगी। आप दान पुण्य के कार्य में भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे। आपको अपने आसपास रह रहे लोगों से सावधान रहना होगा।

# जहां नागपंचमी पर ताले की पूजा होती है

**(पवन वर्मा - विनायक फीचर्स)**

आपने देश में जगह-जगह तरह-तरह की पूजा के बारे में सुना होगा पर मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल से सटे विदिशा शहर में एक स्थान ऐसा भी है जहां नागपंचमी पर ताले की पूजा होती है और यह किसी परम्परा या मान्यता के कारण नहीं होता बल्कि यह पूजा यहां एएसआई (भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग) के आदेश के कारण होती है। दिलचस्प यह है कि यह पूजा एक ऐसे मंदिर में होती है जिसकी डिजाइन पर नई लोकसभा का निर्माण हुआ है। मध्यप्रदेश का विदिशा शहर एक ऐतिहासिक नगरी के रूप में प्रसिद्ध है। बेतवा नदी के किनारे भगवान राम के चरण यहां जिस जगह पर पड़े वह जगह यहां चरणतीर्थ के नाम से प्रसिद्ध है। भगवान राम के छोटे भाई शत्रुघ्न के पुत्र शत्रुघाती (कहीं-कहीं इनका नाम यूपकेतु और सुबाहु भी मिलता है) भी यहां के राजा रहे। स्कंद पुराण में उल्लेख है कि वाल्मीकि ऋषि भी इसी क्षेत्र के निवासी थे। सम्राट अशोक की पत्नी विदिशा भी यहां के नगर सेठ की कन्या थीं।

**विजय मंदिर का इतिहास**-विदिशा भारत के मध्य में स्थित है। प्राचीन काल से ही यह चारों तरफ से अनेक महत्वपूर्ण व्यापारिक एवं धार्मिक स्थानों से जुड़ा रहा। इसी कारण यह हमेशा से ही समृद्ध एवं गौरवशाली नगर रहा है। इस नगर का यह वैभवशाली इतिहास ग्यारहवीं सदी में अपना गौरव स्थापित किए हुए था। तब यहां परमार वंश के राजा कृष्ण के प्रधानमंत्री वाचस्पति ने एक बड़ी विजय के उपलक्ष्य में भव्य मंदिर का निर्माण कराया। कहा जाता है कि इस मंदिर की ऊंचाई 105 गज थी और यह लगभग आधा मील की लंबाई और चौड़ाई में फैला हुआ था। इस पर स्थापित कलश दूर से ही दिखाई देते थे। दक्षिण भारत के मंदिरों की शैली में बना यह मंदिर दूर-दूर तक प्रसिद्ध था। मंदिर की ख्याति सोमनाथ के मंदिर की तरह सर्वत्र पहुंच चुकी थी। इस मंदिर को अब विजय मंदिर के नाम से जानते हैं, लेकिन भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग और विदिशा जिला प्रशासन के रिकॉर्ड में यह बीजा मंडल मस्जिद के नाम से दर्ज है।

**024 से मन्दिर झेल रहा हमले**-1024 में गजनी (अब अफगानिस्तान) के मेहमूद गजनी ने विदिशा पर आक्रमण कर दिया और इस मंदिर को लूटकर तहस-नहस कर दिया। गजनी के दरबारी अलबरूनी ने उस समय लिखा था कि यह तीन सौ साल पुराना बहुत बड़ा और भव्य मंदिर था। जहां साल भर यात्री आते रहते थे और दिन-रात पूजा आरती होती रहती थी।मेहमूद गजनी के जाने के बाद इस मंदिर का पुनः निर्माण हुआ और यह अपनी उसी भव्यता के साथ फिर उठ खड़ा हुआ लेकिन दो सौ वर्षों बाद 1233-34 में आक्रांता इल्तुतमिश ने इस मंदिर को पुनः तोड़ दिया। 1250 में यहां के राजा ने मंदिर का पुनः निर्माण कराया। मंदिर फिर भव्यता से उठ खड़ा हुआ। बाद में 1290 से 1293 के बीच अलाउद्दीन खिलजी के गुलाम मलिक काफूर ने इस मंदिर को जमकर लूटा। यहां की मूतियों को नष्ट कर दिया। यहां स्थापित अष्टधातु की 8 फीट की एक मूर्ति को भी वह यहां से ले गया और बदायूं की मस्जिद में जमीन में लगा दिया। मलिक काफूर के बाद, 1456 से 1460 के बीच महमूद खिलजी और 1532 में बहादुर शाह ने इस मंदिर पर आक्रमण किए। इस मंदिर की यह विशेषता रही कि हर बार आक्रांता मंदिर पर आक्रमण करते, लूटपाट मचाते और 20-25 वर्षों में ही यह मंदिर पुनः अपनी भव्यता के साथ उठ खड़ा होता। अनेक हमलों को झेलकर भी यह मंदिर अपनी पहचान पुनः बना लेता था। अंततः मुगल शासक औरंगजेब ने इस मंदिर को बुरी तरह से लूटा और जब उससे यह पूरी तरह ध्वस्त नहीं हुआ तो 1682 में इस मंदिर को ग्यारह तोपों से उड़वा दिया। मंदिर को बुरी तरह से क्षत विक्षत करके मूतियों को तोड़ दिया और मंदिर के मलबे से ही एक मस्जिद बना दी। बाद में 1760 में जब विदिशा में पेशवाओं का शासन प्रारंभ हुआ तो उन्होंने यहां नमाज पढ़ने पर रोक लगा दी।

**पूजा की परम्परा रही कायम**-इस बीच यहां के स्थानीय निवासियों ने अपनी परंपरा को कायम रखा और उस समय कुछ भी न उपलब्ध होने पर गुपचुप रुप से भाजी रोटी से ही पूजा करते रहे। यह स्थान एक टीले के रूप में था। यहां वर्ष में केवल दो बार ईद पर ही नमाज पढ़ी जाती थी लेकिन तब भी भाजी रोटी से पूजा जारी रही।भारत की स्वतंत्रता के बाद हिन्दू महासभा ने सोमनाथ के मंदिर की तरह ही इस मंदिर को मुक्त कराने का अभियान चलाया। वर्षों तक यहां ईद की नमाज और विजय मंदिर मुक्ति आंदोलन साथ-साथ चलते रहे। इस बीच इस स्थान को बीजामंडल मस्जिद का नाम मिल गया जबकि पूरे क्षेत्र में ढेरों क्षत विक्षत मूतियां बिखरी पड़ी थी।

**और मिलने लगे मन्दिर के प्रमाण**...वर्ष 1991 में एक रात जमकर बारिश हुई जिसमें मंदिर की एक दीवार गिर गयी और इस दीवार में दबी सैकड़ों मूतियां बाहर आ गयी। चूंकि उसी समय अयोध्या के राम मंदिर का आंदोलन भी चरमोत्कर्ष पर था तो प्रशासन ने पुरातत्व विभाग को इस स्थान पर खुदाई करने के आदेश दे दिए। पुरातत्व विभाग के उत्खनन में यहां एक पूर्ण मंदिर होने के प्रमाण मिल गए। जिनमें दो बाहरी द्वार भी निकले जो मंदिर से 150-150 गज की दूरी पर है। मंदिर परिसर में एक बावड़ी भी है जिसके स्तम्भों पर कृष्णलीला के दृश्य उत्कीर्ण है। कुछ पत्थर भी मिले जिस पर संस्कृत में चर्चिका देवी की स्तुति है।

**नाग पंचमी 9 अगस्त**

# भारतीय संस्कृति की मिसाल है नागपूजा

**डॉ. सूर्यकांत मिश्रा**





हमारी भारतीय संस्कृति में व्याप्त धार्मिक आस्थाओं के आधार पर लिंग , सर्प , अग्नि , सूर्य , तथा पितृ का बड़ा महत्व रहा है । मोहन जोदड़ो , हड़प्पा और सिंधु सभ्यता की खुदाई में जो प्रमाण मिले हैं उनमें नाग पूजा के अनेक प्रमाण उपलब्ध हैं । मिस्त्र देश में नाग पूजा की मान्यता प्राप्त होने से ही शेख हरेदी नामक सर्प पूजा आज भी बड़ी धूमधाम और श्रद्धा - विश्वास के साथ की जाती है । भारतवर्ष शुरू से ही विविध मत - मतांतरों के आधार पर धार्मिक अनुष्ठान किसी न किसी रूप में करता आया है । पूर्व काल से चली आ रही प्रथाएं भी इसका मुख्य कारण हो सकती हैं । यही कारण है कि श्रावण शुक्ल पंचमी तिथि को नाग पंचमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है । इस दिन नाग की पूजा का प्रावधान प्राचीनकाल से हमारी परंपरा के रूप में स्थापित हो चुका है ।नाग को हमारी भारतीय संस्कृति में शक्ति एवं सूर्य का अवतार भी माना जाता है । हम इसे भी स्वीकार करने में किसी प्रकार का संशय नहीं पालते हैं कि हमारी धरती शेषनाग के फन पर टिकी हुई है ! यह भी कहा जाता है कि जब कभी धरती पर पाप बढ़ता है , तो शेषनाग अपने फनो को समेटने लगते हैं और धरती डगमगाने लगती है ! इसे ही हम भूकंप का नाम देते हैं । हमारे पुराणों में नागों से शादी का उल्लेख भी मिलता है । राजा परीक्षित एवं जन्मेजय का नाग यज्ञ अपने आप में अदभुत है । ज्योतिष शास्त्र में विश्वास करने वाले कुंडली में ₹ कालसर्प दोष ₹ को भलीभांति समझते हैं । ऐसा माना जाता है कि कुंडली में यह दोष होने से व्यक्ति को अनेक प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है । नाग पंचमी का पर्व ऐसे लोगों के लिए कालसर्प दोष से निजात पाने का अच्छा अवसर माना जाता है । विधि - विधान से नाग पंचमी के दिन पूजा कर दान आदि के माध्यम से कालसर्प दोष को कम किया जा सकता है । ज्योतिष शास्त्र में माना जाता है कि राहु के अधिदेव काल हैं और केतु के सर्प । जब किसी व्यक्ति की कुंडली में सभी ग्रह राहु और केतु के मध्य में आ जाते हैं तब कालसर्प दोष का योग बनता है । कालसर्प दोष से निवृत्ति हेतु नाग पंचमी के दिन इन मंत्रों का जप लाभकारी होता है :-

राहु के लिए :- ॐ भ्रां , भ्रीम , भ्रौं , सः राहवे नमः ।।

केतु के लिए :- ॐ स्त्राम , स्त्रीम , स्त्रौं , सहः केतवे नमः ।।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार नाग पंचमी का पर्व देश के अलग - अलग क्षेत्रों में अनेक तरीकों से मनाया जाता है । ऐसी ही एक परंपरा उत्तर प्रदेश में निभाई जाती है । नाग पंचमी के दिन उत्तर प्रदेश में ₹ गुड़िया पीटने ₹ का रिवाज है , जो अपने आप में अनोखा कहा जा सकता है । हिंदू धर्म ग्रंथों में ऐसा उल्लेख मिलता है कि तक्षक नाग के डस लेने से राजा परीक्षित की मौत हुई थी । उनकी मौत के कुछ वर्षों के बाद तक्षक की चौथी पीढ़ी की कन्या का विवाह राजा परीक्षित की चौथी पीढ़ी में हुआ । विवाह के बाद उसने अतीत का यह राज एक सेविका को बता दिया । उस कन्या ने सेविका से कहा कि वह यह बात किसी और को न बताए, लेकिन सेविका से नहीं रह गया और उसने वह बात दूसरी सेविका को बता दी । इस तरह बात फैलते - फैलते पूरे नगर में चर्चा का विषय बन गई । यह बात जब तक्षक के राजा को पता चली तो उन्हें क्रोध आ गया । उन्होंने नगर की सभी स्त्रियों को चौराहे पर इकट्ठा होने का आदेश दिया । इसके बाद कोड़ों से पिटवाकर उनकी हत्या करवा दी ! राजा को इस बात का गुस्सा था कि औरतों के पेट में कोई बात नहीं पचती ! इसी वजह से उसकी पीढ़ी से जुड़ी अतीत की एक पुरानी बात पुरे साम्राज्य में फैल गई ! मान्यताओं के अनुसार तभी से गुड़िया पीटने की परंपरा शुरू हो गई । इसी से जुड़ी और भी कथाएं हैं । एक कथा भगवान शंकर के एक भक्त से संदर्भित कर बताई जाती है । कथानक के अनुसार शिव भक्त प्रतिदिन शिवालय में जाकर पूजा करता और नाग देवता के दर्शन करता था । धीरे - धीरे नाग उस भक्त से प्रेम करने लगा । जैसे ही शिव जी का भक्त शिवालय में आता , नाग प्रेमवश उसके पैरों में लिपट जाता ! एक दिन शिव भक्त अपनी बहन के साथ पूजा करने आया । उसकी बहन ने देखा कि नाग उसके भाई के पैरों पर लिपट गया है । उसे लगा वह उसे डस रहा है । उसकी बहन ने उसे पीट - पीटकर मार डाला । यह देख भक्तों ने कहा नाग देवता का स्वरूप होते हैं । तुमने पाप किया है । इसका दंड तुम्हें अवश्य मिलेगा । हालांकि पाप अनजाने में हुआ है , इसलिए भविष्य में आज ही के दिन लड़की की जगह गुड़िया को पीटा जाएगा । भारतवर्ष की संस्कृति पूरे विश्व में आदर के साथ अपना महत्व सिद्ध करती रही है । नागों अथवा किसी भी प्रजाति के सांप के सामने आते ही हमारी रुह कांप जाती है । हमारी संस्कृति ने ऐसा होने के बाद भी सांपो की पूजा के लिए एक नहीं अनेक मंदिरों का निर्माण किया है ! प्रसिद्ध नाग मंदिरों में हम यहां कुछ का उल्लेख करना चाहते हैं । देश के उत्तराखंड में यूं तो कई प्राचीन मंदिर हैं किंतु नैनीताल के पास स्थित भीमताल में एक प्राचीन नाग मंदिर है जिसे ककोंटक नाग मंदिर के नाम से जाना जाता है । नागराज का उक्त मंदिर ककोंटक नामक पहाड़ी की चोटी पर स्थित है । बताया जाता है कि इस मंदिर का इतिहास पांच हजार साल पुराना है ! स्कंद पुराण के मानसखंड में ककोंटक नाग मंदिर का उल्लेख मिलता है । इसी तरह जम्मू - कश्मीर में भी नागराज का प्रसिद्ध मंदिर होना बताया जाता है । उस मंदिर का नाम शेषनाग मंदिर है । शेषनाग का उक्त मंदिर पीर-पंजाल पर्वत श्रृंखला में पटनी टॉप पर स्थित है । पहाड़ की चोटी पर बने उस मंदिर का इतिहास 600 साल पुराना बताया जाता है । 12 ज्योतिर्लिंगों में से दो ज्योतिर्लिंग मध्य प्रदेश में स्थित हैं । राज्य के इंदौर जिले से लगभग 30 किलोमीटर दूर नागपुर गांव में भी एक अदभुत नाग मंदिर बना हुआ है । ऐसी मान्यता है कि उस मंदिर में दो मुंह वाले सांप दिखाई देते हैं ! एक किवदंती के अनुसार एक महिला ने यहां एक नर और मादा नाग को जन्म दिया था । लोगों ने मादा नाग को मार डाला ! तब नाग ने इस स्थान पर पत्थर का रूप ले लिया ! तभी से इस स्थान पर दो मुंह वाले नाग की पूजा की जा रही है ।

# स्वतंत्रता दिवस परेड के लिए जवान व स्कूली छात्र कर रहे कदमताल





**हर रोज सुबह-शाम हाईस्कूल मैदान में छात्र व जवान कर रहे अभ्यास**

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 8 अगस्त।** जिला मुख्यालय में स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह की तैयारी जोर शोर से चल रही है। स्वाधीनता दिवस पर आयोजित होने वाले मार्च पास्ट परेड प्रदर्शन के लिए रिहर्सल शुरू हो चुकी है। हाईस्कूल मैदान में सुबह शाम सुरक्षा बलों के जवान व स्कूली छात्र बैंड की धुन पर कदमताल कर रहे हैं। गौरतलब है कि प्रतिवर्ष ऐतिहासिक हाईस्कूल मैदान में स्वतंत्रता दिवस समारोह का कार्यक्रम मुख्य अतिथि की उपस्थिति में धुमधाम के साथ आयोजित किया जाता है। 15 अगस्त आने में एक सप्ताह से भी कम का समय शेष रह गया है। लिहाजा हाईस्कूल मैदान में पिछले सप्ताह भर से स्वतंत्रता दिवस की तैयारियां शुरू कर दी गई है। स्कूली छात्र व जवान रिमझिम बारिश के बीच भी मार्चपास्ट व पीटी प्रदर्शन का रिहर्सल कर रहे हैं। छात्र सुबह मैदान पहुंच जाते हैं और पुलिस जवानों के साथ कदमताल कर जमकर पसीना बहा रहे हैं। शाम में भी विभिन्न स्कूलों के छात्र व जवान मैदान में अभ्यास करने पहुंच रहे हैं। पुलिस विभाग के आरआई सुशील नौटियाल ने जानकारी देते बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी स्वतंत्रता दिवस की परेड में 15 कैडेट्स शामिल होंगे। जिसमें सीआरपीएफ, छत्तीसगढ़ आर्म्स फोर्स की 9वीं बटालियन, जिला पुलिस बल के जवान, बस्तर फाईटर्स की महिला व पुरूष वर्ग के जवान, महिला जिला बल, होमगार्ड, एनसीसी व स्काउट गाइड के जवान अपना बेस्ट प्रदर्शन देंगे। जिसके लिये मैदान में प्रतिदिन सुबह 8 बजे से 9.30 बजे तक व शाम को 2.30 बजे से 4 बजे तक कड़ा अभ्यास जवानों द्वारा किया जा रहा है। हर साल की तरह इस बार भी बैंड पार्टी का नेतृत्व आस्था जावंगा के छात्र करेंगे साथ ही विभिन्न स्कूलों के छात्र छात्राओं द्वारा भी पीटी व मार्च पास्ट का प्रदर्शन किया जाएगा जिसके लिये जवानों के साथ साथ छात्र भी रिर्हसल अभ्यास में जूटे हुए हैं। फूल ड्रेस रिहर्सल 13 अगस्त की सुबह किया जाएगा। परेड कमांडर उप पुलिस कप्तान आशीष नेताम व 2 आईसी उप निरीक्षक राम कुमार श्याम होंगे।

# पालिका ने नहीं सुनी तो पार्षद खुद उतरे नाली की सफाई करने

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 8 अगस्त।** नगर पालिका दंतेवाड़ा ने जब बार-बार की शिकायत के बावजूद कोई एक्शन नहीं लिया तो वार्ड क्रमांक 8 के युवा पार्षद चंदन सिंह ध्रुव स्वयं फावड़ा कुदाली लेकर सफाई करने उतर पड़े। बालपेट चौक पर बरसाती व गंदे पानी की निकासी की यह समस्या वर्षो से यथावत है। पीडबल्यूडी व पालिका ने इस जगह पर नाली व सड़क के आर पार पानी निकासी के लिए छोटा डक्ट कलवर्ट बनवाया हुआ है, जो तकनीकी खामी की वजह से फेल हो चुका है जिसके वजह से हर साल बरसात का पानी बालपेट चौक में भरता है। इसी चौक से होकर रेल्वे स्टेशन की तरफ का रास्ता जाता है इस जगह पर पानी भरा रहने से लोगों के उपर आने जाने वाले वाहनों से पानी का छींटा पड़ता है जिससे राहगिरों के पकड़े खराब होते हैं वाद विवाद होता है तो वहीं हादसों की आशंका भी बनी रहती है। पार्षद चंदन ने कहा कि वार्ड के लोगों द्वारा तथा स्वयं मेरे द्वारा भी कई बार पालिका को पानी निकासी के लिए कहा जा चुका है लेकिन समस्या का समाधान नहीं निकाले जाने से मजबूरन आज मुझे गढढे से मिटटी हटाकर पानी



निकासी के लिए उतरना पड़ा है। जवाबदारी पीडबल्यूडी की हो, पालिका की हो अथवा किसी और एजेंसी की लेकिन सवाल यह कि आम जनता जो करोडों का टैक्स हर साल सरकारों को देती है उन्हें अगर समस्या आ रही है तो इसकी जवाबदारी किसी को तो लेना ही पड़ेगा। नगर के अंदर अगर कोई समस्या है तो पहला दायित्व तो नगर प्रशासन अर्थात नगर पंचायत, नगर पालिका अथवा निगम की ही होती है। बारिश का पानी अगर ज्यादा समय तक एक जगह पर जमा रहेगा तो इससे मलेरिया, टायफाइड, हेपेटाईटिस व डेंगू के खतरनाक मच्छर पनप सकते हैं और इनके काटने से जो संक्रमण शरीर में फैलेगा। इससे लोगों की मौत तक हो सकती है।

**एनएच का हिस्सा होने पर भी सुधार नहीं**

एनएच-163 घोषित होने के बावजूद गीदम के हारम से दंतेवाड़ा के बीच की इस सड़क पर नाली निकासी को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है। पूर्व में यहां पीडबल्यूडी ने मेन रोड किनारे आधी अधूरी नाली बनवाई थी।

इस समस्या का स्थाई समाधान करने में न तो पीडबल्यूडी रूचि ले रही है और न ही नगर पालिका। भुगतना आम जनता को पड़ रहा है।

# कृषि विज्ञान केन्द्र सुकमा में स्वर्ण जयंती समारोह सह मछली पालन पर कृषक संगोष्ठी का आयोजन



**सुकमा, 8 अगस्त ।** कृषि विज्ञान केन्द्र सुकमा (मुरतोण्डा) में स्वर्ण जयंती समारोह सह मछली पालन पर कृषक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। भारत वर्ष में कृषि विज्ञान केन्द्रों में 50 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सम्पूर्ण भारत में स्वर्ण जयंती समारोह का आयोजन किया गया जा रहा है जिसके तारतम्य में आज श्री एच. एस. तोमर, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, कृषि विज्ञान केन्द्र, सुकमा (मुरतोण्डा) द्वारा डॉ. अरूण सकनी, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, कृषि विज्ञान केन्द्र, बीजापुर को मसाल सौंपी गई। साथ ही साथ मछली पालन विषय पर कृषक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मात्स्यिकी महाविद्यालय, कवर्धा से डॉ. दुष्यंत कुमार दामले (विभागाध्यक्ष एंव सहायक प्राध्यपक, जलीय जन्तु प्रबंधन विभाग) के द्वारा कृषकों कृषकों को मछली पालन के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने मछली पालन हेतु तालाब प्रबंधन, रंगीन मछलियों के पालन एंव मछली के सह उत्पादों के द्वारा आय में वृद्धि करने के तरीकों के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही कृषि विज्ञान केन्द्र, सुकमा के कार्यक्रम सहायक (मत्स्य विज्ञान) डॉ. संजय सिंह राठौर द्वारा मछली पालन की विभिन्न तकनीकों जैसे आर.ए.एस., बायोफ्लोक एंव एकीकृत मछली पालन द्वारा किसानों की आय को बढ़ाने के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर डॉ. अरूण सकनी (वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, कृषि विज्ञान केन्द्र बीजापुर) एंव श्री आर. एस. भंवर (मैनेजर, बीज निगम गीदम, दन्तेवाड़ा) के द्वारा इस स्वर्ण जयंती समारोह की रूपरेखा के बारे में बताया गया। इस कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र, सुकमा के पौध रोग विशेषज्ञ श्री राजेन्द्र प्रसाद कश्यप, कृषि अभियांत्रिकी विशेषज्ञ डॉ. परमानंद साहू, चिराग परियोजना के एस. आर. एफ. श्री यमलेश्वर भोयर एवं श्री इंद्रपाल साहू सहित अन्य कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## विद्यालय के नामकरण में प्रतिबंध के बावजूद प्रयास शब्द का उपयोग

**राजिम।** पांडुका शिक्षा और स्वास्थ्य दो ऐसे क्षेत्र है जहां इन दिनों भारी लूट मची है। और इन दोनों क्षेत्र में सैकड़ो नियम है ।पर इस नियम कायदे कानून का कोई पालन नहीं कर रहा है और संचालक अपनी मनमानी करते आ रहे हैं ।आम जनता और उसके बच्चो को अच्छी शिक्षा के साथ अन्य सुविधाएं मिले इस उद्देश्य से शासन द्वारा नियम कानून बनाए जाते है।पर गरियाबंद जिले में नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए ।कई निजी स्कूलों का संचालन हो रहे हैं ।जहां पलकों से मोटी फिस वसूलकर संचालक अपनी जेब भरा रहे हैं। पर वहां पढ़ने वाले बच्चों को कोई सुविधा का लाभ नहीं मिल रहा है। नियमों को ताक में रखकर निजी स्कूलों का संचालन हो रहा है तो क्या ऐसे में नियम कायदे कानून केवल दिखाने के लिए है।इसी तरह एक निजी स्कूल का संचालन हो रहा है ।

# सडक़ ऐसी कि गाड़ी तो क्या इंसान पैदल भी नहीं जा सकता: लखमा

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

सुकमा, 8 अगस्त। कोंटा विधायक कवासी लखमा ने भाजपा सरकार और कार्यकर्ताओं पर सडक़ शिक्षा अधीक्षकों की नियुक्ति से लेकर कई गंभीर आरोप लगाए।कवासी लखमा ने कहा कि भाजपा के जिला अध्यक्ष धनीराम बारसे के गांव से लेकर पुसपल्ली तक सडक़ की स्थिति बहुत ही खराब है। जब मैं मंत्री था तब वहां पर डामर सडक़ की स्वीकृति दी थी लेकिन भाजपा सरकार बनते ही सडक़ को निरस्त कर दिया गया। उसके बाद डीएमएफ के पैसों से वहां मुरूम सडक़ की स्वीकृति हुई। पंचायत के माध्यम से ठेकेदार द्वारा मुरूम के जगह मिट्टी डाल दी गई जिससे वहां गाड़ी तो क्या इंसान का पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है ऐसे भ्रष्ट्राचार के खिलाफ प्रशासन को सख्त कार्रवाई करनी चाहिए ।बुधवार को पत्रकारों से चर्चा करते हुए कोंटा विधायक कवासी लखमा ने कहा कि चुनाव से पहले में पुसपल्ली, कोसाबंदर, कुडुकरास और गांव गया था। तब ग्रामीणों ने सडक़ की मांग की थी जिसके बाद वहां पर 8 करोड़ की डामर सडक़ स्वीकृत हुई थी। लेकिन भाजपा की सरकार बनते ही उस सडक़ के साथ कोटिगुड़ा से लालमिट्टी 3 करोड़, केरलापाल से पोंगाभेज्जी 14 करोड़, मुरतोंडा से कुडक़ेलपारा 6 करोड़ समेत कई सडक़े निरस्त कर दी गई। जबकि पुसपल्ली व झापरा से भाजपा के जिला अध्यक्ष व जिला पंचायत सदस्य उसी क्षेत्र से हैं, उसके बावजूद सडक़े निरस्त हुई है। लेकिन उसके बाद पैसा कमाने के लिए मुरूम के जगह मिट्टी डाल दी गई है। उन्होंने कहा कि नगर पालिका में आयोजित एक शिविर में गया था, जहां



एक वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा कि पिछले 7 महिनों में नगर पालिका में एक भी पैसा नहीं आया। जबकि पिछली सरकार में करोड़ों के काम हुए है। यहां तक की शुद्ध पेयजल के लिए 80 करोड़ स्वीकृत है, लेकिन ये सरकार उसकी निविदा तक नहीं करा पाई। उन्होंने कहा कि भ्रष्ट्राचार और अन्य मामलों में जिला प्रशासन निष्पक्ष रूप से जांच उपरांत कार्रवाई करे, अन्यथा कांग्रेस पार्टी सडक़ से लेकर विधानसभा की लड़ाई लड़ेगी।

**भाजपा नेताओं ने शिक्षा तक को नहीं छोड़ा-** विधायक कवासी लखमा ने कहा कि सुकमा से लेकर राजधानी तक भाजपा नेताओं की करतूते चर्चा का विषय बन गई है। शिक्षा व्यवस्था तक को नहीं छोड़ा, ऐसी जानकारी मिल है कि आश्रम, छात्रावास और पोटाकेबिनों में अधीक्षक बनाने का अलग-अलग रेट तय है। और कई नेताओं को आश्रम व पोटाकेबिन बांट भी दिए है। यहां तक कि उन संस्थानों में राशन तक नेता भेज रहे है। कई आश्रम अधीक्षक परेशान हैं, अगर ऐसा ही रहा तो अधीक्षक बनने के लिए कोई भी तैयार नहीं होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा ने 15 सालों में जिले के सैकड़ों स्कूल व आश्रम को बंद करवा दिया था। पिछली सरकार में उन स्कूल व आश्रमों को फिर से खोला गया। उन्होने कहा कि शिक्षा और बच्चों के निवाले से कोई समझौता नहीं होगा इस पर प्रशासन सख्त कार्रवाई करे अन्यथा कांग्रेस पार्टी आने वाले समय में उग्र से उग्र आंदोलन करेगी।

# भाजपा निकालेगी 12 अगस्त को लोहण्डीगुड़ा मण्डल में तिरंगा यात्रा, भव्य आयोजन की तैयारियों में जुटे सदस्य

**जगदलपुर,8 अगस्त।** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान पर स्वतंत्रता दिवस से पूर्व भारतीय जनता पार्टी ने तिरंगा यात्रा कार्यक्रम को लेकर युद्ध स्तर पर तैयारियां प्रारंभ कर दी हैं। तिरंगा यात्रा को सफल बनाने भाजपा की रीढ़ माने जाने वाले युवा मोर्चा की टीम ने जिम्मेदारी संभाल ली है। स्वतंत्रता दिवस के पूर्व 11,12 व 13 अगस्त को तिरंगा यात्रा का आयोजन होगा। इसी कड़ी में बुधवार को उसडीबेड़ा भाजपा कार्यालय में तिरंगा कार्यक्रम मण्डल प्रभारी की उपस्थिति में भाजयुमो की कार्ययोजना बैठक संपन्न हुई। जिसमें मण्डल के पदाधिकारियों के बीच तिरंगा यात्रा को लेकर कार्यक्रम प्रभारियों के द्वारा सभी मौजूद लोगों को जानकारी दिया गया। बैठक में 12 अगस्त को लोहंडीगुड़ा मंडल में तिंरगा यात्रा किया जाना तय किया गया।जानकारी देते हुए भाजयुमो और तिरंगा यात्रा के मण्डल प्रभारी आनंद झा ने बताया कि देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की मंशा के अनुरूप भारतीय जनता पार्टी के हर एक कार्यकर्ता को तिरंगा यात्रा कार्यक्रम को सफल बनाने युद्ध स्तर पर कार्य करना होगा। आमजन में देश प्रेम की भावना जाग्रत करने भारतीय जनता युवा मोर्चा के माध्यम से तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। बस्तर जिले के 11 मंडलों में तिरंगा यात्रा की शक्ल में बाइक रैली की जायेगी, जिसे भव्यता के साथ सफल बनाने की कवायद में मोर्चा की टीम जुट चुकी है। 12 अगस्त को लोहण्डीगुड़ा मण्डल में तिरंगा यात्रा संपन्न किया जायेगा। जिसको ले कर आज जिला नेतृत्व के आव्हान पर मिली जिम्मेदारी का पालन करते हुए लोहंडीगुड़ा युवा मोर्चा मण्डल की बैठक ले कर इस कार्यक्रम के विषयों पर रूपरेखा तैयार कर दिशा निर्देश दिए गए है। साथ ही सभी सदस्यों को इस कार्यक्रम हेतु जिम्मेदारी भी तय किया गया है।बैठक के दौरान पूर्व विधायक लच्छूराम कश्यप,मण्डल अध्यक्ष नरसिंह ठाकुर,जयराम दास,बसंत कश्यप, रोहित खत्री,आनंद झा,गणेश नागवंशी, मंगतू कश्यप, सावेंद्र सेठिया सहित अन्य सदस्य व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एक नजर

### संकुल केंद्र पोलंग में हुआ पालक शिक्षक मेगा बैठक का आयोजन

**कोंडागांव,8 अगस्त।** छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार 6 अगस्त मंगलवार को पालक शिक्षक मेगा बैठक का आयोजन संकुल केंद्र पोलंग अंतर्गत उच्च प्राथमिक शाला खंडाम में आयोजित किया गया। जिसमें 73 पालक ,18 शिक्षक उपस्थित रहे।बैठक की शुरुआत मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन एवं वंदना के साथ किया गया। बैठक की अध्यक्षता संकुल प्राचार्य श्री धनराज धनेशकर के द्वारा किया गया, तत्पश्चात शिक्षकों द्वारा एजेंडा वार समस्त बिंदुओं पर चर्चा की गई। इस मेगा बैठक में पालकों के साथ तेरह बिंदुओं पर बहुत ही रुचिपूर्वक विस्तार से चर्चा परिचर्चा किया गया जिसमे मेरा कोना, छात्र दिनचर्या , बच्चे ने आज क्या सीखा, बच्चा बोलेगा बेझिझक, बच्चों की अकादमिक प्रगति एवं परीक्षा पर चर्चा, पुस्तक की उपलब्धता सुनिश्चित करना, बस्ता रहित शनिवार, बच्चों की आयु कक्षानुरूप स्वास्थ्य परीक्षण एवं पोषण की जानकारी, जाति आय निवास प्रमाण पत्र , न्यौता भोज, विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं,छात्रवृत्ति एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी पर चर्चा, विभिन्न डिजिटल प्लेटफार्म से पालकों को अवगत करवाना, ह्श्वक्क 2020 के लक्ष्यों को प्राप्त करना, इन सभी तेरह बिंदुओं पर शिक्षकों और पालकों के बीच बहुत ही सकारात्मक चर्चा परिचर्चा हुआ एवं पालकों से भी शिक्षा व्यवस्था के संबंध के उनका अभिमत सलाह लिया गया ।इस बैठक में शाला प्रबन्धन समिति, स्व सहायता समूह, जनप्रतिनिधि एवं पालकगण मौजूद रहे।

### हर घर तिरंगा अभियान के तहत डाकघरों में तिरंगा झंडा उपलब्ध



**कोंडागांव।** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा मनाया जा रहा है। भारतीय डाक विभाग देश भर में अपनी पहुंच और जनशक्ति का उपयोग करते हुए हर घर तिरंगा अभियान के महत्व के बारे में लोगों को जागरूक करने देशभर के डाकघरों से झंडा का बिक्री किया जा रहा है । कोंडागांव उपडाकघर सहित समस्त शाखा डाकघरों में मात्र 25 रुपए की दर से तिरंगा बिक्री किया जा रहा है।

### शिविर में मौसमी बीमारियों के बारे बताया



**बीजापुर 8 अगस्त।** 5 अगस्त 2024 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उसूर अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर मारूड़बाका में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बीजापुर के मार्गदर्शन में , खंड चिकित्सा अधिकारी उसूर सेक्टर प्रभारी डॉ. विनीत जॉन चिकित्सा अधिकारी के सहयोग से विश्व स्तनपान दिवस एवं स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया जिससे मौसमी बीमारियों के बारे में बताया गया। जिसमें कुल ओपीडी 73 देखा गया है। एएनसी चेकअप, रुटीन टीकाकरण, एनसीडी स्क्रीनिंग, आरडीटी टेस्ट, नियमित मच्छरदानी उपयोग करने बताया गया है। जिसमें मैदानी कर्मचारी श्री रमेश गड्डेम आरएचओ, श्री अजय बुरका आरएचओ, श्री उमेश ककेम आरएचओ, कु. मोनिका पिन्नामपल्ली सीएचओ, श्रीमती वेद उईके आरएचओ, प्रेरक, मितानिन उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत संविदा पदों पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित

**बीजापुर 8 अगस्त ।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत विभिन्न रिक्त पदों पर संविदा भर्ती हेतु पात्र एवं इच्छुक उम्मीदवारों से 28 अगस्त 2024 सायं 5:30 बजे तक कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला बीजापुर के नाम से केवल स्पीड पोस्ट या रजिर्स्टड डाक से ही आवेदन आमंत्रित किया गया है। अन्य कोई माध्यम से प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय के सूचना पटल पर एवं जिले के वेबसाईटwww.bijapur.gov.in का अवलोकन कर सकते हैं।

### छात्रों को रोज स्कूल भेजने पर जोर



**सुकमा, 8 अगस्त** दिनांक 6/8/2024 को संकुल केन्द्र टाहकावाड़ा में आयोजित पालक शिक्षक मेगा बैठक मे हुआ शामिल, छात्रों के माता पिता बड़ी तादाद में उपस्थित होकर बैठक को बनाया सफल, शिक्षको ने छात्रों के पालको से कि परिचर्चा व शिक्षा का लाभ बताया गया,छात्रों को रोज स्कूल भेजने के लिए पालको से की अपील, शिक्षा मे मिलने वाला योजनाओ का लाभ उठाने के लिए पालको से किया गया प्रेरित,शिक्षा को बहतरीन करने के लिए पालक शिक्षक का भूमिका अति जरूरी बताया गया।

# जन समस्या निवारण पखवाड़े से आम नागरिकों की सुविधा में हो रहा विस्तार



**सुकमा, 8 अगस्त(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जनसमस्या निवारण पखवाड़ा के तहत जिले के नगरीय क्षेत्रों में विभिन्न वार्डों में शिविरों का आयोजन सतत रूप से जारी है। शिविरों में नागरिक अपनी मांग और समस्याओं को लेकर पहुंच रहे हैं। जिनका विधिवत् निराकरण की त्वरित पहल की जा रही है। इसी कड़ी में आज नगर पलिका परिषद सुकमा के समस्त वार्ड के नागरिकों के मांगों व स्थानीय समस्याओं के निराकरण के लिए नगर पलिका कार्यालय सुकमा में शिविर आयोजित किया गया।इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों एवम् श्री मिथलेश अवस्थी, संयुक्त संचालक क्षेत्रीय कार्यालय जगदलपुर ने शिविर का जायजा लेते हुए नागरिकों से अपनी मांग एवं समस्याओं के संदर्भ में आवेदन देकर लाभ उठाने की अपील की। जनप्रतिनिधियों एवम् ने शिविर में पहुँचे सभी आवेदकों से उनके मांगों एवं समस्याओं के बारे में जानकारी ली।सीएमओ सुकमा श्री एचआर गोंदे ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर में आज राशन कार्ड, पेयजल, राजस्व विभाग, श्रम विभाग से संबंधित आवेदनों के अलावा शिविर में समाज कल्याण, महिला बाल विकास, सामाजिक पेंशन आदि से संबंधित आवेदन पत्र प्राप्त हुए, त्वरित रूप से आवेदनों को नियमानुसार परीक्षण कर निराकृत किया जाएगा उल्लेखनीय है कि नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा नगरीय निकायों में 27 जुलाई से 10 अगस्त 2024 तक जनसमस्या निवारण पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। अगला शिविर नगर पलिका कार्यालय सुकमा में लगाया जाएगा, जिसमें समस्त वार्ड के नागरिकों की मांग एवं समस्याओं का समाधान किया जाएगा। प्रशासन द्वारा शिविर में अधिक से अधिक नागरिकों को आने की अपील की गई है। इस अवसर पर इस शिविर का निरीक्षण किया गया। इस दौरान श्री एच् आर गोन्दे, मुख्य नगर पालिका अधिकारी , उप अभियंता श्री सौरभ कश्यप,राजस्व विभाग से पटवारी एवं नगरीय निकाय के समस्त शाखा प्रभारी ,स्वास्थ्य विभाग कर्मचारी,महिला बाल विकास विभाग के कर्मचारी, श्रम विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।

# गरिमामय वातावरण में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा स्वतंत्रता दिवस



**सुकमा, 8 अगस्त(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस गरिमामय वातावरण में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। कलेक्टर श्री हरिस.एस ने बुधवार को कलेक्टोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर सफल आयोजन हेतु जिम्मेदारी सौंपी। उन्होंने कहा कि 15 अगस्त को जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन प्रातः 09 बजे जिला मुख्यालय स्थित मिनी स्टेडियम सुकमा में किया जाएगा, जिसमें मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण, परेड की सलामी और जनता के नाम मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया जायेगा। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों के द्वारा पीटी एवं देशभक्ति व संस्कृति से परिपूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। कलेक्टर ने कार्यक्रम स्थल में मैदान की तैयारी, आकर्षक साज-सज्जा, समारोह स्थल पर ध्वज, फूल एवं गुब्बारे की व्यवस्था, पेयजल, स्वास्थ्य सुविधा, विद्युत व ध्वनि विस्तारक यंत्र, बैठक व्यवस्था, आमंत्रण कार्ड, प्रशस्ति पत्र सहित अन्य आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने कहा कि विभागीय अधिकारी इसे गंभीरता से लेते हुए कार्य निर्वहन करेंगे। उन्होंने जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन हेतु सभी आवश्यक तैयारी समय पर सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। अपर कलेक्टर श्री गजेंद्र सिंह ठाकुर ने सभी विभागों के अधिकारियों को स्वतंत्रता दिवस के सफल आयोजन हेतु संबंधित कार्यों की विस्तार से जानकारी दी।इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नम्रता जैन, वनमंडलाधिकारी श्री अशोक कुमार पटेल, संयुक्त कलेक्टर श्री सूरज कश्यप, एसडीएम, तहसीलदार, जनपद सीईओ सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए दो खिलाड़ियों का चयन

**सुकमा, 8 अगस्त(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा संचालित शालेय क्रीड़ा फुटबॉल चयन प्रतियोगिता प्रिय दर्शनीय स्टेडियम जगदलपुर में 06 अगस्त को सम्पन्न हुआ। सहायक जिला खेल अधिकारी श्री कमल कोसरिया ने बताया कि शालेय क्रीड़ा फुटबॉल चयन प्रतियोगिता में सुकमा जिले के दो खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। जिसमें सेजेस पावारास के तनय यादव और शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुकमा के सोडी अनिता शामिल है।




एक नजर

## हाई स्कूल पंचपारा में आंग्ल भाषा प्रशिक्षण का द्वितीय चरण प्रारंभ



**रायगढ़, 8 अगस्त।** विकास खंड पुसौर के समस्त प्राथमिक शालाओं में आंग्ल भाषा हेतु एक शिक्षक को प्रशिक्षित किया जाना है। जिसके अंतर्गत राज्य शासन के निर्देशानुसार अंग्रेजी विषय को रुचिकर व गतिविधि आधारित बनाकर बच्चों को सिखाने के लिये शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। जिसके तहत विकास खंड पुसौर के सभी प्राथमिक शालाओं के शिक्षकों का दो चरणों में हाई स्कूल पंचपारा में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसका प्रथम चरण का प्रशिक्षण पूर्ण हो चुका है और द्वितीय चरण का प्रशिक्षण आज से प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विकास खंड स्त्रोत समन्वय शैलेन्द्र मिश्रा, संकुल शैक्षिक समन्वयक श्रवण कुमार साव, रीना सिंह व्याख्याता हाई स्कूल पंचपारा, दुरेन्द्र नायक शिक्षक माध्यमिक शाला पंचपारा व संस्था के शिक्षकों की उपस्थिति में प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ। बीआरसी मिश्रा एवं शिक्षक दुरेन्द्र नायक द्वारा प्रशिक्षण को संबोधित करते हुये गंभीरता पूर्वक प्रशिक्षण लेने व अनुशासित रहकर प्रशिक्षण लेने संबंधित संदेश प्रेषित किये। प्रशिक्षक भुवनेश्वर चौहान के द्वारा आंग्ल भाषा में संबोधित करते हुये सभी महत्वपूर्ण बातों पर प्रकाश डाला गया। उनके द्वारा अंग्रेजी में बात करने, व्यवहार में अंग्रेजी शब्दों का प्रयोग करने करने, अंग्रेजी में परिचय देने एवं गतिविधि आधारित प्रशिक्षण आदि बिन्दुओं को समाहित करते हुये संबोधित किया गया। इस प्रशिक्षण में प्रशिक्षक मंडल में भुवनेश्वर चौहान, सुमन पटेल, रश्मि नायक, हरिशंकर पटेल अजीम प्रेम जी फाउण्डेशन से तन्मय, रिया और ऋषभ शामिल है। प्रशिक्षण में हाई स्कूल पंचपारा एवं प्राथमिक माध्यमिक शाला पंचपारा के शिक्षकों द्वारा महत्वपूर्ण योगदान दिया जा रहा हैं।

## प्रयास आवासीय विद्यालय के लिए सभी तैयारियां पूर्ण

**रायगढ़, 8 अगस्त।** आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा रायगढ़ में शैक्षणिक सत्र 2024-25 से कक्षा 9 वीं हेतु प्रयास आवासीय विद्यालय स्थापित एवं संचालित किया जाना है। इसकी स्थापना हेतु लाईवलीहुड कालेज गढ़उमरिया, रायगढ़ का चयन किया गया है तथा उसके सुचारू संचालन हेतु बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था पूर्ण कर ली गई है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास, रायगढ़ ने जानकारी देते हुए राज्य में प्रयास विद्यालय अपनी उच्च शैक्षणिक गुणवत्ता के लिए पहचाने जाते है, जिसका वर्ष 2024-25 से रायगढ़ जिले में शुभारंभ किया जा रहा है। उक्त विद्यालय में प्रवेश हेतु काउंसलिंग की प्रक्रिया राज्य स्तर से संपादित की जा रही है, जिसमें शैक्षणिक सत्र 2024-25 में कक्षा 9 वीं हेतु 125 सीट स्वीकृत है। उन्होंने आगे बताया कि विद्यालय के सफल संचालन हेतु प्रशासकीय अधिकारी सह प्राचार्य, अधीक्षक, अन्य लिपिक वर्ग एवं भृत्यों को कार्य करने के लिए आदेशित किया गया है। प्रयास आवासीय विद्यालय में अध्यापन एवं कोचिंग कार्य के लिए राज्य स्तर से चौखम्भा सोसाईटी को अनुबंधित कर उच्च स्तरीय शिक्षक उपलब्ध कराये जायेंगे।

## सखी सेंटर की पहल से सुलझा पारिवारिक विवाद

**रायगढ़, 8 अगस्त।** रायगढ़ में सखी सेंटर की पहल से एक पारिवारिक विवाद सुलझ गया है। सखी द्वारा समझाईश के बाद पति के व्यवहार में सुधारात्मक परिवर्तन आया है और वह अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए पत्नी एवं बच्चे के साथ सुखी पूर्वक जीवन व्यतीत करने लगा है।जिला महिला संरक्षण अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, रायगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्ष 2019 में पूरे रीति-रिवाज से एक जोड़े का विवाह हुआ था। पति प्राइवेट पावर प्लांट में आपरेटर के पद पर कार्यरत है व दोनों के दाम्पत्य संबंध से एक पुत्र है। विवाह के बाद से ही पति द्वारा शराब का सेवन कर नशे की हालत में विवाद करने लगा था। साथ ही घर का भरण-पोषण करने में वह अपनी जिम्मेदारी का सही ढंग से निर्वहन नहीं कर रहा था। पत्नी जो कि शिक्षिका की नौकरी करती थी, उसे भी ससुराल पक्ष द्वारा विवाह के बाद छुडवा दिया गया गया। जिसके कारण पत्नी को बच्चे एवं स्वयं का काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता था। ऐसी स्थिति में पत्नी ने सखी सेंटर की मदद ली। जिस पर दोनों पक्षों की पृथक-पृथक 3 बार संयुक्त काउंसलिंग की गई। जिसमें पति के माता-पिता उपस्थित थे। उनके द्वारा बताया गया कि पत्नी, पति के मध्य विवाद होता है।

# 23 करोड़ से रायगढ़ की 6 सड़कों का होगा कायाकल्प, वित्तमंत्री की पहल से मिली मंजूरी



**रायगढ़, 8 अगस्त।** प्रदेश के वित्त मंत्री व रायगढ़ विधायक श्री ओ.पी.चौधरी की पहल से रायगढ़ शहर की 6 सड़कों का कायाकल्प होने जा रहा है। इसके लिए 23 करोड़ 26 लाख रुपए की स्वीकृति नगरीय प्रशासन मंत्री श्री अरूण साव द्वारा मिली है। वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी के निर्देश पर शहर के भीतर प्रमुख सड़कों को सुगम और आकर्षक बनाने के लिए डामरीकृत सड़कों के निर्माण को प्राथमिकता में रखा गया है। जिन सड़कों के लिए राशि स्वीकृति की गई है उनके निर्माण को लेकर रायगढ़ में जनप्रतिनिधियों और शहरवासियों द्वारा लंबे समय से मांग की जा रही थी। सड़कों के निर्माण की मंजूरी के पश्चात स्वीकृति शर्तों के अनुरूप निविदा की प्रक्रिया पूरे करने के निर्देश दिए गए हैं। जिससे बारिश के तत्काल बाद काम शुरू किया जा सके और इन सड़कों और सुविधाओं का लाभ शहरवासियों को शीघ्र मिल सके। वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी की पहल से जिन 6 सड़कों के निर्माण को मंजूरी मिली है वे रायगढ़ की प्रमुख सड़कों में से हैं। यहां बड़े पैमाने पर लोगों की आवाजाही होती है। स्वीकृति के पश्चात इन सड़कों को डामरीकरण के साथ बनाया जाएगा। डामरीकृत सड़कें चलने में ज्यादा सुविधाजनक और आरामदेह होने के साथ आकर्षक भी दिखती हैं। वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी के मार्गदर्शन में शहर की सड़कों को संवारने की दिशा में काम किया जा रहा है। बीते दिनों शहर में 3.14 करोड़ से अन्य सड़कों के डामरीकृत निर्माण को भी मंजूरी दी गई है। इसके साथ ही शहर की आवश्यकताओं के अनुरूप अधोसंरचना विकास को गति देने के लिए लगातार निर्माण कार्यों को मंजूरी दी जा रही है। बुनियादी सुविधाओं के साथ शिक्षा और खेल से जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स पर भी काम हो रहा है।

### 23 करोड़ 26 लाख से 6 डामरीकृत सड़कों का होगा निर्माण

अंधोसंरचना मद अंतर्गत शहर में 6 डामरीकृत सड़कों के निर्माण हेतु 23 करोड़ 26 लाख 47 हजार रूपये की राशि स्वीकृत की गई है। इनमें 2 करोड़ 15 लाख 66 हजार रूपये की लागत से वार्ड क्रमांक 7 एवं 8 जोगीडीपा से वाटर वर्ल्ड रामपुर मेन रोड तक बीटी रोड निर्माण कार्य शामिल है।

इसी तरह 6 करोड़ 50 लाख 86 हजार रुपये की लागत से वार्ड क्रमांक 16, 39 एवं 40 सत्तीगुड़ी चौक से कोतरा रोड थाना तक बीटी रोड निर्माण कार्य, 3 करोड़ 45 लाख 54 हजार रुपये की लागत से वार्ड क्रमांक 19, 22 एवं 23 जिला चिकित्सालय से सदाबहार होटल (चक्रधर नगर चौक)तक बीटी रोड निर्माण कार्य, 4 करोड़ 17 लाख 99 हजार रुपये की लागत से वार्ड क्रमांक 30, 31, 35 एवं 36 नगर निगम ऑफिस से छातामुड़ा चौक तक बीटी रोड निर्माण कार्य, 2 करोड़ 78 लाख 95 हजार रुपये की लागत से वार्ड क्रमांक 31, 36 एवं 37 गोगा राईस मिल से मिट्ठुमुड़ा चौक से ट्रांसपोर्ट नगर तक बीटी रोड निर्माण कार्य एवं 4 करोड़ 17 लाख 47 हजार रुपये की लागत से शालिनी स्कूल से एश्वर्यम अपार्टमेंट होते हुए गोवर्धनपुर पुल तक बीटी रोड निर्माण कार्य शामिल है।

## 7 वाहनों पर एक लाख से अधिक का जुर्माना



**रायगढ़, 8 अगस्त।** कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने जिले में बिना तारपोलिन ढके वाहनों, परमिट शर्तों के उल्लंघन तथा ओवरलोड गाड़ियों पर भी कार्यवाही के निर्देश संबंधित विभाग को दिए है। उक्त निर्देश के परिपालन में परिवहन विभाग, खनिज विभाग एवं क्षेत्रीय कार्यालय छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुए तमनार क्षेत्र में लगभग 30 वाहनों की जांच की गई। जिसमें ओवरलोड, बिना फिटनेस, परमिट अवैध पार्किंग पर कार्यवाही करते हुए कुल 07 वाहनों पर 1 लाख 5 हजार 900 रूपये की चलानी कार्यवाही की गई। पर्यावरण विभाग रायगढ़ द्वारा संबंधित नोडल का नाम वाहन पर नहीं होने, ट्रॉली में 05 से.मी.फ्री बोर्ड स्पेस नहीं होने एवं समुचित रूप से तारपोलिन से ढके बिना कच्चे माल/उत्पाद/अपशिष्ट परिवहन करने पर वाहनों से संबंधित मेसर्स छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी लिमिटेड, गारे पेलमा सेक्टर- III कोल ब्लॉक,ग्राम-बजरमुड़ा, डोलनारा, तहसील-तमनार, मेसर्स सारडा एनर्जी मिनरल्स ग्राम-डोलनारा, बजरमुड़ा, तहसील-तमनार एवं मेसर्स अंबुजा सीमेंट्स लिमिटेडए गारे IV/8 कोल माईन, तमनार को नोटिस जारी किया जा रहा है।

# तुकाराम चन्द्रवंशी के साथ शिवभक्तों ने बाबा बैद्यनाथ व वासुकीनाथ का किया जलाभिषेक



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 8 अगस्त।** सावन माह में भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक का अपना अलग ही महत्व है। इसके चलते श्रद्धालु पूरी आस्था के साथ अलग-अलग स्थानों से जल लेकर भगवान शिव का जलाभिषेक कर रहे हैं। इसी कड़ी में धर्मनगरी कवर्धा से शिवभक्त तुकाराम चन्द्रवंशी के साथ 32 शिवभक्तों ने श्रावण मास के अवसर पर गत दिनो काशी विश्वनाथ में जलाभिषेक किया। इसके बाद इन शिवभक्तों ने सुल्तानगंज से पवित्र गंगा जल लेकर 120 किलो मीटर की कांवर यात्रा कर देवघर नगरी बाबा बैजनाथधाम पहुंचे और बाबा बैजनाथ का जलाभिषेक कर सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद बाबा वासुकीनाथ में भी जलाभिषेक कर वे वापस धर्मनगरी कवर्धा पहुंचे। उल्लेखनीय है कि कांवड़ यात्रा जीवन यात्रा का प्रतीक है, जिसका उद्देश्य अनुशासन, सात्विकता और वैराग्य के साथ ईश्वरीय शक्ति से जुडऩा है। ऐसा माना जाता है कि कांवड़ यात्रा से संकल्प शक्ति के साथ आत्मविश्वास जागृत होता है। शिव शीघ्र प्रसन्न होने वाले देवता हैं, कांवर उठाने वाले कांवरिया कहलाते हैं, जो एक बांस की डण्डी और उससे जुड़े दो पात्र में पवित्र जल भरकर शिव का जयघोष करते हुए पैदल अपने घर से शिवजी को जल चढ़ाते हैं। पुराणों व शास्त्रों में बताया गया है कि कांवड़ यात्रा करने से भगवान शिव बहुत जल्दी प्रसन्न होते हैं और अपने भक्त की सभी मनोकामनाओं को पूरा करते हैं।उक्त कांवड़ यात्रा में रवि शर्मा, नीलमणी,मोहपाल सिंह ठाकुर अनिल वर्मा,लोकेश देवांगन,गुड्डू जायसवाल,सुरेंद्र वैष्णव, धरम आहूजा,प्रफुल्ल चंदेल,बिजेंद्र भारती,राकेश चंद्रवंशी आशीष चंद्रवंशी, विशू चंद्रवंशी, दीनानाथ चंद्रवंशी,मनोज तिवारी,मनोज गुप्ता,तुलसी राजपूत,विश्वजीत सोनी,सोनू गुप्ता,रविशंकर ठाकुर,अवधेश ठाकुर,प्रदीप सोनी,गजेंद्र चंद्रवंशी आदि थे।

## चित्रोत्पला गंगा आरती 11 अगस्त को

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ की काशी सिरपुर स्थित गंधेश्वर नाथ महादेव मंदिर के नीचे घाट पर चित्रोत्पला गंगा आरती का आयोजन 11 अगस्त को किया गया है। महासमुंद के नगर पुरोहित पं. पंकज तिवारी के आचार्यत्व तथा 11 पंडितों की उपस्थिति में मुख्य यजमान पूर्व विधायक व संसदीय सचिव विनोद सेवनलाल चंद्राकर द्वारा गंगा आरती संपन्न होगा।इससे पूर्व श्री चंद्राकर अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ सुबह 10 बजे बम्हनी स्थित बम्हनेश्वरनाथ महादेव की क्षेत्र की खुशहाली के लिए पूजा करेंगे। पश्चात श्वेत गंगा अमृत कुण्ड से जल लेकर सिरपुर के बाबा गंधेश्वरनाथ महादेव का जलाभिषेक करेंगे। इसी दिन शाम 6 बजे नगर पुरोहित पं. पंकज तिवारी तथा 11 आचार्य पंडितों की उपस्थिति में भव्य महा गंगा आरती मुख्य यजमान श्री चंद्राकर के हाथों संपन्न होगा। श्री चंद्राकर ने इस पुनीत कार्य भगवान गंधेश्वर नाथ की पूजा व मां चित्रोत्पला गंगा आरती में क्षेत्र के समस्त नागरिकों, शिव भक्तों को सपरिवार उपस्थिति हेतु प्रार्थना की है।

# डेंगू रोकथाम के लिए होटल संचालकों को दी हिदायत



**रायगढ़, 8 अगस्त।** कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने शहर में बढ़ते डेंगू प्रकरण को मद्देनजर स्वास्थ्य विभाग एवं नगर निगम को डोर टू डोर सर्वे कर सोर्स रिडक्शन कार्य करने के निर्देश दिए है। उक्त निर्देश के परिपालन में नगर निगम एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम डेंगू रोकथाम के लिये जागरूकता अभियान के तहत डोर टू डोर सर्वे कर रही है। साथ ही आयुक्त नगर निगम श्री सुनील कुमार चंद्रवंशी, सीएमएचओ डॉ.बी.के.चंद्रवंशी सहित नगर निगम एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा डेंगू पर नियंत्रण करने हेतु आज शहर के समस्त होटल, रेस्टोरेन्ट पर निरीक्षण किया गया। सभी रेस्टोरेन्ट/होटलों के संचालक मालिकों को डेंगू के लिये होटल आर्शीवाद में समझाईश दिया गया व कुछ स्थानो में मच्छरों के लार्वा पाये जाने पर चलानी कार्यवाही कर राशि वसूली की जा रही है। जिससे लोगो में अपने लापरवाही के प्रति स्वयं जागरूक रहे एवं अपने आस-पास को भी जागरूक करते रहे।

कलेक्टर के निर्देश से समस्त निजी पैथालॉजी लैब में डेंगू टेस्टिंग का 250 रू. का शुल्क निर्धारित रखा गया है। स्वास्थ्य विभाग के जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. टी.जी. कुलवेदी ने सभी नागरिकों से आव्हान किया है। कि बुखार आने पर आप तुरंत अपना जांच करवायें। घबरायें नहीं डेंगू बुखार जानलेवा नही है। वर्तमान में रायगढ़ जिले में कुल 86 सक्रिय केस है जिनकी स्थिति सामान्य है। इसकी सावधानी ही बचाव है। जिन लोगो में डेंगू के प्रभावित लक्षण दिखाई देने पर शासकीय व निजी स्वास्थ्य संस्थानों में बेड पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता है। यदि किसी मरीज का ब्लड प्लेट्स कम हो जाये तो ब्लड सेपरेटर के माध्यम से आवश्यकता पड़ने पर मेडिकल कालेज एवं जिंदल हास्पिटल में उपलब्ध हो सकेगा। डेंगू के उत्पत्ति के स्थान जैसे कुलर में एक हफ्ता से रखा हुआ स्थिर एवं साफ पानी, बिना ढ़के हुए प्लास्टिक एवं सीमेंट टैंक का साफ पानी, फ्रिज के पीछे ट्रे, गमले में जमा हुआ पानी, पशु एवं पक्षियों के लिए पात्र में रखा हुआ साफपानी, नारियल के खोल, टूटे हुए बर्तन एवं डिस्पोजल, गड्ढ़ो में बारिश का जमा हुआ साफ पानी, टायरों में जमा हुआ साफपानी, अन्य ऐसे स्थान या वस्तु जिसमें स्थिर साफपानी जमा हो रहा है। वहाँ डेंगू के मच्छर पनपते है। इसलिए व्यर्थ पड़े हुए पात्रों को पलट कर रखे उन्हें खुला न रहने दें। अधिक जानकारी हेतु मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय रायगढ़ के कंट्रोल रूम नं. 9893362364 में संपर्क कर सकते है।

# बीजापुर बीजेपी संगठन भी 11-12 अगस्त को घर-घर लगाएगा तिरंगा झंडा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**बीजापुर,8 अगस्त।** अटल सदन भाजपा कार्यालय बीजापुर में आज जिला कार्यसमिति की बैठक सम्पन्न.कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संदीप गोलछा जी पहुंचे.कार्यक्रम की शुरूवात अटल सदन कार्यालय में भारत माता के शैल चित्र में द्वीप प्रज्वलन की गई.दरअसल बीजेपी प्रदेश कार्यालय के निर्देशानुसार आज अटल सदन भाजपा कार्यालय में एक दिवसीय जिला कार्यसमिति बैठक रखा गया था. इस बैठक में प्रमुख रूप से प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गौतम गोलछा जी पहुंचे थे,बैठक में सभी पदाधिकारियों ने अपनी बात एक-एक करके रखा,स्वागत उदबोधन में बीजापुर भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीनिवास मुदलियार जी ने कहा कि मंच पर विराजमान सभी अतिथियों व मेरे पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं का हृदय पूर्वक स्वागत व सम्मान करता हूं.जैसे कि सभी को ज्ञात है,कि देश मे अमृत महोत्सव कार्यकाल चल रहा है,इसमें बीजापुर बीजेपी संगठन भी आने वाले 11 व 12 अगस्त को जिले से लेकर बूथ स्तर तक घर-घर तिरंगा लगाएगी व जिले के प्रत्येक मंडल में तिरंगा रैली निकाला जाएगा। बीजेपी के सभी कार्यकर्ता आगामी समय मे भी पूरे कर्तव्य निष्ठा के साथ कार्य करने के लिए तत्पर और अग्रसर है। संगठन के जिला प्रभारी शिव नारायण पांडे ने कहा कि संगठन के निर्देश पर ही कार्य करना अनुशासन में आता है,जो कार्यकर्ता अपने मतलब के लिए कार्य करता है,वह संगठन में कभी आगे नही बढ़ता है,वह अपने आप को आगे करने की सोच रखता है,लेकिन जो कार्यकर्ता संगठन के निर्देश पर कार्य करता है,उससे पार्टी भी आगे बढ़ती है,और उसमें वह स्वयं भी आगे बढ़ जाता है.बीजापुर संगठन प्रदेश में कार्य के नाम से अव्वल रहती है,चूँकि यहाँ के कार्यकर्ता विकट परिस्थितियों में पार्टी के लिए काम करते हैं.आगे पूर्व केबिनेट मंत्री महेश गागड़ा ने कहा कि पार्टी ही सर्वपरि होती है,पार्टी से ऊपर कोई नही होता है,अगर कोई कार्यकर्ता स्वयं को पार्टी से बढ़कर मानता है,तो वह उसकी गलत पहमी होती है,पार्टी से हम है,पार्टी हमसे नही होती है.पार्टी में रहकर अनुशासन से काम करे पार्टी ऊपर तक जरूर पहुँचायेगी,आगामी समय मे नगर और पंचायत चुनाव होने हैं,अभी से क्षेत्र में ईमादारी से कार्य करना चालू कर दे,जीत पक्की मिलेगी.अंतिम उद्बोधन में मुख्य रूप से आये प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गौतम गोलछा ने कहा कि पार्टी के निर्देशानुसार यहाँ मेरा आना हुआ है,मैं जब युवा मोर्चा का जिलाउपाध्यक्ष हुआ करता था,मेरा आना होता था,तब वातावरण अनुकूल नही था,लेकिन दावे के साथ कह सकता हूं पहले पन्द्रह साल जब हमारी सरकार प्रदेश में थी तब का ही जिले में किया विकास है,आगे गोलछा ने कॉग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि कॉग्रेस ने पांच साल सिर्फ भ्र्ष्टाचार किया है,यहाँ आप लोग किन परिस्थितियों में काम करते हैं,हम लोग सोच भी नही सकते आप लोगों ने जिस तरह विधानसभा और लोकसभा में काम किया है,उसकी दाद देता हूँ,भले ही कुछ अंतरों से यहां की सीट नही जीत पाये लेकिन इतने विकट परिस्थितियों में काम करना ही सफलता है,आगामी समय मे जिले में संगठन के निर्देशानुसार 2 से 4 कार्यक्रम जिले में होना है.उसको हम सब मिलके करंगे। इस दौरान जिला महामंत्री गोपाल सिंह पवार,प्रदेश कार्य समिति सुखलाल पुजारी,किसान मोर्चा अध्यक्ष घासीराम नाग, संजय लुक्कड़,सेवा राम भूत,जिला राम राना, कमलेश मंडावी,बलदेव उरसा,जिला उपाध्यक्ष लव कुमार रायडू,महिला मोर्चा अध्यक्ष जया चिडेम,उर्मिला तोकल,नीता शाह,पुष्पा सिन्हा,माया झाड़ी,रुक्मणि कावरे सहित जिले के पदाधिकारी व कार्यकर्तागण उपस्थित रहें।

## अभिलेख सुधार के संबंध में पटवारियों को ऑनलाइन मॉड्यूल के बारे में दिया प्रशिक्षण



**बीजापुर,8 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 24- जिला कार्यालय के इन्द्रावती सभाकक्ष में कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय की उपस्थिति में लैंड रिकार्ड कोड धारा 115 अभिलेख सुधार के संबंध में पटवारियों को ऑनलाईन माड्यूल के बारे में प्रशिक्षण दिया गया जिसमें एसडीएम बीजापुर श्री जागेश्वर कौशल, डिप्टी कलेक्टर श्री उत्तम सिंह पंचारी, एसडीएम उसूर श्री भूपेन्द्र गावड़े, भोपालपटनम श्री वाय के नाग एवं भैरमगढ़ एसडीएम श्री विकास सर्वे सहित समस्त तहसीलदार, पटवारी एवं राजस्व अमला उपस्थित थे।प्रशिक्षण में पटवारियों को ऑनलाईन माड्यूल की विशेषताएं डाटा एंट्री, रिकार्ड, सुधार और रिर्पोटिंग क्षमताओं के बारे में प्रशिक्षित किया गया। धारा 115 के प्रावधानों जैसे अभिलेख सुधार की प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज, समय-सीमा, अभिलेख सुधार के दौरान होने वाली सामान्य त्रुटियां एवं उसके समाधान तथा ऑनलाईन माड्यूल का प्रभावी ढंग से उपयोग के बारे में विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया।

## सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर का 10 दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित



**बीजापुर,8 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला प्रशासन के अभिनव पहल पर वर्तमान युग में सोशल मीडिया के माध्यम से रोजगार के संभावनाओं को मद्देनजर रखते हुए सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर का 10 दिवसीय प्रशिक्षण ग्रामीण प्रशिक्षण केन्द्र आरसेटी में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें स्थानीय युवक-युवतियां प्रशिक्षण लेकर सोशल मीडिया के महत्व उसका उपयोग सोशल मीडिया के माध्यम से रोजगार के अवसर के बारे में बारीकी से सीख रहे है एक्सपर्ट द्वारा सोशल मीडिया के महत्व, उनका उपयोग के बारे में बारीकी से बताया जा रहा है।प्रशिक्षण के दूसरे दिन सीईओ जिला पंचायत श्री हेमंत रमेश नंदनवार प्रशिक्षण केन्द्र पहुंचकर प्रशिक्षु युवाओं से परिचय प्राप्त कर उनके रूचि, शैक्षणिक योग्यता सहित सोशल मीडिया के उपयोग संबंधी जानकारी ली। नंदनवार ने प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज वैश्विक स्तर पर सोशल मीडिया का महत्वपूर्ण योगदान है। शिक्षा, मनोरंजन, रोजगार, व्यापार, सामान्य ज्ञान सहित विभिन्न क्षेत्रों में सोशल मीडिया सहायक है। फेसबुक, इंस्टाग्राम, ट्विटर संचार के त्वरित साधन हो गए है। जिससे रोजगार के अवसर भी उपलब्ध हो रहे हैं।प्रशिक्षण के सभी दिवस में नियमित उपस्थित होकर विषय विशेषज्ञों से पूर्ण जानकारी ले और स्वयं एक्सपर्ट बने मन लगाकर प्रशिक्षण के सभी चरणों में भाग ले और तन्मयतापूर्वक सीखें। कोई भी कार्य मेहनत लगन और पूरी ईमानदारी से करने पर उसका परिणाम हमेशा सुखद रहता है और व्यक्ति सफलता की ऊंचाइयों पर पहुंचता है। इस अवसर पर डायरेक्टर आरसेटी श्री पी गुसेश्वर राव, सहायक संचालक कौशल विभाग श्री गौरव पाण्डेय उपस्थित थे।

## नियद नेल्लानार योजनान्तर्गत जिले के सुदूर क्षेत्रों के युवाओं को स्वरोजगार के अवसर




**बीजापुर,8 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बीजापुर जिला सुदूर एवं संवेदनशील जिला है मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के मंशानुसार आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र के युवाओं को आर्थिक रूप से सशक्तिकरण करना रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ना पहली प्राथमिकता है।बीजापुर जैसे सुदूर अंचल में छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना नियद नेल्लानार के तहत बुनियादि सुविधाओं का विकास करने के साथ-साथ इन सुदूर गांवों में जहां पहले प्रशासन की पहुंच तक नही हो पा रही थी अब वहां के युवक-युवती भयमुक्त होकर रोजगार के अवसर तलाशने प्रशिक्षण ले रहे है। जिला प्रशासन अर्न्तगत कौशल विभाग द्वारा स्वरोजगार को बढ़ावा देने कम्प्यूटर ऑपरेटर, इलेक्ट्रीशियन एवं भारत सरकार के महत्वाकांक्षी योजना पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत प्रशिक्षण दिया जा रहा है।जिसमें उसूर ब्लॉक के पाकेला, पुतकेल, गुण्डेम जैसे सुदूर गांव के युवक-युवती प्रशिक्षण ले रहे है। इसी तरह पूर्व में पालनार, तोड़का, सांवनार के युवतियां ब्लाऊज मेकिंग का 15 दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं।कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने प्रशिक्षु युवक-युवतियों से मिलकर प्रशिक्षण संबंधी जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि बीजापुर जिला में अपार संभावनाएं है। स्वरोजगार के क्षेत्र में स्थानीय युवाओं को लाभान्वित करना हमारी प्राथमिकता है। जहां कभी प्रशासन की पहुंच नही हो पा रही थी उस क्षेत्र के युवा आज जिला प्रशासन द्वारा आयोजित प्रशिक्षण में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं और स्वरोजगार से जुड़कर आर्थिक गतिविधियां संचालित कर रहे है। निश्चित ही सुशासन का सुर्योदय हो चुका है। जिला प्रशासन प्रशिक्षित युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर प्रदान कराने के लिए हर संभव प्रयास करेगा।आज नियद नेल्लानार योजना के तहत मुदवेंडी, कांवड़गांव, हिरोली, पुसनार, पालनार, पाकेला, पुतकेल, गुण्डेम सांवनार जैसे सुदूर क्षेत्र के युवा प्रशासन के साथ जुड़कर मुख्य धारा में लौट रहे हैं, यह अत्यंत हर्ष का विषय है।कलेक्टर ने सभी प्रशिक्षुओं को मन लगाकर प्रशिक्षण लेने एवं हमेशा कुछ नया सीखने के लिए तत्पर रहने की समझाइस दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## कृषि के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए कृषक को मिलेगा 'कृषक रत्न पुरस्कार'

**रायगढ़, 8 अगस्त।** राज्य स्थापना दिवस 1 नवंबर 2024 के अवसर पर राज्य के सबसे उत्कृष्ट कृषक को डॉ.खूबचंद बघेल कृषक रत्न पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। उप संचालक कृषि रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि इस पुरस्कार के लिए आवेदन कृषि विभाग के विकासखण्ड कार्यालय से निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है। आवेदन पत्र के साथ सफलता की कहानी अधिकतम दो पेज, उत्कृष्ट कार्यो की रंगीन छायाचित्र और वीडियो सीडी संलग्न करना होगा। आवेदन कर्ता कृषक विगत 10 वर्षो से कृषि कार्य छत्तीसगढ़ राज्य में कर रहे हो और छत्तीसगढ़ के मूल निवासी हो। इसमें ऐसे कृषक ही आवेदन कर सकेंगे जिसकी कुल आमदनी में से 75 प्रतिशत केवल कृषि से हो एवं किसी प्रकार का सिंचाई शुल्क/सहकारी बैंकों का कालातीत ऋण न हो।

# बिल्डर्स ने बंद किया था रास्ता, 9 साल बाद अदालत ने खोला रास्ता

## रास्ते की जंग में न्यायालय से मिला इंसाफ : मधु सर्राफ




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 8 अगस्त।** नगर की एक अनोखी कहानी जिसमें कुछ रसूकदारों का मानना था कि बिल्डर्स ने कॉलोनी बनाई है जहा से किसान को अपने खेत में जाने रास्ता मिलना नामुनकिन है किंतु नगर की एक बेटी मधु सर्राफ ने अपनी 6 बहनों के साथ प्रण कर वो कर दिखाया जो शायद ही किसी के बस की बात थी आखिरकार राजस्व प्रशासन का चक्कर काटकर परेशान होकर सर्राफ परिवार की बेटियों ने बिल्डर्स के विरुद्ध वाद न्यायालय में पेश किया था जिस पर बिल्डर्स द्वारा आने-जाने का रास्ता बंद कर दिये जाने के विरुद्ध पेश मार्गाधिकार के वाद में वादीगण के रास्ता को बंद कर देना को मानवाधिकार का उल्लंघन मानते हुए न्यायालय द्वारा आने-जाने का रास्ता दिये जाने का आदेश दिया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मामला इस प्रकार का है कि पंचशील नगर बलौदाबाजार से लगा निर्माणाधीन कॉलोनी प्रतिष्ठा के दोनों बिल्डर्स नितेश शर्मा व आनंद सर्राफ द्वारा प्रतिष्ठा कॉलोनी से लगी मधु सराफ एवं उसकी अन्य 6 बहनों के 10 एकड़ की भूमि पर आने-जाने के रास्ता को दिवाल उठाकर बंद कर दिया गया जिसके कारण मधु एवं उसकी बहनों द्वारा 9 सालों से अपनी भूमि पर नही आ-जा सकने के कारण न ही कास्तकारी कर सक रहे थे और न ही उक्त भूमि का बिक्री कर सक रहे थे जबकि प्रतिष्ठा कॉलोनी वाली भूमि से उसके पूर्व स्वामी अब्दुल जब्बार के जीवनकाल से लगभग 54-55 साल से मधु एवं उसकी बहनों द्वारा अपने पिता के समय से निरंतर आना-जाना करने के कारण उन्हे उक्त भूमि पर आने-जाने का कानूनी अधिकार प्राप्त हो गया था जिसे प्रतिष्ठा कॉलोनी के दोनों बिल्डर्स द्वारा इसलिए बंद कर दिया गया था ताकि मधु सर्राफवगैरह अपनी उक्त भूमियों को किसी अन्य के पास बिक्री न कर सके। तब मधु एवं उसकी बहनों द्वारा अपने अधिवक्ता सतीश चन्द्र श्रीवास्तव के माध्यम से मार्गाधिकार का वाद दोनों बिल्डर्स सहित प्रतिष्ठा कॉलोनी में प्लाट खरीदने वाले सभी लोगो के विरुद्ध न्यायालय में वाद पेश किया गया था जिसमें 9 साल की लंबी लड़ाई लड़ने के पश्चात् वरिष्ठ व्यवहार न्यायाधीश मंजूलता सिन्हा द्वारा निर्णय पारित कर दोनों बिल्डर्स को मधु वगैरह का रास्ता बंद नही किये जाने का आदेश दिया गया है। इस अधिवक्ता सतीश चंद्र श्रीवास्तव ने उक्त संबंध में बताया कि वर्ष 2015 से आज तक मधु और उसकी बहने न ही अपने खेत पर जा सके और ना ही खेती कर सके जिसके कारण उन्हें 20 लाख रूपये से ज्यादा का नुकसान भी उठाना पड़ा है वही इस मामले को लेकर मधु सराफ ने कहा कि सत्य परेशान हो सकता है, किंतु पराजित नही, 9 साल की लंबी कानूनी लड़ाई के बाद मुझे अपने अधिवक्ता सतीश चन्द्र श्रीवास्तव के माध्यम से रास्ते की जंग में न्यायालय से इंसाफमिला है।

## समाचार संक्षेप

### जनसमस्या निवारण शिविर में हुआ आम जनता की समस्याओं का निराकरण



**दल्लीराजहरा, 8 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नगर पंचायत डौंडी के अंतर्गत बुधवार को जन समस्या निवारण शिविर वार्ड नं. 06, 07 एवं 08 भंडारी पारा रंग मंच मे कुल प्राप्त आवेदन 37, मांग हेतु आवेदन 34, शिकायत हेतु आवेदन 03, निराकृत आवेदन 06एवं लंबित आवेदन की संख्या 31 है, का शिविर मे प्राप्त हुआ, इस शिविर मे अनुविभागीय अधिकारी (रा.) डौंडी रामकुमार सोनकर शिविर का निरीक्षण करने पहुंचे जहाँ शिविर के दौरान 6 आवेदनों का निराकृत किया गया, उक्त शिविर में मुख्य नगर पालिका अधिकारी संतोष कुमार देवांगन, उप -अभियंता भूपेंद्र दिल्ली, चंद्रशेखर राउते लिपिक, डोमन निषाद लिपिक, लेखापाल बसंत नोन्हारे, दीपक साहू कंप्यूटर ऑपरेटर, राजस्व विभाग से लक्ष्मी भारद्वाज लिपिक, सावित्री निषाद, सफाई दरोगा प्रदीप यादव, स्टोर प्रभारी संदीप यादव, वाहन चालक किशोर यादव, मोहन नागवंशी, पलंबर पवन निषाद, नवीन, अमित समस्त कर्मचारी एवं वार्ड के निवासी उपस्थित थे।

### गुड़ेलिया में पालक-शिक्षक बैठक सम्पन्न न्योता भोज का भी किया गया आयोजन



**भाटापारा, 8 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छ.ग. शासन स्कूल शिक्षा विभाग आदेशानुसार ग्राम पंचायत गुड़ेलिया अंतर्गत शा. प्रा.शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला गुडेलिया मे संकुल स्तरीय मेगा पालक बैठक आयोजित हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संकेत अग्रवाल उपसरपंच ग्राम पंचायत गुडेलिया विशेष सहयोगी एवं न्यौता भोज के आयोजक रहे, संकुल प्राचार्य आर एन बया नोडल शिक्षक आर. पी. भोई प्रधानपाठक प्रा. शा. गुड़ेलिया के नेतृत्व में निर्धारित 12 बिन्दुओं सहित उल्लास साक्षर भारत, हृश्वक्क 2020 पर पालको एवं शिक्षको की व्यापक एवं वृहद चर्चा सुझाव आमंत्रित किये गये। जिसमें संकुल मोपका के 8 विद्यालयों के संस्था प्रमुख सहित 33 शिक्षक 252 पालक, 15 जनप्रतिनिधिः 06 शिक्षाविद काउंसलर, बालमनो विज्ञानी, डॉक्टर, सहित 195 विद्यार्थी एवं अन्य में उल्लेखनीय सहयोग एवं प्रबंधन के लिए बधाई एवं आभार प्रेषित किया गया, 521 लोग उपस्थित हुए कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सभी शाला के स्श्चह्र अध्यक्ष एवं शिक्षा बिंद में प्रियादास मानिकपुरी, शंभु ध्रुव, हेमंल वर्मा, तेजनारायण ध्रुव, केशव साहू, रमेश नवरंगे, रोहित साहू मोपका सरपंच सीमा धनश्याम बंजारे, जनपद सदस्य नरेन्द्र यादव रमेश्वर ध्रुव, मोपका क्क्रा. ष्ट. से डॉ कौशल पटेल, राजाराम धुर्वे संघ प्राध्या मोपका महा.वि. आरके साहू पटवारी, जिला नोडल एवं रिपा अधि. विनोद कंवर फ्आर्मेसिस्ट मोपका आदि ने उल्लेखनीय योगदान दिया। कार्यक्रम के रूपरेखा का सफ्ल संचालन दिनेश वर्मा संकुल समन्वयक मोपका द्वारारा संपादित की गया। अंततः उपसरपंच संकेत अग्रवाल को उल्लेखनीय सहयोग व प्रबंधन के लिये संकुल परिवार की ओर से बधाई एवं आभार जताया गया।

## एक नजर

### राहुल खूबचंदानी के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी

**रायपुर, 8 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** तिल्दा के राहुल खूबचंदानी पिता प्रकाश खूबचंदानी के विरुद्ध रायपुर कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश डी एन भगत द्वारा गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है। विदित हो कि राहुल खूबचंदानी की पत्नी द्वारा रायपुर न्यायालय में भरण पोषण की राशि के लिए प्रकरण पेश किया गया था जिसमे न्यायालय के आदेश के बावजूद राहुल खूबचंदानी द्वारा विगत एक साल से भरण पोषण राशि जमा नही की गई है और लगातार प्रकरण में अनुपस्थित रहते हैं न्यायालय द्वारा राहुल खूबचंदानी द्वारा एक साल से भरण पोषण राशि जमा नही। करने पर न्यायालय द्वारा गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है।

### आंगनबाड़ी सहायिका भर्ती के लिए दावा -आपत्ति 16 अगस्त तक

बलौदाबाजार, 8 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। एकीकृत बाल विकास परियोजना लवन अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र चिचिरदा-1, गिन्दोला-3 एवं कुम्हारी-2 में आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पद पर भर्ती हेतु दावा आपत्ति आमंत्रित किया गया है। मूल्यांकन समिति के अनुमोदन पश्चात् दावा आपत्ति 7 अगस्त से 16 अगस्त 2024 तक अभ्यर्थी कार्यालय एकीकृत बाल विकास परियोजना लवन में कार्यालयीन समय प्रातः 10.30 बजे से सायं 5.30 बजे तक आवेदन जमा कर सकते है। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

### स्वतंत्रता दिवस पर 14 अगस्त को स्वतंत्रता दौड़ का होगा आयोजन

**बालोद, 8 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला प्रशासन तथा खेल एवं युवा कल्याण द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 14 अगस्त 2024 को बालोद में स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन किया जाएगा। प्रभारी जिला खेल अधिकारी सुश्री प्राची ठाकुर ने बताया कि स्वतंत्रता दौड़ सरदार वल्लभ भाई पटेल मैदान से सुबह 07.30 बजे से प्रारंभ होगा। स्वतत्रंता दौड़ सरदार पटेल मैदान से घड़ी चैक, संजारी क्लब, गंगासागर तालाब, दल्लीराजहरा मेन रोड से दल्ली चैक होते हुए वापस सरदार वल्लभ भाई पटेल मैदान बालोद में समाप्त होगी।

### नगर पालिका दल्लीराजहरा में किया जाएगा जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन

**बालोद, 8 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राज्य शासन के निर्देशानुसार निगम प्रशासन द्वारा आम जनता के मांगों एवं समस्याओं के त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने हेतु जिला मुख्यालय बालोद सहित नगरीय निकायों में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। नगरीय निकायों के विभिन्न वार्डों में 27 जुलाई से 10 अगस्त तक आयोजित होने वाली जन समस्या निवारण पखवाड़ा के अंतर्गत गुरूवार 08 अगस्त को नगर पालिका दल्लीराजहरा के वार्ड क्रमांक 24 एवं 25 हेतु वार्ड क्रमांक 24 राधाकृष्ण मंदिर के पास जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। जनसमस्या निवारण शिविर में आम जनता के समस्याओं से अवगत होने एवं शासन के विभिन्न कार्यक्रमों का आंकलन किया जाएगा।

## कन्या संकुल में पालकों की शिक्षकों के साथ संकुल स्तर पर मेगा बैठक आयोजित

# प्राथमिक व उच्च प्राथमिक स्कूल में अतिरिक्त विषय शुरू करने की पहल पर पालकों ने जताई सहमति



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा, 8 अगस्त।** आज कन्या सिमगा संकुल में पालकों का शिक्षकों के साथ संकुल स्तर पर मेगा बैठक आयोजित किया गया। जिसमें पूरे संकुल के 05 प्राथमिक 03 माध्यमिक तथा स्वामी आत्मानंद के हिंदी/अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के पालकों को आमंत्रित किया गया। जिसमें 389 पालकों की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम की शुरुआत में शिक्षकों व छात्रों के द्वारा पालकों का गुलाल लगाकर स्वहस्त निर्मित पुष्पगुच्छ देते हुए स्वागत किया गया। स्वागत के बाद सभी पालकों को विद्यालय के प्रार्थना में शामिल किया गया। माता-पिता तुम्हें वंदन के गीत पर भावुक पालकों के आंखों से आंसू आ गए। सभी ने विद्यालय के संस्कार पूर्ण वातावरण की तारीफकी। तत्पश्चात संकुल प्राचार्य आशीष कुमार शर्मा द्वारा सभी पालकों का अभिनंदन करते हुए सभी पलकों के समक्ष विद्यालय की समस्त गतिविधियों से परिचित कराया।

विद्यालय का परिणाम क्रीडा क्विज प्रतियोगिता विज्ञान प्रदर्शनी आदि में राज्य/राष्ट्रीय स्तर की प्रति स्पर्धा में सम्मिलित छात्रों की चर्चा की। विद्यालय की समस्याओं शिक्षकों की कमी और अतिरिक्त विषय के संचालन पर पूछे जाने के बाद सभी पालकों से शाला विकास समिति के द्वारा हिंदी माध्यम कन्या उ. मा शाला के शिक्षक भृत्य रखने अंग्रेजी माध्यम में प्राथमिक/उच्च प्राथमिक पर अतिरिक्त विषय चलाई जाने की पहल के साथ सबने सहर्ष अपनी सहमति जताई। पालकों के द्वारा पूछे जाने पर बहुत से प्रश्न बच्चों से संबंधित समस्याएं प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी आदि पर विस्तार से चर्चा किया गया। इसके बाद संकुल समन्वयक सत्यव्रत मिश्रा द्वारा शासन के 12 बिंदुओं पर चर्चा एवं संकुल व्यवस्था का विवरण शासन की मंशा बैठक का उद्देश्य तथा फ्लों से अपेक्षाओं पर चर्चा किया गया उसके बाद संकुल के अन्य शिक्षक राजवर्धन भोसले कुसुम सिंह नवीन वर्मा आर एल गेंडरे रमेश ध्रुव रीना साहू भारती गुप्ता लोरी जगताप आदि ने विभिन्न मुद्दों पर अपना पक्ष रखते हुए पालक/ बालक और शिक्षकों में समन्वय स्थापित करते हुए छात्र हित पर उनके सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करने को प्रोत्साहित किया। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम के परिसर में आयोजित ऑडिटोरियम/हॉल क्रमांक 1 और 2 में बैठक चली जिसमें लगभग 389 पालकों ने हिस्सा लिया विभिन्न विषयों पर चर्चा हेतु सेवानिवृत्ति शिक्षकों सलाहकारों और स्वास्थ्य संबंधी चर्चा हेतु चिकित्सक भी आमंत्रित किए गए थे। कार्यक्रम में सभी को न्योता भोज करते हुए प्राचार्य शर्मा ने सभी जनप्रतिनिधियों पत्रकार और पालकों आगंतुको को आभार व्यक्त करते हुए पुनः बैठक पर हमेशा आने का आग्रह कर कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की।

## नियम विरुद्ध राशि आहरण करने पर मोहतरा सरपंच बर्खास्त

**बलौदाबाजार, 8 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कार्यों के भुगतान हेतु बिना पंचायत प्रस्ताव के 3 लाख 34 हजार 500 रुपये का आहरण नियम विरुद्ध करने पर जनपद पंचायत बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम पंचायत मोहतरा की सरपंच ईश्वरी साहु को एसडीएम बलौदाबाजार अमित कुमार गुप्ता ने छत्तीसगढ़ पंचायती राज अधिनियम1993 की धारा 40 (1) के प्रावधानो के तहत तत्काल प्रभाव से पृथक कर दिया है। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ पंचयती राज अधिनियम 1993 की धारा 40(2) के प्रावधानो के तहत 6 वर्ष की कलावधि के लिए पंचायत अधिनियम के अधीन निर्वाचन, सहयोजन के लिए निरर्हित घोषित किया है। इस सम्बन्ध में आदेश जारी कर दिया गया है। जारी आदेशानुसार ग्राम पंचायत मोहतरा के सरपंच सचिव के विरुद्ध 14 वें एवं 15 वें वित्त की राशि का दुरूपयोग करने की शिकायत पर जनपद पंचायत बलौदाबाजार के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा जाँच दल गठित कर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया जिसमें ग्राम पंचायत मोहतरा की सरपंच ईश्वरी साहु द्वारा ग्राम पंचायत में सार्वजनिक शौचालय निर्माण, अहाता निर्माण, गोठान में वर्मी शेड निर्माण, हैंडपम्प मरम्मत, पेयजल, स्वच्छता कार्यक्रम कार्यो का भुगतान स्वयं एवं अपने पति तथा बिना पंचायत प्रस्ताव के 3 लाख 34 हजार 500 रूपये आहरण किया गया।सरपंच ग्राम पंचायत मोहतरा द्वारा छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 के अधीन छत्तीसगढ़ पंचायत लेखा नियम 1999 के प्रावधानो का पालन न कर अपने कर्तव्यों के निर्वहन में घोर लापरवाही बरती गई जिसके कारण वह अपने कर्तव्य के निर्वहन में अवचार के दोषी तथा उनका पद पर बना रहना लोकहित में अवांछनीय है।

## हेल्पिंग हैंड चैरिटी ग्रुप ने तीन जरूरतमंदों को उपचार के लिए दी सहायता राशि

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा, 8 अगस्त।** छुरा नगर निवासी पीलूराम ध्रुव द्वारा अपनी पत्नी सेवती बाई ध्रुव जो कि किडनी और फेफ्ड़े में पानी भर जाने की समस्या से जूझ रही है और थानेश्वर ध्रुव जो कि लीवर और किडनी में सिस्ट की समस्या से ग्रस्त हैं ने उपचार हेतु आर्थिक मदद की अपील हेल्पिंग हैंड चैरिटी ग्रुप छुरा के पास किया था जिस पर जांच उपरांत दोनों को क्रमशः बीस बीस हजार रुपए का चेक ग्रुप के अमिताभ जैन के द्वारा दिया गया?

इसी क्रम में ग्राम परसदा जोशी (फिंगेश्वर) निवासी कु मालती साहू जो कि कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रही है, के उपचार हेतु आर्थिक सहायता की अपील सोशल मीडिया के माध्यम से प्राप्त होने पर हेल्पिंग हैंड चैरिटी ग्रुप छुरा के द्वारा संज्ञान लेकर पीड़िता के परिजनों से संपर्क किया गया और कु मालती साहू के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना के साथ ग्रुप द्वारा 20000 रु एवं ग्रुप के सदस्य हेमचंद देवांगन गरियाबंद के द्वारा निजी रुप से 3000 रु का संयुक्त चेक पीड़िता की बड़ी बहन को प्रदान किया गया।

इस प्रकार से वर्तमान माह में तीन जरुरतमंदों को साठ हजार रुपए का सहयोग प्रेषित किया जा चुका है।यह जानकारी ग्रुप के कोषाध्यक्ष गोपाल सोनी द्वारा दिया गया है।विदित हो कि जनसेवा ही प्रभुसेवा है के उक्ति को चरितार्थ करता हुआ।यह ग्रुप गरियाबंद जिले के गंभीर बीमारी से पीड़ित और आर्थिक रुप से अक्षम लोगों को आर्थिक सहयोग राशि चेक के माध्यम से प्रदान करता है।इस सेवा कार्य में गरियाबंद जिले सहित अन्य जिलों के लगभग 180 सेवाभावी सदस्य जुड़े हुए हैं, जो प्रतिमाह अपना अंशदान ग्रुप को ऐसे सेवा कार्य के लिए प्रदान करते हैं। ग्रुप का एकमात्र उद्देश्य है कि राशि के अभाव में कोई जरुरतमंद ईलाज से वंचित ना रहे।वर्तमान में सिर्फगरियाबंद जिले के जरुरतमंदों को ही इस ग्रुप द्वारा उपचार हेतु आर्थिक सहायता चेक के माध्यम से प्रदान की जाती है।

भविष्य में इसका दायरा बढ़ाए जाने की योजना है। साथ ही निकट भविष्य में रक्तदान और वृक्षारोपण के क्षेत्र में काम करना ग्रुप का लक्ष्य रहेगा।

## 10 करोड़ रुपए लेकर फरार डायरेक्टर को 8 साल बाद पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कसडोल, 8 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बिलासपुर जिला की सरकंडा पुलिस ने निवेशकों को मोटे मुनाफे का लालच देकर 10 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी करने वाली चिटफंड कंपनी के फरार डायरेक्टर अरुण वर्मा को राजस्थान के अलवर से गिरफ्तार किया है। आरोपी वहां नौकरी कर रहा था जबकि उसका परिवार भोपाल में रह रहा था। सारंगढ-बिलाईगढ़ जिला के बिलाईगढ़ थाना के अंतर्गत ग्राम टुंडरी (गिधौरी) के रहने वाले अरुण वर्मा उम्र 34 वर्ष ने कैरियर ड्रीम एजुकेशनल एकेडमी बनाकर लोगों को इसमें निवेश करने के लिए कहता था। उसने जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्र में रहने वाले लोगों से कंपनी में करीब 10 करोड़ रुपए निवेश करा लिए। इसके बाद वह लोगों की रकम लेकर फरार हो गया। रुपए डूब जाने के बाद लोगों ने अरुण वर्मा और उसके साथी प्रदीप चंद्राकर के खिलाफ शिकायत की थी। इस बीच आरोपित फरार हो गया। पुलिस ने प्रदीप चंद्राकर और एक अन्य साथी सतानंद चंद्राकर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की टीम अरुण वर्मा की तलाश में जुटी रही, जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि आरोपित का परिवार भोपाल में आयकर कॉलोनी में रह रहा है। पुलिस की टीम भोपाल पहुंच गई वहां पर पता चला कि आरोपित वहां नहीं रहता। जवानों ने किसी तरह परिवार के सदस्यों का मोबाइल नंबर लिया। इसके आधार पर चली जांच में पता चला कि आरोपित राजस्थान के अलवर में रहकर नौकरी कर रहा है। एक टीम को राजस्थान के अलवर भेज कर आरोपित अरुण वर्मा को गिरफ्तार कर लिया गया है।



## रायपुर जिले के प्राचार्यों की कार्यशाला आयोजित

# बैठक में बाल अधिकार संरक्षण पर विशेष जोर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायपुर, 8 अगस्त।** राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग भारत सरकार नई दिल्ली के निर्देशानुसार जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान शंकर नगर रायपुर में प्राचार्यों की एक दिवसीय कार्यशाला बुलिंग एवं साइबर बुलिंग विषय पर आयोजित हुई, जिसमे प्रमुख वक्ता के रुप में राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पीठासीन सदस्य सोनल गुप्ता थे।

अन्य वक्ताओं में प्रमुख रूप से आयुष गुहे पीठासीन सदस्य (साइबर बुलिंग) बाल संरक्षण आयोग बाल संरक्षण अधिकारी गजानंद साहू, डी.एस. पी. कार्यालय के साइबर क्राइम सेल प्रभारी चिंतामणी साहू एवं रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में साइबर क्राइम एक्सपर्ट एसोसिएट प्रोफेसर डॉ अभय तिवारी थे। प्रमुख वक्ता सोनल गुप्ता ने अपने उद्बोधन में बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा किये गये एवं किये जा रहे कार्यो पर प्रकाश डाला। उन्होंने बुलिंग क्या है, बुलिंग से संबंधित अपराध के लिए आरोपित की जाने वाली धाराओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बुलिंग घर, बाहर, विद्यालय, समाज सब जगह होता है।

उसे समझने और जानने की आवश्यकता है। उन्होंने विभिन्न घटनाओं का जिक्र कर स्पष्ट किया। डॉ. अभय तिवारी ने अपने उद्बोधन में साइबर बुलिंग पर प्रकाश डाला। साइबर बुलिंग कहाँ-कहाँ, कैसे-कैसे होता है विस्तार से जानकारी देते हुए इससे बचने के त्रिकोंबपर चर्चा किये। आयुष गुहे ने भी साइबर बुलिंग से संबंधित अपराधों का जिक्र करते हुए उससे कैसे बचा जा सकता है इस पर चर्चा किये।

गजानंद साहू ने बसल अधिकार संरक्षण के लिए जिलों में गठित बसल कल्याण समिति, उसके गठन, कार्य, अधिकार, किशोर न्याय अधिनियम पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। चिंतामणी साहू ने अपने उद्बोधन में साइबर क्राइम की जिले में स्थिति उसमें बच्चों की संलिप्तता एवं उस पर किये गये कार्यवाही पर विस्तार से चर्चा करते हुए बचाव के उपाय सुझाये।

इस अवसर पर प्राचार्य राकेश गुप्ता, सहायक प्राध्यापक रीता चौबे ने भी इस विषय पर चर्चा की। इस कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी रायपुर डॉ विजय खंडेलवाल, डाइट के प्राचार्य एवं फेकल्टी सदस्य, जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के कर्मचारी एवं जिले के प्राचार्यगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डाइट फेकल्टी चौधरी एवं आभार प्रदर्शन तिल्दा विकासखण्ड के स्त्रोत समन्वयक एस. के. शर्मा ने किया। यह जानकारी एस. के. शर्मा द्वारा प्रदान की गई।


**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक : 202408092200016**

मामले की श्रेणीः- राजस्व
विषयः- ब-121
सनः- 2023-2024

**डोंगरगढ़ प.ह.न. 00025 [(हे.)]**
**पक्षकारों का विवरण-**
**आवेदक पक्षकार-रग्घू हिरोंदिया,**
**अनावेदक पक्षकार-**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रग्घू हिरोंदिया पिता अगनू कंडरा जाति कंडरा सा. डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक माँ अंकलहीन पति अगनू कंडरा का मृत्यु दिनांक 27.08.2019 को स्थान डोंगरगढ़ में हुआ है के नाम पर मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 23.08.2024 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 05/08/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर
**तहसीलदार**
**डोंगरगढ़**

**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र.202408092300003-अ / 6 (अ) वर्ष 2023-24

**ईश्तहार**

एतद सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दयालु चंदेल पिता स्व मंगलु चंदेल जाति सतनामी उम्र 54 वर्ष निवासी ग्राम पो. मोहारा तहसील. डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव छ.ग. कृषक ग्राम तेन्दुभाठा तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव छ.ग. द्वारा आवेदन पेश किया है कि आवेदक के अधिकार एवं स्वामित्व में ग्राम तेन्दुभाठा प. ह. नं. 4 रा.नि.मं. मोहारा तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव छ.ग. में भूमि स्थित है जिसका खसरा नं. 136/1 रकबा 0.616 हेक्टेयर राजस्व रिकार्ड में दर्ज है। पूर्व में वर्ष . 2000-2001 में राजस्व रिकार्ड में उक्त भूमि खसरा नं. 136/1 रकबा 0.737 हेक्टेयर दर्ज था। जिसमें से आवेदक द्वारा शासन की योजना के तहत् जोगी डबरी बनाने हेतु जनपद पंचायत डोंगरगढ़ में आवेदन किया था परन्तु आवेदक की उपरोक्त भूमि पर जोगी डबरी नहीं बनाया गया ना ही शासन की योजना का आवेदक को लाभ मिला परंतु आवेदक की उपरोक्त भूमि खसरा नं. 136/1 रकबा 0.737 हेक्टयेर में से 0.121 हेक्टेयर भूमि का रकबा कम कर दिया गया है। आवेदक की उपरोक्त भूमि खसरा नं. 136/1 रकबा 0.737 हेक्टेयर में से जो रकबा 0.121 हेक्टेयर कम किया गया है उसे राजस्व रिकार्ड में जोड़े जाने का निवेदन किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह दिनांक 20.08.2024 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 02.08.2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर
**नायब तहसीलदार**
**डोंगरगढ़**

**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र. 202408092300006-अ/74- वर्ष 2023-24

**ईश्तहार**

एतद सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दयालू चंदेल पिता मंगलू चंदेल जाति सतनामी निवासी ग्राम मोहारा तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा ग्राम तेन्दुभाठा पटवारी हल्का नं. 04 तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव में स्थित भूमि खसरा 112/4, 136/1, रकबा 0.210, 0.616 हेक्टेयर कुल खसरा 02 कुल रकबा 0.826 हेक्टेयर भूमि आवेदक के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि का मूल ऋण पुस्तिका कही गुम हो चुका है। उक्त भूमि का मूल ऋण पुस्तिका कहीं गुम हो जाने के कारण आवेदक को शासकीय एवं अर्ध शासकीय कार्य में परेशानी हो रही है। उक्त भूमि का डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन पत्र मय बी-1, अदेय प्रमाण पत्र तथा प्रथम सूचना रिपोर्ट, चलान की मूल प्रति पेश किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह दिनांक 20.08.2024 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 02.08.2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर
**नायब तहसीलदार**
**डोंगरगढ़**

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी, जिला-बालोद (छ.ग.)**

फार्म-अ
सार्वजनिक सूचना
(नियम-6 देखिये)

सर्व साधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि आवेदक नागेश्वर प्रसाद आ. श्री उदेराम, उम्र 30 वर्ष, जाति हल्बा, निवासी ग्राम तरौद तह. व जिला बालोद (छ.ग.) एवं आवेदिका महेश्वरी आ. श्री रामसाय जाति हल्बा आयु 28 वर्ष, निवासी ग्राम कामता, तह. डौण्डी, जिला बालोद (छ.ग.) छत्तीसगढ़ विवाह का अनिवार्य पंजीयन नियम 2006 के नियम 5(2) के तहत् पुष्टिकरण के लिए आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया है।

प्रस्तावित छत्तीसगढ़ विवाह का अनिवार्य पंजीयन नियम, 2006 के नियम 5(2) के तहत् पुष्टिकरण के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 22/08/2024 के पूर्व अधोहस्ताक्षरी के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी तथा वह शून्य माना जावेगा।

**अगामी तिथि- 22/08/2024**

आज दिनांक 06/08/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी।

मुहर
**अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी जिला-बालोद (छ.ग.)**

## एक नजर

### शिवसेना ने जलाया बांग्लादेशी आतंकवादियों का पुतला

**रायपुर, 8 अगस्त।** शिवसेना रायपुर जिला इकाई के दवारा प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार के पर निर्देशानुसार आशीष परिडा के नेतृत्व मे कालीबाड़ी चौक पर बांग्लादेश के आतंकवादियों के पुतले को फांसी देकर जलाया गया। युवा सेना जिलाध्यक्ष संजय सोनकर ने बताया कि बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हमलों के विरोध में आतंकवादियों का पुतला जलाया गया। केंद्र सरकार से को बंगलादेशी हिन्दुओं को भारत में शरण तथा सुरक्षा देने की मांग शिवसेना छत्तीसगढ़ ने की है। जिसमें मुख्यरूप से तरुण डोंडेकर, पीयूष बिसेन, भोला साहू, खुमेश साहू, रितेश साहू, रोशन साहू, सोनू साहू, कुणाल कश्यप, गजानंद राजपूत, टीकम कौनेजे, लक्की सिन्हा, लिलेश्वर निषाद, अभिषेक राजपूत, नवीन साहू एवं अधिक संख्या मे शिवसैनिक उपस्थित हुए।

### राखी पर दें भाई-बहन के रिश्ते को मजबूती

**रायपुर, 8 अगस्त।** भाई-बहनों के अटूट रिश्ते का त्योहार रक्षाबंधन बस कुछ ही दिन दूर है। अगर आप अपने भाई-बहनों पर प्यार और आशीर्वाद न्यौछावर करने की तैयारी कर रहे हैं, तो उन स्वादिष्ट व्यंजनों को भी याद रखें, जो इस खास मौके को और भी खूबसूरत बना सकते हैं। अमेजन फ्रेश सुपर वैल्यू डेज़ में आपको स्वादिष्ट व्यंजनों की तैयारी के लिए खास प्रोडक्टय रेंज मिलेगी। साथ ही यहां आपको अपने भाई-बहनों के लिए एक बेहतरीन गिफ्ट हैम्पर खरीदने का सही मौका भी मिलेगा। ये गिफ्ट इस बात का इजहार करेंगे कि आपके लिए वे कितने मायने रखते हैं। यहां पर ताज़े फ्लों और सब्जियों से लेकर स्नैक्स, बेवरेजेस और रोज़मर्रा की ज़रूरत की वस्तुओं तक, उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला 45त्न तक की छूट के साथ उपलब्ध कराई जा रही है।

### अंतिम किश्त का एरियर्स भुगतान शीघ्र करने की मांग

**रायपुर, 8 अगस्त।** पंडित रविशंकर शुक्ल विश्व विद्यालय कर्मचारी संघ के पूर्व सचिव प्रदीप कुमार मिश्र ने बताया कि उनके साथ सेवानिवृत कर्मचारियों ने कुलपति से मिलकर उन्हे अवगत कराया कि 31 मार्च 2022 तक सेवानिवृत हुवे कर्मचारियो को छठवें वेतन मान के आधार पर अर्जित अवकाश नगदीकरण का भुगतान किया गया विडंबना देखिये कि ये कर्मचारीगण सातवें वेतनमान के आधार पर वेतन लेते हुए सेवा निवृत होते हैं। इन कर्मचारियों ऐसा कौन सा अपराध किया है की विगत दो वर्षो से लगातार आवेदन और निवेदन करते आ रहें हैं कि उन सभी कर्मचारीयो के छठवें वेतन मान और सातवे वेतनमान के बीच के अर्जित अवकाश नगदीकरण के अंतर की राशि के एरियर्स का भुगतान आज पर्यंत तक नही किया गया।

### अब जीएसटी भुगतान आसान

**रायपुर, 8 अगस्त।** भारत में निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंकों में से एक, एक्सिस बैंक ने आज गुड्स एंड सर्विस टैक्स (जीएसटी) पोर्टल के साथ सफ्लता से जुड़ने की घोषणा की, जिससे उसके कमर्शियल कार्ड कॉरपोरेट ग्राहकों को जीएसटी भुगतान में आसानी होगी। विवेक गुप्ता, प्रेसिडेंट एवं हेड - होलसेल बैंकिंग प्रॉडक्ट ने इस लॉन्च के मौके पर कहा, एक्सिस बैंक हमेशा अपने कॉरपोरेट ग्राहकों का समर्थन करने के लिए ट्रांजैक्शन बैंकिंग में डिजिटल इनिशिएटिव्स को लीड करने में आगे रहा है। यह नवीनतम पहल, जीएसटी भुगतान करने के लिए एक सुरक्षित, सुविधाजनक और निर्बाध तरीका प्रदान करेगी और साथ ही इससे हमारे ग्राहकों को कमर्शियल कार्ड से जुड़े कार्यशील पूंजी के ऑप्टिमाइज़ेशन का भी लाभ मिलता रहेगा। यह बैंक की ओर से की गई एक और ग्राहक केंद्रित पेशकश है जो हमें अपने ग्राहकों के लिए पसंदीदा बैंक बनाने में प्रयत्नशील साबित होगा।

### ईवी ईको सिस्टम में कई फीचर्स लॉन्च

**रायपुर, 8 अगस्त।** जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने DriEV.Bharat में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के लिए इनोवेशन की एक श्रृंखला को पेश किया। इस कार्यक्रम का आयोजन कंपनी की ओर से भारत मंडपम, नई दिल्ली में विविधतापूर्ण ऑटोमोटिव और ईवी ईकोसिस्टम के अग्रणी इंडस्ट्री खिलाड़ियों के साथ मिलकर किया गया था। अपनी तरह का पहला यह कार्यक्रम ईवी तकनीक को आगे बढ़ाने और इलेक्ट्रिक वाहनों को तेजी से अपनाने के साथ परेशानी मुक्त स्वामित्व अनुभव प्रदान करने के लिए मजबूत ईवी बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए निर्माताओं की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### निधन

#### फूलकुंवर चौधरी

**डोंगरगढ़, 8 अगस्त।** खूंटापारा वार्ड नं.1 निवासी फूलकुंवर चौधरी 57 वर्ष का बुधवार को निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार गृहग्राम मुरमुंदा में किया गया। वे अपनें पीछे पति भुवन चौधरी, पुत्र खूबचंद व रेखचंद चौधरी का भरा-पूरा परिवार छोड़ गई। उनके निधन पर कुर्मी समाज सहित अन्य सामाजिक संगठनों ने शोक जताया है।



# दक्षिण विस उपचुनाव की तैयारियां जोरों पर

## नाम निर्देशन पत्र, प्रपत्र 26 एवं मतदाता सूची तैयार

■ मुख्य नगर संवाददाता




**रायपुर, 8 अगस्त।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय ने रायपुर दक्षिण विधानसभा के लिए होने वाले उपचुनाव की तैयारियां तेज कर दी है। भारत निर्वाचन आयोग आगामी महीने उपचुनाव कराने की घोषणा कर सकता है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के अनुसार रायपुर जिले की दक्षिण विधानसभा से विधायक बनने के बाद बृजमोहन अग्रवाल सांसद पद के लिए निर्वाचित हो गए हैं। जिसके चलते उन्हें विधायक पद से इस्तीफा देना पड़ा है। छत्तीसगढ़ में केवल एक ही विधानसभा में उपचुनाव होगा जबकि उत्तरप्रदेश में 10 एवं अन्य राज्यों में भी उपचुनाव होने हैं। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय ने प्रपत्र 26 नाम निर्देशन पत्र एवं मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया है। समझा जाता है कि आगामी अक्टूबर माह में महाराष्ट्र, झारखंड में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं, भारत निर्वाचन आयोग इसी के साथ ही अन्य राज्यों में उपचुनाव कराने की घोषणा कर सकता है। नियमानुसार यदि कोई विधायक अपने पद से इस्तीफा देता है तो 6 महीने के अंदर उपचुनाव कराना होता है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मतदाता सूची, परिचय पत्र एवं मतदान केंद्रों के पुनरीक्षण का कार्य भी पूरा कर लिया गया है।

### भाजपा में प्रत्याशी चयन की कवायद

भाजपा इस सीट पर अपना कब्जा बरकरार रखना चाहती है। भाजपा के वरिष्ठ नेता शिवरतन शर्मा और श्यामबिहारी जायसवाल को प्रभारी बनाया गया है। वे कार्यकर्ताओं से रायशुमारी करेंगे। कुल 8 मंडल हैं। इसके प्रभारियों से बातचीत जारी है। भाजपा में अनेक दावेदार सामने आए हैं। कांग्रेस ने भी रायशुमारी करनी शुरू कर दी है। वर्ष के अंतिम माह में नगरीय निकाय चुनाव होने वाले हैं। इसलिए सभी महत्वाकांक्षी नेता पार्षद पद के चुनाव की तैयारी कर रहे हैं।

# दक्षिण विस उपचुनाव में युवा कांग्रेस व एनएसयूआई की रहेगी अहम भूमिका



**रायपुर, 8 अगस्त।** रायपुर दक्षिण विधानसभा उप चुनाव को लेकर युवा कांग्रेस व एनएसयूआई के पदाधिकारी की महत्वपूर्ण बैठक रायपुर दक्षिण विधानसभा में रखी गई इस बैठक में युवा कांग्रेस और एनएसयूआई के दक्षिण विधानसभा के सभी पदाधिकारी को बैठक में बुलाया गया इस बैठक की अध्यक्षता युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा द्वारा एवं प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडेय की उपस्थिति में विधानसभा चुनाव को लेकर विस्तृत रूप से चर्चा की गई इस चर्चा में आने वाले उपचुनाव में युवा कांग्रेस एवं एनएसयूआई की अहम भूमिका रहेगी एवं वार्ड प्रभारी, बूथ प्रभारी को आने वाले समय में चिह्नित करके बनाया जाएगा साथ ही कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी को भारी मतों से जीतने का संकल्प इस बैठक में लिया गया।।

प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा ने कहा की कल हमने युवा कांग्रेस एवं एनएसयूआई के दक्षिण विधानसभा में निवासरत पदाधिकारी को आने वाले उपचुनाव के लिए बैठक बुलाई थी इस बैठक में चुनाव को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा एवं निर्णय लिया गया आने वाले विधानसभा उपचुनाव में युवा कांग्रेस एवं एनएसयूआई के पदाधिकारी की अहम भूमिका रहेगी सभी पदाधिकारी को वार्ड प्रभारी, बूथ प्रभारी चिन्हित कर बनाया जाएगा और युवा वोटरों को वोटर लिस्ट से जोड़कर काम करेंगे और इस विधानसभा के उपचुनाव में कांग्रेस के प्रत्याशी को भारी बहुमत से जीतने का प्रयास करेंगे।

## छत्तीसगढ़ में बीएसएनएल की 5-जी सेवा जल्द ही शुरू होगी

**रायपुर, 8 अगस्त।** रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ में मोबाइल उपभोक्ताओं को नेटवर्क और महंगे रिचार्ज से हो रही परेशानी के मुद्दे को लोकसभा में उठाया।



बृजमोहन अग्रवाल ने संचार मंत्री से छत्तीसगढ़ में बीएसएनएल की 5जी सेवा की स्थिति पर जानकारी मांगी तथा राज्य में बीएसएनएल के उपभोक्ता और टावर्स की संख्या और राज्य में 5जी तकनीकी की वर्तमान स्थिति पर सवाल पूछा। जिसपर संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर ने बताया कि, बीएसएनएल जल्द ही छत्तीसगढ़ में भी 5जी सेवा शुरू करने का योजना बना रहा है इसके लिए एनआईटी, रायपुर और आईआईटी, भिलाई में 5जी यूज केस लैब स्थापित किया गया है। आत्मनिर्भर भारत पहल के अनुरूप बीएसएनएल ने अखिल भारतीय स्तर पर तैनाती के लिए एक लाख स्वदेशी रूप से विकसित 4जी साइटों की खरीदी की है जिनको 5जी में अपग्रेड किया जा सकता है। सितंबर, 2023 से 4जी उपकरणों की आपूर्ति भी शुरु हो गई है। संचार राज्य मंत्री ने यह भी बताया कि, उत्तीसगढ़ में बीएसएनएल के लगभग 19.85 लाख मोवाइल उपभोक्ता और छत्तीसगढ़ में बीएसएनएल के 2, 383 मोबाइल टावर हैं, जबकि उपभोक्ताओं की संख्या लगभग 19.85 लाख है।

# इलाज के नाम पर जेल से बाहर आया कस्टम मिलिंग घोटाले का आरोपी पांच घंटे होटल में करता रहा ऐश

**रायपुर, 8 अगस्त।** कस्टम मिलिंग घोटाले के आरोपी रोशन चंद्राकर को पुलिस ने इलाज के बहाने बाहर निकाली और 5 घंटे तक होटल में रहने दिया। 2 अगस्त को दोपहर 12 से 5 बजे तक रोशन होटल वेनिंगटन में ही रहा। इस दौरान जेल प्रहरी लखन जायसवाल उसके बच्चों को बाहर घुमाता रहा। जेल प्रहरी को सस्पेंड कर दिया गया है।

आरोपी रोशन चंद्राकर जब अपनी पत्नी और बाकी लोगों से होटल में मिल रहा था उस दौरान जेल प्रहरी आरोपी के बच्चों को पंडरी सिटी सेंटर माल ले गया, खुद भी घूमता रहा। उसने वर्दी के ऊपर टीशर्ट पहन कर रखा था।

वहीं इस मामले की जानकारी डीजी जेल को मिलने के बाद उन्होंने रायपुर सेन्ट्रल जेल के अधिकारियों को फ्टकार लगाई है और आरोपी को जेल से बाहर ले जाने वाले जेल प्रहरी लखन जैसवाल को सस्पेंड कर है। डीजी



जेल राजेश मिश्रा ने प्रदेश के सभी जेल अधीक्षकों को निर्देश दिया है कि इस तरह के मामले पर तत्काल कार्रवाई करें।

रायपुर जेल में बंद कोयला घोटाला, शराब घोटाला, महादेव ऐप से सट्टा खिलाने वाले आरोपियों और रसूखदार कैदियों को वीआईपी ट्रीटमेंट मिलने का आरोप पहले भी लग चुका है। वीआईपी ट्रीटमेंट के नाम पर इन घोटालेबाजों और आरोपियों को शराब, सिगरेट से लेकर फ्रिज, टीवी और माइक्रोवेव की सुविधा मिलने की बात सामने आई थी। जेल में बंदियों को मिलने वाली वीआईपी सुविधा की जानकारी दैनिक भास्कर को जेल से छूटे एक कैदी राकेश सिंह बैस ने दी थी। बैस ने बताया, कि वीआईपी कैदियों को सुविधा देने के एवज में जेल स्टाफ पैसे लेता है। इस सिंडिकेट में जेल प्रबंधन के अलावा जेल में पदस्थ अस्पताल प्रबंधन के सदस्य भी शामिल हैं। जेल में पैसे कमाने के चक्कर में आम बंदियों को प्रताड़ित करने और मारपीट करने का आरोप भी इस पूर्व कैदी ने जेल स्टाफ पर लगाया था।

ईडी की जांच में ये पाया गया कि, तत्कालीन जिला मार्केटिंग ऑफिसर प्रीतिका पूजा केरकेट्टा को मनोज सोनी ने रोशन चंद्राकर के माध्यम से निर्देश दिया था। इसमें कहा गया था कि उन्हीं राइस मिलर्स के बिल का भुगतान किया जाना है, जिन्होंने वसूली की राशि रोशन चंद्राकर को दे दी है। किन राइस मिलर्स को भुगतान किया जाना है, इसकी जानकारी संबंधित जिले के राइस मिलर्स एसोसिएशन के जरिए मिलती थी। रोशन चंद्राकर जिन मिलर्स की जानकारी प्रीतिका को देता थे, उनका भुगतान कर बाकी मिलर्स की राशि रोक दी जाती थी। कस्टम मिलिंग मामले में हुई भ्रष्टाचार की जांच और मनोज सोनी की गिरफ्तारी के बाद प्रवर्तन निदेशालय ने राइस मिलर्स को समंस जारी किया है। वहीं, एसोसिएशन से जुड़े कई लोगों ने श्रष्ठ दफ्तर पहुंच कर अपने बयान दर्ज करा चुके है।

### फैक्ट्री प्रबंधक पर जुर्म दर्ज

**रायपुर, 8 अगस्त।** उरला स्थित रायपुर 4जी कंपनी में काम करने के दौरान एक मजदूर की क्रेन से टकराकर मौत हो गई। मामले में पुलिस ने कंपनी प्रबंधक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक गौतम पांडे 55 वर्ष आजाद चौक बीरगांव का रहने वाला था। मृतक उरला के रायपुर 4जी कंपनी में काम करता था। बताया जाता है कि 3 अगस्त को काम करने के दौरान गौतम क्रेन से टकरा गया। जिससे उसकी मौत हो गई।

### पार्किंग में खड़ी मोपेड पार

**रायपुर, 8 अगस्त।** तेलघानी नाका चौक स्थित कमला सुपर मार्केट पार्किंग के पास खड़ी मेस्ट्रो मोपेड को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर गंज थाना पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया मिनाक्षी राव 39 वर्ष विकाश नगर गुढ़ियारी की रहने वाली है।

# स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर अब आसानी से उतर पाएंगे बड़े विमान

**रायपुर, 8 अगस्त।** रायपुर स्थित स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से अब लंबे-चौड़े विमान भी आसानी से उतर पाएंगे, और उड़ान भर पाएंगे. इन विमानों के परिचालन के लिहाज से रनवे का 966 मीटर लंबाई वाला विस्तारित हिस्सा चालू हो गया है. यही नहीं रनवे की पूरी लंबाई के लिए ष्ट्रञ्ज ढ्ढ्ढ लाइटें भी आज से चालू कर दी गई हैं.

स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट के रनवे की लंबाई 2284 मीटर थी, जिसे बढ़ाकर 3250 मीटर किया गया है, जिससे आज से परिचालन शुरू हो गया है. विस्तारित रनवे और सीएटी ढ्ढ्ढ लाइटों के लिए पहले ही सभी नियामक आवश्यकताओं का अनुपालन किया जा चुका है, जिसमें नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) और नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) से विभिन्न अनुमोदन शामिल हैं.



इस कमीशनिंग में रायपुर एयरपोर्ट की टीम ने असाधारण प्रयास किए हैं. विशेष रूप से 7 अगस्त को मौजूदा रनवे में परिचालन बंद होने के बाद इंजीनियरों और अन्य अधिकारियों की टीम ने पूरी रात काम किया है. बारिश में भी काम जारी रहा और 8 अगस्त की सुबह पूरा हुआ. बारिश के कारण एयरपोर्ट पर परिचालन में एक घंटे की देरी हुई. सुचारु परिवर्तन और बेहतर समन्वय के लिए इंडिगो एयरलाइंस के निदेशक (संचालन) एसपीएस नारली को विशेष रूप से नई दिल्ली से नियुक्त किया गया था. एयरपोर्ट निदेशक अपनी टीम के साथ, नियंत्रण टॉवर में उपलब्ध, पूरे संक्रमण की निगरानी की. पूरा प्रोजेक्ट एयरपोर्ट निदेशक डॉ. एसडी शर्मा के नेतृत्व में पूरा हुआ. दिल्ली से इंडिगो एयरलाइन की पहली फ्लाइट 6श्व 2062 सुबह 09.01 बजे सफ्लतापूर्वक लैंड हुई. पहली उड़ान का स्वागत दो क्रैश फायर टेंडरों द्वारा वाटर कैनन सैल्यूट के साथ किया गया. दिल्ली, गोवा, कोलकाता, हैदराबाद, मुंबई और उत्केला से आने वाली इंडिगो, विस्तारा और इंडिया वन एयर की कुल 8 उड़ानें आरडब्ल्यूवाई की पूरी लंबाई में 1200 बजे तक सफ्लतापूर्वक उतारी गई हैं.

### शासकीय उचित मूल्य की दुकान से हजारों रुपए के सामान पार

**रायपुर, 8 अगस्त।** इंदिरा चौक शासकीय उचित मूल्य की दुकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने 48 कट्टा चावल बोरी और 6 कट्टा शक्कर की बोरी पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर आरंग पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया राजेश्वरी साहू 37 वर्ष आरंग की रहने वाली है। प्रार्थिया ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने इंदिरा चौक स्थित शासकीय उचित मूल्य की दुकान का ताला तोड़कर 8 कट्टा चावल बोरी और 6 कट्टा शक्कर की बोरी पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 35 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थिया की शिकायत पर आरंग पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

# बैज दिल्ली से लौटे, कांग्रेस संगठन में फेरबदल की चर्चा

■ मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 8 अगस्त।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज दिल्ली से लौट आए हैं इसके साथ ही अब संगठन में फेरबदल की कवायद तेज हो गई है।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव में करारी हार मिलने के बाद नई दिल्ली में महामंत्री एवं सांसद केसी वेणुगोपाल, छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट से मिले। बैज ने प्रदेश की राजनीतिक गतिविधियों एवं कांग्रेस संगठन द्वारा साय सरकार की जनविरोधी नीतियों के बारे में जानकारी दी है। दीपक बैज के आने के बाद अब संगठन में व्यापक फेरबदल होने की संभावना बढ़ गई है। संगठन सूत्रों के अनुसार प्रदेश के 12 जिला अध्यक्षों को हटाया जाएगा। इनमें रायपुर, बिलासपुर तथा रायगढ़ प्रमुख हैं। संगठन में कार्यरत मंत्रियों को भी बदला जाएगा। राजनीतिक एवं सामाजिक समीकरण के आधार पर संगठन में बदलाव किया जाएगा। नए प्रदेश अध्यक्ष की भी तलाश चल रही है लेकिन दीपक बैज आदिवासी नेता हैं इसलिए उन्हें हटाए जाने की संभावना कम है। राज्य में इस समय कांग्रेस के विधायकों के परफॉर्मेंस को भी देखा जा रहा है। कई महिला विधायकों के परफॉर्मेंस को देखते हुए उन्हें संगठन में महत्वपूर्ण पद दिया जा सकता है। नेता प्रतिपक्ष के निर्देश पर भी कोरबा, पेंड्रारोड, मनेन्द्रगढ़ आदि जिलों में भी महत्वपूर्ण बदलाव किए जा सकते हैं। लोकसभा चुनाव में सिर्फ ज्योत्सना महंत ही चुनाव जीत पाई है इसलिए उन्हें महत्व दिया जाएगा। बस्तर में भी संगठन में महत्वपूर्ण परिवर्तन किया जाएगा।

# हाईकोर्ट ने राजधानी के अस्पताल को जारी किया नोटिस

**रायपुर, 8 अगस्त।** जगदलपुर के बड़े बचेली निवासी अशोक सिंह और उनकी पत्नी ने राजधानी रायपुर के पहलाजानी टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर में बच्चा बदलने का आरोप लगाते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर कर एकसाथ दो मांग की है। धोखेबाजी में शामिल दो डॉक्टरों के खिलाफकार्रवाई करने और जिगर के टुकड़े को वापस दिलाने की गुहार लगाई है।

माँ-पिता की याचिका पर चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस रविन्द्र अग्रवाल की डीविजन बेंच में सुनवाई हुई। मामले की गम्भीरता को देखते हुये चीफजस्टिस ने दो डाक्टरों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

याचिका में बताया है कि वे दो साल से इस सेंटर में इलाज करा रही थी। जुड़वा बच्चे हुए, जिसमें एक बेटा और एक बेटी थी। लेकिन बाद में दो बच्चियां रख दी गई। शिकायत पर अस्पताल प्रबंधन ने सुनवाई नहीं की तो डीएनए टेस्ट करवाया गया, जिसमें एक बच्ची का डीएनए मैच नहीं हुआ। प्रारंभिक सुनवाई के बाद चीफजस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रवींद्र कुमार अग्रवाल की बेंच ने पहजलानी टेस्ट ट्यूब सेंटर के दो डॉक्टरों को नोटिस जारी किया है।




### ये है पूरा मामला

जगदलपुर के बड़े बचेली निवासी अशोक सिंह की दो बेटियां हैं। कुछ साल पहले बेटे की मौत हो गई थी। पत्नी उषा सिंह के कहने पर रायपुर के पहजलानी टेस्ट ट्यूब सेंटर में 27 अक्टूबर 2022 को आईवीएफतकनीक के जरिए ट्रीटमेंट शुरू कराया। 6 सप्ताह बाद 8 दिसंबर 2022 को गर्भपात हो गया। वजह शारीरिक कमजोरी बताई गई। हॉस्पिटल प्रबंधन ने दूसरी बार फिर से 24 अप्रैल 2023 को प्रक्रिया शुरू की। इसके वे नियमित जांच कराने आते रहे। दिसंबर 2023 में पत्नी की तबीयत बिगड़ने पर रायपुर पहुंचे और सेंटर में भर्ती कराया। उषा सिंह को डॉक्टर ऑपरेशन थिएटर ले गए। कुछ समय बाद जब उसे बाहर निकाला गया तो पत्नी को बताया गया कि एक बेटा और एक बेटी हुई है। इसके कुछ समय बाद अस्पताल स्टाफने मां को जुड़वां बच्ची लाकर सौंपी।

सिंह ने एक बेटा होने के बारे में पूछा तो अस्पताल स्टाफने साफइनकार दिया। शक हुआ तो सिंह ने डीएनए टेस्ट कराया। निजी लैब से संपर्क किया। उनकी वैन पहलाजानी टेस्ट ट्यूब सेंटर परिसर आई। वे बच्चों को लेकर नीचे गए और वैन में ही दोनों बच्चियों का सैंपल लिया। एक बच्ची की रिपोर्ट 90त्न मैच हुई। जबकि दूसरे की मैचिंग जीरो थी।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26